राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 20, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली सोमवार 07 अगस्त 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दिल्ली में हर दिन 159 मेगावाट बिजली का वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से उत्पादन करेगा निगम .... पेज 03

भदोही : गंगा का जलस्तर बढ़ने से किनारे बसे गांवों के लोगों की बढ़ी परेशानी .... पेज 05

फीफा महिला विश्व कप : स्वीडन ने गत चैंपियन अमेरिका को बाहर किया .... पेज 07

## हथौड़ा मारकर बहन के लिव इन पार्टनर की हत्या

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो भाइयों ने एक दोस्त के साथ मिलकर अपनी बहन के लिव-इन पार्टनर की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद दोनों भाइयों ने लाश को नदी में फेंक दिया।

पुलिस नदी में लाश की तलाश कर रही है। कल्याण पुलिस ने शनिवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतक शहबाज शेख आरोपियों की बहन मुमताज के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहता था। मुमताज का चार साल पहले तलाक हो चुका है। शहबाज और मुमताज के बीच में अक्सर झगड़े होते थे। जिससे उससे भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिलकर शहबाज को सबक सिखाने का फैसला किया।

सबक सिखाने के इरादे से मुमताज के दोनों भाई शोएब शेख, इरशाद शेख और उनका दोस्त हेमंत बिचवड़े शहबाज को रिक्शे में बैठाकर एक सूनसान जगह ले गए, जहां पर उन्होंने शहबाज के साथ मारपीट की और उसके सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## दिल्ली सेवा विधेयक आज राज्यसभा में होगा पेश

नई दिल्ली। सरकार सोमवार को दिल्ली सेवा विधेयक को राज्यसभा में चर्चा और पारित कराने के लिए लेकर आएगी। दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों और पोस्टिंग पर अध्यादेश को कानून का रूप देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 विपक्षी दलों के बहिर्गमन के बीच गुरुवार को लोकसभा द्वारा पारित कर दिया गया था।

### सोमवार को राज्यसभा में आएगा विधेयक

सूत्रों के अनुसार दिल्ली सेवा विधेयक सोमवार को राज्यसभा में आएगा।



विधेयक पर चर्चा के समापन के बाद उसी दिन शाम को विधेयक को पारित करने के लिए मतदान होगा। सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सुप्रीम कोर्ट के वकील अभिषेक मनु सिंघवी विपक्ष की ओर से बहस शुरू कर सकते हैं। सिंघवी ने प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में भी दिल्ली सरकार का प्रतिनिधित्व किया था।

### चर्चा के बाद पारित कराने के लिए होगा मतदान

### विपक्षी नेताओं ने की पीयूष गोयल से मुलाकात

मणिपुर मुद्दे पर संसद में चल रहे गतिरोध को खत्म करने और इस पर चर्चा कराने के लिए विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के कुछ नेताओं ने शुक्रवार को राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की थी। बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल के निलंबन को रद करने की मांग की और उन्हें संकेत दिया गया कि उनके मामले में सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है।

### मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार

सूत्रों ने कहा कि हालांकि आप सांसद संजय सिंह का निलंबन रद होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए तैयार है लेकिन यह राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर निर्भर करता है कि वह किस नियम के तहत सदन में चर्चा कराएंगे।

# पीएम ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना लॉन्च की

### देश के 1309 स्टेशनों को री-डेवलप किया जाएगा, पहले फेज में 508 स्टेशन शामिल



एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना को वर्चुअली लॉन्च किया। इसके तहत देशभर के 1309 रेलवे स्टेशनों को री-डेवलप किया जाएगा। पहले फेज में 508 स्टेशनों को शामिल किया गया है। ये 508 स्टेशन देश के 27 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में हैं।

पहले चरण में उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, मध्य प्रदेश में 34, पश्चिम बंगाल में 37, असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22 और गुजरात-तेलंगाना में 21-21 स्टेशनों को विकसित किया जाएगा।

इसके अलावा झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश-तमिलनाडु में 18-18 स्टेशन, हरियाणा में 15 और कर्नाटक में 13 स्टेशनों को री-डेवलप किया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश के सबसे ज्यादा 156 स्टेशन योजना में शामिल

योजना के तहत डेवलप किए जाने वाले कुल 1309 स्टेशनों में उत्तर प्रदेश के 156, मध्य प्रदेश के 80, हरियाणा के 40, आंध्र प्रदेश के 72, असम के 50, बिहार के 92, छत्तीसगढ़ के 32, दिल्ली के 13, गुजरात के 87 और झारखंड के 57 स्टेशन शामिल किए गए हैं। इसके अलावा कर्नाटक के 56, केरल के 35, महाराष्ट्र के 126, ओडिशा के 57, पंजाब के 30, राजस्थान के 83, तमिलनाडु के 75, तेलंगाना के 40, जम्मू-कश्मीर के 4, उत्तराखंड के 11 और बंगाल से 98 स्टेशन शामिल हैं।

इसमें कुल 24,470 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### विपक्ष न काम करता है, न करने देता है : पीएम

कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा- हमारे देश में विपक्ष का एक धड़ा न काम करता है, न काम करने देता है। हमने संसद की नई बिल्डिंग बनाई, कर्तव्य पथ बनाया और नेशनल वॉर मेमोरियल बनाया तो हर बार विपक्ष ने इसका विरोध किया।

हमने दुनिया की सबसे ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाई। कुछ पार्टियां चुनाव के समय तो सरदार पटेल को याद करती हैं, लेकिन उनके कोई भी बड़े नेता सरदार पटेल की प्रतिमा को नमन करने नहीं गए।

पीएम का दावा- सालभर में ऑस्ट्रेलिया के टोटल रेल नेटवर्क से ज्यादा ट्रैक बिछाया पीएम ने दावा किया कि साउथ कोरिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में जितना टोटल रेलवे ट्रैक है, उससे अधिक रेलवे ट्रैक भारत में पिछले एक साल में बिछाया गया है।

## कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम , एक आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के पास रविवार को घुसपैठ की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंगधार सेक्टर के अमरोही इलाके में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने कहा, घनी झाड़ियों और ऊबड़-खाबड़ इलाके का फायदा उठाकर मारे गए आतंकवादी के साथ आए दो से तीन अन्य आतंकवादी वापस पाकिस्तान की ओर भाग गए। पुलिस ने एक बयान में कहा कि रविवार तड़के, घुसपैठ के संभावित प्रयासों के बारे में एक सूचना के आधार पर, जीरो लाइन एलओसी के पास तंगधार सेक्टर कुपवाड़ा के दखेन अमरोही इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना द्वारा एक संयुक्त घेरा और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। पुलिस ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान, आतंकवादियों की आवाजाही देखी गई, जो घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, उन्हें संयुक्त दल द्वारा चुनौती दी गई, जिसमें एक आतंकवादी मार गया।

## ज्ञानवापी की गुंबद में एएसआई को मिलीं कई डिजाइनें

### मंदिर शैली के 20 से ज्यादा आले भी मिले

वाराणसी। ज्ञानवापी में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का चौथे दिन का सर्वे पूरा हो गया। चौथे दिन एएसआई टीम को गुंबदों के सर्वे के दौरान गोलाकार छत में कई डिजाइनें मिली हैं। हॉल में ही तीनों गुंबद सीलिंग में टीम को कई डिजाइनें दिखीं। इनकी एक-एक करके फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई गई। इस हॉल में अब तक मंदिरों में दिखने वाले 20 से अधिक आले भी दिखे हैं। आलों की संरचना और उनके आसपास उभरे चिह्नों की 3-डी मैपिंग भी हुई। हिंदू पक्ष ने कहा कि हम आगे बढ़ रहे हैं। गुंबद के पूरे सर्वे में अभी समय लगेगा, मगर सीलिंग की डिजाइन ने हमारा उत्साह बढ़ा दिया है। एएसआई ने रविवार सुबह सबसे पहले मुस्लिम पक्ष से चाबी लेकर व्यास तहखाने का ताला खुलवाया। सफाई करवाई और एग्जॉस्ट लगवाए।

## नूंह हिंसा में आप नेता पर एफआईआर दर्ज

नूंह। हरियाणा के नूंह में हिंसा के दौरान जिस सहारा होटल से पत्थरबाजी की गई थी, प्रशासन ने उसे गिरा दिया है। रविवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा में इस होटल पर बुलडोजर चलाकर पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया।

रविवार को लगातार तीसरे दिन नूंह में अवैध निर्माण हटाए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन का कहना है कि ये सब 31 जुलाई की हिंसा में शामिल दंगाइयों के हैं या इनका दंगा फैलाने में इस्तेमाल हुआ।

वहीं, नूंह हिंसा के दौरान गुरुग्राम के प्रदीप शर्मा की मौत के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेता जावेद अहमद समेत 150 लोगों पर हत्या की एफआईआर दर्ज की है। यह केस गुरुग्राम के सोहना में दर्ज कराया गया है। हालांकि जावेद का कहना है कि ये केस गलत है, वे उस दिन इलाके में थे ही नहीं।

### बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या का आरोप

### आप नेता जावेद ने कहा- इन्हें मार दो, बाकी मैं संभाल लूंगा

जावेद पर दर्ज एफआईआर में पवन ने बताया- 31 जुलाई की रात 10.30 बजे हम कार में नूंह से सोहना जा रहे थे। बीच में नूंह पुलिस ने मदद करते हुए हमें केएमपी हाईवे तक छोड़ा। हमें कहा कि आगे रास्ता साफ है, निकल जाओ।

हम निरंकारी कॉलेज के पास पहुंचे तो वहां 150 लोग खड़े थे। उनके हाथ में पत्थर, लोहे की राड और पिस्टल थे। वहां जावेद भी था।

उसके कहने पर उग्र भीड़ ने हम पर हमला कर दिया। हमारी कार पर पत्थर मारे। जिससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई।

मैं कार से नीचे उतरा तो जावेद ने कहा कि इन्हें मार दो। जो होगा, मैं संभाल लूंगा। ये सुनकर 20-25 लोगों ने हम पर अटैक कर दिया। उन्होंने प्रदीप और गनपत को पीटना शुरू कर दिया। मेरे सामने प्रदीप के सिर पर लोहे की राड मारी। जिससे वह नीचे गिर पड़ा।

गोलियां चलनी शुरू हुईं तो पुलिस वहां आ गई। वे मुझे व गनपत को भीड़ से निकाल ले गए और प्रदीप को भीड़ सरिये से मारती रही। उसे नाजुक हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

## मणिपुर में केपीए ने सरकार से समर्थन वापस लिया

### 60 सदस्यों वाली विधानसभा में पार्टी के 2 विधायक, बहुमत पर असर नहीं


एजेंसी

इंफाल। मणिपुर में एनडीए की सहयोगी कुकी पीपुल्स अलायंस ने राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार से रविवार (6 अगस्त) को समर्थन वापस ले लिया। केपीए के राज्य में दो विधायक हैं। हालांकि, इससे सरकार के बहुमत पर कोई असर नहीं होगा। 60 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं।

केपीए जनरल सेक्रेटरी हानसिंह ने बताया कि मणिपुर के हालातों को देखते हुए हमने बीरेन सिंह सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। हमने गर्वनर को लेटर लिख दिया है। हम भाजपा सरकार को बाहर से समर्थन कर रहे थे। हम सरकार का हिस्सा नहीं थे। अब हम खुद को मणिपुर से एसोसिएट नहीं करते, हम अलग हैं।

### मणिपुर में सेंट्रल फोर्स की 10 और कंपनियां तैनात करने का फैसला

वहीं, राज्य में कुकी-मैतेई समुदाय के बीच हिंसा रोकने के लिए केंद्र सरकार ने सेंट्रल फोर्स की 10 और कंपनियां तैनात करने का फैसला लिया है। सीआरपीएफ की 5, बीएसएफ की 3, आईटीबीपी और एसएसबी की एक-



एक अतिरिक्त कंपनी तैनात करने का आदेश जारी किया गया। सरकार ने यह फैसला 3 अगस्त को भीड़ की तरफ से सेना के हथियार लूटने के बाद लिया।

### मणिपुर में 114 कंपनियां तैनात

3 अगस्त को भीड़ ने मोइरंग और नारानसेना थाने पर हमला कर 685 हथियार और लगभग 20 हजार से ज्यादा कारतूस लूट लिए थे। लूटे गए हथियारों में एके-47, इंसास राइफल्स, हैंड गन, मोर्टार, कार्बाइन, हैंडग्रेनेड और बम शामिल हैं।

पुलिस कंट्रोल रूम ने शनिवार को बताया कि राज्य में सिर्फ घाटी के पुलिस स्टेशन से नहीं, बल्कि पहाड़ी जिलों से भी लूटे गए थे।

सुरक्षा बल इन हथियारों को रिकवर करने के लिए लगातार पहाड़ी और घाटी इलाकों में तलाशी कर रहे हैं। अब तक पहाड़ी जिलों से 138 हथियार और 121 गोला-बारूद बरामद हुए हैं। जबकि घाटी के जिलों से 1057 हथियार और 14,201 गोला-बारूद बरामद हुए हैं। मणिपुर में फिलहाल 114 कंपनियां तैनात हैं, जिनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 52 कंपनियां, रैपिड एक्शन फोर्स की 10, बीएसएफ की 43, इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस की 4 और सशस्त्र सीमा बल (स्स्ब) की 5 कंपनियां तैनात हैं। इसके अलावा आर्मी और असम राइफल्स के के 70 कॉलम की भी मणिपुर में तैनाती की गई है। एक कॉलम में 50-70 जवान होते हैं।

## मोदी ने 10 साल में तोड़ने की नकारात्मक राजनीति की : खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने पिछले 10 साल के दौरान सिर्फ नकारात्मक राजनीति की है और उन्होंने इस दौरान जो कुछ कह उससे समाज में कटुता पैदा हुई है।

खड़गे ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी, पिछले 10 सालों से आपने केवल तोड़ने की नकारात्मक राजनीति की है। आपकी वाणी से अब 'इंडिया' के लिए भी कटु शब्द निकल रहें हैं। पिछले तीन महीने से मणिपुर हिंसा को आप क़ाबू नहीं कर पाए हैं। आपकी विभाजनकारी राजनीति ने समुदायों को




आपस में ऐसे लड़वाया है कि वहाँ गृह युद्ध जैसे हालात हो गए हैं। अब तक क़रीब 150 से ज़्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

हरियाणा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हरियाणा में जो हो रहा है वो पूरा देश देख रहा है। जहां दशकों से दंगा नहीं हुआ, वहाँ आपकी सरकार और आपके संघ परिवार के लोग भाई को भाई से लड़वा रहें है। कट्टरपंथी दोषी समाज के शत्रु हैं, चाहे वो किसी भी धर्म के हो।

उन्होंने कहा, आपने पिछले 10 वर्षों में देश को सिर्फ़ बेरोज़गारी, महंगाई, आर्थिक असमानता, ग़रीबी, महिला असुरक्षा, दलित उत्पीड़न और सामाजिक अन्याय दिया है। इन सबको समाप्त करने की ज़रूरत है। आपकी सरकार के लिए यह असंभव लगता है। जनता में निराशा है। समस्याओं का निराकरण करने के बजाय प्रधानमंत्री जी रोज़ अपने लिए एक नये उद्घाटन का प्रोग्राम ढूँढते हैं।

## बीएसफ ने 1.10 करोड़ के सोने के बिस्कुट पकड़े

### पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाइक से ला रहा था तस्कर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बीएसएफ के जवानों ने रविवार को सोने के 15 बिस्कुटों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बिस्कुटों का कुल वजन 1831.95 ग्राम है। इंटरनेशनल मार्केट में इनकी कीमत करीब एक करोड़ दस लाख रुपए है।

बीएसएफ के अनुसार खुफिया विभाग से जवानों सूचना मिली थी कि उनके इलाके से सोने कि तस्करी होने वाली है। सूचना के आधार पर जवानों ने फिरोजपुर गांव की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति को बाइक चलाकर आते हुए देखा। बोयराघाट सीमा चौकी पर जवानों ने उसे रोका। उससे सोने कि तस्करी के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वह घबरा गया और और



उसने अपनी मोटरसाइकिल के निचले हिस्से (चैन कवर के पास बनी कैविटी) में सोना छुपाने की बात स्वीकार की। बीएसएफ के जवानों ने तस्कर को मौके पर ही उसे अरेस्ट कर लिया। सीमा चौकी में आकर जवानों ने बाइक के उक्त पार्ट्स को खोला जहां तस्कर ने सोना छुपा रखा था। उसके बाद तस्कर को भेद खुल गया और सोना सामने आ गया। बाइक के पुर्जे खोलने पर जवानों को सोने के 15 बिस्किट मिले। तस्कर इन सभी बिस्किटों को बांग्लादेश से भारत ला रहा था। पकड़े गए तस्कर की पहचान जयरूल शेख, पिता आमिर हुसैन, गांव फिरोजपुर, जिला मुर्शिदाबाद के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि उसने 4 अगस्त को फिरोजपुर गांव के बाबू शेख (28 साल) से ये सोना प्राप्त किया था। इसके बाद, बाबु शेख के बताए बीएसएफ के ड्यूटी पॉइंट को पार करके यह सोना वह सैयदापुर बाजार में एक अज्ञात व्यक्ति को सौंपने वाला था। उसने बताया कि सोने की सफलतापूर्वक डिलीवरी होने पर उसे बाबू शेख से 30 हजार रुपए मिलने थे। उसने आगे बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है।

**सख्त कार्रवाई**

### कारोबारी को किडनैप कर लूटा; 75 लाख रुपए बरामद, नवीन फोगाट दूसरी बार नौकरी से बर्खास्त

## चंडीगढ़ पुलिस के सब-इंस्पेक्टर ने लूटे 1 करोड़, हुआ बर्खास्त

चंडीगढ़। चंडीगढ़ पुलिस के सब-इंस्पेक्टर और उसके साथी पुलिसकर्मियों द्वारा कारोबारी से एक करोड़ रुपए लूट के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी सब-इंस्पेक्टर नवीन फोगाट को दूसरी बार नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। रविवार को चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले में 75 लाख रुपए की बरामदगी कर ली गई है लेकिन कोई आरोपी फिलहाल गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुटी है।

इस मामले में 4 अगस्त- शुक्रवार- की देर रात चंडीगढ़ के सेक्टर 39 के थाने में स्ढ्ढ नवीन फोगाट के साथ-साथ तीन अज्ञात पुलिसकर्मियों, इमिग्रेशन कंपनी के सर्वेश कौशल, गिल और जितेंद्र नामक शख्स के खिलाफ केस दर्ज किया गया। मामले में कुछ पुलिस अफसरों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। मामले का खुलासा रविवार को हुआ।

### एडिशनल एसएचओ की जिम्मेदारी पर था एसआई नवीन

यह मामला सेक्टर-39 पुलिस थाने से जुड़ा है, जहां के एडिशनल एसएचओ की जिम्मेदारी नवीन फोगाट संभाल



रहा था। नवीन और उसके साथी पुलिसकर्मियों पर सुनियोजित तरीके से वारदात करने के आरोप हैं। नवीन फोगाट को पहले भी एक मॉडल से रेप करने के केस में नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। हाल में वह बहाली हुआ था।

### थाने से फरार हुआ एसआई


आरोपी एसआई नवीन फोगाट और अन्य पुलिसकर्मियों पर शुक्रवार देर रात सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कर लिया गया था। मामले में नामजद होने के बावजूद नवीन फोगाट पुलिस अधिकारियों के सामने ही थाने से फरार हो गया। अब पुलिस वारदात में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों की पहचान में जुटी है। उधर सेक्टर-39 थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर नरिंदर पटियाल का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। एसएसपी की सुपरविजन में डीसीपी चरणजीत सिंह ही मामले की जांच कर रहे हैं।

### जान से मारने की धमकी देकर लूट

आरोपी एसआई नवीन फोगाट और उसके साथी पुलिसकर्मियों ने बठिंडा के कारोबारी संजय गोयल से 2-2 हजार रुपए के नोट बदलने के नाम पर एक करोड़ रुपए की लूट की। पुलिसवाले संजय गोयल को किडनैप कर सुनसान जगह ले गए और फिर एनकाउंटर व ड्रग के केस में फंसाकर जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी।

## मोदी ने रेलवे के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को दी विश्वस्तरीय विकास की सौगातें : शर्मा

मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के क्षेत्र में मध्यप्रदेश को विश्वस्तरीय विकास की सौगातें दी हैं। शर्मा ने यह बात यहां आयोजित प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अमृत भारत योजना के तहत प्रदेश के 34 रेलवे स्टेशनों के विश्वस्तरीय विकास के वर्चुअली शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मोदी के कुशल नेतृत्व देश और प्रदेश हर क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिख रहा है।



नई दिल्ली
सोमवार 07 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## कालका शिमला एनएच 5 बंद होने से टोल शुल्क अस्थायी रूप से निलंबित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चक्की मोड़ के पास भूस्खलन के बाद एनएच-5, कालका शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से इस मार्ग पर टोल टैक्स की वसूली अस्थायी रूप से रोक दी गई है। सड़क बंद होने के चार दिन बाद आखिरकार सोलन जिला प्रशासन ने यहां टोल टैक्स वसूली बंद करने की बढ़ती मांग पर प्रतिक्रिया दी है। उल्लेखनीय है कि बाढ़ के कारण राजमार्ग बंद होने के बाद से विभिन्न सार्वजनिक मंचों पर टोल शुल्क निलंबित करने की जोरदार मांग उठ रही है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा, जो जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख भी हैं, के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाया है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 34 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए। उपायुक्त ने अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना एनएच-5 के बहाल होने तक टोल प्लाजा सनवारा को तत्काल बंद करने का निर्देश देती है, जो जनता के व्यापक हित में उठाया गया कदम है। गौरतलब है कि क्षेत्र में भारी बारिश ने एनएच-5 पर कहर बरपाया है, जिससे सोलन और परवाणु के बीच कई बिंदुओं पर काफी क्षति हुई है। विशेष रूप से, दो अगस्त, 2023 से तहसील कसौली के अंतर्गत कोटी में पूर्ण अवरोध के कारण राजमार्ग अगम्य हो गया है।

## केदारनाथ यात्रा: 1,64,431 श्रद्धालुओं को मिला चिकित्सा सुविधाओं का लाभ

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड स्थित भगवान शंकर के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम की यात्रा पर रविवार तक पहुंचे कुल 1,64,,431 श्रद्धालुओं को विभिन्न चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने आज बताया कि श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं में यदि किसी का स्वास्थ्य खराब हो जाता है तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार किया जा रहा है। जिसके लिए यात्रा मार्ग से धाम तक चिकित्सकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों द्वारा ओपीडी के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि आज आकस्मिक एवं ओपीडी सहित 608 ( केवल ओ0पी0डी0 548 ) श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया गया। जिसमें (ओ0पी0डी0 में 411 पुरुष तथा 137 महिलाएं ) शामिल हैं। डा मर्तोलिया ने बताया कि अब तक ओपीडी एवं आकस्मिक सुविधाओं का कुल 1,64,,431 लोगों तथा केवल ओपीडी के माध्यम से 1,45,033 श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया है। जिसमें 1,12,735 पुरुष तथा 32,298 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आज 33 यात्रियों को ऑक्सीजन उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 5,5 86 यात्रियों को ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

## धौलपुर लिफ्ट परियोजना के लिए 177.04 करोड़ रुपए स्वीकृत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धौलपुर लिफ्ट परियोजना के लिए 177.04 करोड़ रुपए के वित्तीय एवं सवाईमाधोपुर जिले में गंगापुरसिटी में अधिशाषी अभियंता एवं सिद्धमुख में सहायक अभियंता कार्यालय खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से धौलपुर कम्यूनिटी लिफ्ट इरिगेशन स्कीम के अंतर्गत धौलपुर, राजाखेड़ा एवं सेपऊ के 28,800 हेक्टेयर नहरी क्षेत्र को सूक्ष्म सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे लगभग 15 हजार किसान लाभान्वित होंगे। इस परियोजना से धौलपुर जिले में जलस्तर में वृद्धि होगी। किसानों को सिंचाई के लिए लम्बे समय तक पर्याप्त जल मिलेगा। इससे वर्षभर खेती कर सकेंगे और उनकी आय भी बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी। बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत दरोबड़िया के कुकड़ीपाड़ा टैक में सोलर आधारित सिंचाई परियोजना पर कार्य होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने 6.80 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। गंगापुरसिटी में अधिशाषी अभियंता कार्यालय एवं चूरू जिले के सिद्धमुख में सहायक अभियंता कार्यालय खुलेगा।

## बीसवें दिन धरने पर बैठे नर्सिंग छात्र

**जयपुर।** राजस्थान में चल रहे नर्सिंग कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन धरने के 20वें दिन रविवार को जयपुर में नर्सिंग छात्रों ने सवाई मानसिंह चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया। राजस्थान नर्सिंग संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रदेश में अनिश्चितकालीन धरने के तहत राजस्थान स्टूडेंट नर्सेज एसोसिएशन से जुड़े नर्सिंग छात्रों ने अपने स्टाइपेन्ड में वर्तमान परिपेक्ष के अनुरुप वृद्धि को लेकर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी , प्रदेश सलाहकार आशीष शर्मा, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग छात्र संघ के उपाध्यक्ष प्रियंका जांगिड़ महासचिव सैयदा इरम के नेतृत्व मे एक दिन का धरना दिया। संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह शेखावत, प्यारेलाल चौधरी, राजेन्द्र सिंह राना, पुरुषोत्तम कुंभज ने बताया कि राजस्थान में नर्सिंग शिक्षा की दुर्गति का आलम यह है कि वर्तमान में चल रहे 38 नर्सिंग कॉलेजों में से 37 नर्सिंग कॉलेजों में तो एक भी स्थाई नर्सिंग शिक्षक कार्यरत नहीं है । सरकार जोड तोड़ कर डेपुटेशन पर उच्च योग्यता धारी नर्सिंग कार्मिकों को लगा रही है। मानव जीवन से जुड़े इस नर्सिंग प्रशिक्षण में भविष्य में लोगो के जीवन रक्षक सेवाओं को देने वाले इन प्रशिक्षणार्थियों को किस प्रकार से उच्च गुणवत्ता युक्त नर्सिंग शिक्षा मिल पाएगी सरकार की इस मंशा पर प्रश्नवाचक चिह्न लगता है।

## मिश्र ने राजस्थान में तीन विश्वविद्यालयों में नियुक्त किए कुलपति

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर, गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाड़ा और महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में कुलपति नियुक्त किए हैं। मिश्र ने विश्वविद्यालयों की कुलपति खोजबीन समिति की सिफारिश पर राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्तियां की हैं। राज्यपाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय), लखनऊ की प्रोफेसर एवं डीन होम साइंस विभाग डॉ. सुनीता मिश्रा को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर , जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर केशव सिंह ठाकुर को गोविंद गुरु जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाड़ा तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनोज दीक्षित को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर का कुलपति नियुक्त किया गया है। मिश्र ने इनकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

## पालिकाध्यक्ष डाबी और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोदारा का सडक दुर्घटना में मौत


श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रायसिंहनगर नगर पालिका के अध्यक्ष हरीश डाबी और भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विनोद गोदारा की आज सुबह बीकानेर जिले में नोखा थाना क्षेत्र में भामटसर गांव के नजदीक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोखा थाना क्षेत्र में भामटसर गांव के अड्डे के पास एक होटल के सामने खड़े ट्रक ट्रेलर में कार के टकराने से यह भीषण हादसा हुआ। प्रात लगभग 10.45 बजे हुई इस दुर्घटना में मारुति स्विफ्ट कर में सवार विनोद गोदारा (45) ,हरीश डाबी (60)तथा संतोष कुमार को लोगों ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना पिकअप वाहन से बीकानेर के पीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच करने के बाद हरीश डाबी और विनोद गोदारा को मृत घोषित कर दिया। संतोष कुमार उपचारथीन है। वह कार में पीछे की सीट पर बैठा था। उसके भी चोटें लगी हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर नोखा थाना प्रभारी की आलोक सिंह दलबल सहित मौके पर पहुंचे लेकिन इससे पहले लोगों ने मारुति कर में फंसे तीनों घायलों व्यक्तियों को अस्पताल रवाना कर दिया।

# उपराज्यपाल ने श्रीनगर स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं का किया उद्घाटन

### उपराज्यपाल ने लोगों से स्मार्ट बिजली मीटर लगाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कश्मीर आर्ट एम्पोरियम में एक कार्यक्रम में श्रीनगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा विरासत संरक्षण की कई परियोजनाओं का ई-उद्घाटन किया।

सिन्हा ने अपने संबोधन में विरासत भवनों के संरक्षण और जीर्णोद्धार और शहर के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए श्रीनगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्री कथलेश्वर मंदिर और शहर-ए-खास में झेलम नदी पर 15 घाटों के संरक्षण, जीर्णोद्धार के लिए विरासत भवनों का संग्रह शहरी परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




उन्होंने कहा,हमें शहरी कायाकल्प में एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

उपराज्यपाल ने कहा, जीआईएस आधारित सर्वेक्षण और डिजिटल डोर नंबरिंग, 11 विरासत स्थानों की मुखौटा रोशनी का शुभारंभ आम आदमी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा, स्थायी आर्थिक गतिविधि और श्रीनगर की लचीलापन को बढ़ावा देगा।

उद्घाटन समारोह में, उपराज्यपाल ने केंद्र शासित प्रदेश में एक न्यायसंगत, पारदर्शी, जवाबदेह, उत्तरदायी, नागरिक-केंद्रित शासन प्रणाली स्थापित करने के लिए पिछले चार वर्षों में किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए हैं और यह सुनिश्चित किया है कि नागरिकों के दरवाजे पर निर्बाध सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जाएं।

उपराज्यपाल ने कहा, हमने सफलतापूर्वक भ्रष्टाचारियों और आतंकवादी-अलगाववादी पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने वालों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा, आतंकवाद, अलगाववाद के समर्थक शांति और प्रगति के सबसे बड़े दुश्मन हैं। मैं चाहता हूं कि सभी नागरिक आतंक-अलगाववादी विचारधारा और भ्रष्टाचार के कैंसर को उखाड़ फेंकने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करें।

उन्होंने कहा कि कई दशकों के बाद पुरानी और नई पीढ़ियाँ शांति और सद्भाव का युग देख रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज को एक नया आकार देना और नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए सक्रिय शासन सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## हिमाचल के काजा में कार हादसे में तीन लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति के काजा उपमंडल के अंतर्गत लिंगटी संपर्क मार्ग के पास गहरी खाई में कार गिरने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य जख्मी हुए हैं।




पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सभी लोग ऑल्टो कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वह लिंगटी संपर्क मार्ग के पास पहुंचे तो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 3 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके अलावा इस हादसे में 2 अन्य जख्मी बताए जा रहे हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस ने मृतकों की पहचान चालक टाशी छेरिंग पुत्र लोबजंग निवासी लालुंग तहसील स्पीति, धर्म सिंह पुत्र नाथी सिंह चावाला डाकघर पुरोला जिला उत्तरकाशी, उत्तराखंड और लक्षण गरथी पुत्र कुल बहादुर गांव कालामाटी जिला सलयान नेपाल के रूप में हुई है।

इसके अलावा घायलों में देविंद्र रावत निवासी नेपाल और रघुवीर पुत्र ध्यान सिंह गांव मखाना, डाकघर परिला जिला उत्तरकाशी, उत्तराखंड शामिल है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। डीएसपी काजा रोहित मृगपुरी ने मामले की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामला की जांच कर रही हैं।

## पंजाब में 47 अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

अमृतसर। पंजाब सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के बाद अमृतसर विकास प्राधिकरण की मुख्य प्रशासक दीपशिखा शर्मा और अतिरिक्त मुख्य प्रशासक डॉ. रजत ओबेरॉय के निर्देशानुसार अमृतसर विकास प्राधिकरण (एडीए) की रेगुलेटरी विंग ने जिला नगर योजनाकार (रेगुलेटरी) गुरसेवक सिंह औलख के नेतृत्व में अनाधिकृत कॉलोनी बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है।

जीटी रोड पर गांव टांगरा, बाबा बकाला, अजनाला रोड पर गांव हेर, रामतीर्थ रोड और लोहारका रोड पर गांव गोंसाबाद और खैराबाद में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना विकसित की जा रही नई अनाधिकृत कॉलोनियों पर नियामक टीम ने कई बार कार्रवाई करते हुए इन्हें ध्वस्त कर चुकी है। जिला नगर योजनाकार (नियामक) औलख ने रविवार को बताया कि अस्तित्व में आ रही ऐसी नई अनाधिकृत कॉलोनियों पर यह कार्रवाई लगातार की जा रही है, जिसके सिलसिले में आज फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर गांव मुरादपुरा में विकसित की जा रही अनधिकृत कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई की गई और टीम द्वारा कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया।

## श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर नया घंटाघर बना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की ग्रीमकालीन राजधानी श्रीनगर के मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने रिकॉर्ड समय में ऐतिहासिक लाल चौक चौराहे पर नया प्रतिष्ठित घंटा घर बनाने के लिए श्रीनगर नगर निगम (एसएमसी) कर्मचारी इकाई की सराहना की है।

उन्होंने कहा कि घंटाघर पीढ़ियों से एक ऐतिहासिक स्थल रहा है, जिसका नाम मॉस्को के रेड स्क्वायर से लिया गया है।

श्रीनगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के तहत राजधानी श्रीनगर लाल चौक में नया घंटाघर बनाया गया है। मेयर ने शनिवार को लाल चौक पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और काम की त्रुटिहीन गुणवत्ता सुनिश्चित



करते हुए रिकॉर्ड समय में नए प्रतिष्ठित घंटाघर का निर्माण करने के लिए श्रीनगर निगर निगम के कर्मचारियों की सराहना की।

उन्होंने श्रीनगर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा सिटी सेंटर में किए जा रहे चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ लाल चौक गए एसएमसी और एसएससीएल के वरिष्ठ इंजीनियरों और अधिकारियों ने उन्हें इन कार्यों की प्रगति और विवरण के बारे में जानकारी दी।

जुनैद मट्टू ने चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए प्रयासों को दोगुना करने के निर्देश दिए और लाल चौक पर स्थानीय व्यापारियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत की।

उन्होंने मीडिया से कहा, ये प्रतिष्ठित परियोजनाएं हैं जिन्हें पिछले पांच वर्षों में श्रीनगर में शुरू और वितरित किए गए परिवर्तनकारी विकास कार्यों की लंबी सूची में जोड़ा गया है। शहर को पुनर्जीवित किया गया है। इसका उद्देश्य इसे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ एक आधुनिक पर्यटक शहर के रूप में विकसित करना है। इस शहरी परिवर्तन का आर्थिक प्रभाव बड़े पैमाने पर होने वाला है और इसे श्रीनगर में पर्यटकों से रिकॉर्ड आमदनी के रूप में देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि श्रीनगर एक बार फिर अन्य पर्यटन स्थलों और गंतव्यों के लिए पारगमन स्थल के रूप में न रह कर अपने आप में एक पर्यटन स्थल बन गया है। उन्होंने कहा, पिछले दो दशकों से श्रीनगर और इसकी बुनियादी ढांचागत जरूरतों की निरंतर प्रशासनिक और राजनीतिक उपेक्षा के कारण पर्यटक इससे दूर थे। पर्यटक पहलगाम, गुलमर्ग और सोनमर्ग जैसी जगहों पर अधिक समय और श्रीनगर में बहुत कम समय बिताते थे।

## शिमला पुलिस की निजी होटल में दबिश, मुख्य सरगना व छह युवक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जिले में नशे का कारोबार थम नहीं रहा है। पुलिस लगातार तस्करों को नशीले पदार्थों के साथ पकड़ रही है। पुलिस ने फिर एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने शहर के एक निजी होटल से चिट्टे के मुख्य सरगना को दबोचा है, साथ ही मौके पर पुलिस ने सरगना सहित छह अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

बताया जा रहा है कि पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईयू) जब रूटीन गश्त पर थी तो टीम ने पुराना बस स्टैंड, टूटीकंडी, तारादेवी, शोघी में चेकिंग की। पुलिस को सूचना मिली कि गौरव



सिंह नाम का व्यक्ति, जो एक निजी होटल में ठहरा है, चिट्टा बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने होटल के एक कमरे में दबिश दी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने गौरव सिंह को पकड़ लिया। कमरे में गौरव सिंह के अलावा अभिषेक, दीपक ठाकुर, अश्वनी कुमार, निखिल मेहता व सौरव राणा भी मौजूद थे। पुलिस ने उनके पास से 20.18 ग्राम चरस और 11.97 ग्राम चिट्टा, तोलने की मशीन, 10 रुपए के नोट के दो टुकड़े, जो आधे जले हुए थे, के अलावा एक सिरिंज (1 एमएल), नकदी 3070 रुपए और तीन एटीएम कार्ड भी बरामद किए। पुलिस ने मौके पर पकड़े गए सारे सामान को कब्जे में लेकर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इसकी जांच में जुटी है कि आरोपित किस-किस को इसकी सप्लाई करता था। जो लोग उसके पास चिट्टा खरीदने आए थे, वे आगे किसके संपर्क में थे।

## बस की टक्कर से कार सवार दंपति की मौत, दो बच्चे घायल

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र में आज एक बस की टक्कर से कार सवार दंपति की मौत हो गयी और उनके दो बच्चे घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र के बरहद गांव के पास भिण्ड-ग्वालियर रोड पर एक यात्री बस और कार में आमने-सामने की टक्कर हो गयी। दुर्घटना में कार सवार पति-पत्नी की मौत हो गयी, जबकि बेटा और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान अनिरुद्ध सिंह के रुप में हुयी है, जो एसएएफ 14वीं बटालियन में पदस्थ है।

## सेंथिलबालाजी के परिसरों पर ईडी के छापे की कार्रवाई में 22 लाख रुपये नगद जब्त

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिलबालाजी के आवास और कार्यालय परिसरों में 60 भूमि भूखंडों के अस्पष्ट संपत्ति दस्तावेज, 22 लाख रुपये की नकदी और 16.6 लाख रुपये की बेहिसाब कीमती चीजें जब्त की है। ईडी ने सेंथिलबालाजी को नकदी के बदले नौकरी घोटाले मामले में गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने ट्वीट में कहा कि तलाशी के दौरान 22 लाख रुपये की नकदी और 16.6 लाख रुपये के बेहिसाब कीमती सामान के साथ-साथ 60 भूमि के अस्पष्ट संपत्ति दस्तावेज जब्त किये गये है। ईडी ने 'नौकरियों के लिए नगदी' घोटाले के संबंध में चेन्नई सिटी पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) द्वारा दर्ज तीन एफआईआर के आधार पर जांच कर रही। जांच के दौरान, खुफिया जानकारी से संकेत मिला कि श्री सेंथिलबालाजी के करीबी सहयोगियों में से एक, एस.टी. समीनाथन के पास आपत्तिजनक दस्तावेज़/अपराध की आय थी और उसने उन्हें छुपाने/स्थानांतरित करने का प्रयास किया। जिसके बाद डिंडुगुल जिले में उनके परिसरों पर तलाशी ली गई। ईडी ने बताया कि तलाशी के दौरान पता चला कि समीनाथन की भाभी शांति उसकी बेनामी को छुपाने का काम कर रही थी और उन्हें दस्तावेजों और कीमती सामान से भरे बैग ले जाते देखा गया था। जांच टीमों ने नमक्कल जिले में शांति के परिसर को खंगाला।

## ओडिशा ईओडब्ल्यू ने बैंक धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

भुवनेश्वर। ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा ने आठ करोड़ रुपये से अधिक के बैंक धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने यहां कहा कि समरेश रंजन दास और हेमंत पांडा को धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत विश्वास के आपराधिक उल्लंघन सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत शनिवार को भुवनेश्वर से गिरफ्तार किया गया। उन्हें एसडीजेएम फुलबनी की अदालत में पेश किया जाएगा। यह मामला एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक फूलबनी के आरोप पर एसबीआई फूलबनी शाखा के तत्कालीन उप प्रबंधक-सह-क्षेत्र अधिकारी आशुतोष आचार्य के खिलाफ दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पाया गया कि 1.46 करोड़ रुपये और 47,43,104 रुपये सीधे समरेश रंजन दास के खातों में जमा किए गए हैं और तीन करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की राशि स्मृति मल्टी-पर्पज के खाते में भेज दी गई है। ईओडब्ल्यू ने आरोप लगाया कि सिविल सप्लाई इंस्पेक्टर (निलंबित) समरेश रंजन दास, स्मृति मल्टी-पर्पस कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सचिव हेमंत पांडा और तत्कालीन डिप्टी आशुतोष आचार्य द्वारा राशि का दुरुपयोग किया गया है।

## कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर वाहनों की आवाजाही शुरू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कीरतपुर-नागचला फोरलेन पर रविवार को आवाजाही शुरू हो गई है। प्रदेश के खूबसूरत और घुमावदार फोरलेन पर सफर का आनंद लेने के साथ ही गरामोड़ा और बलोह स्थित टोल प्लाजा पर भी कार्य शुरू हो गया। रविवार से बलोह टोल प्लाजा से साढ़े 12 बजे तक 600 के करीब छोटे बड़े वाहन निकल चुके थे। राहत की बात यह है कि लोगों को बलोह स्थित टोल प्लाजा में गरामोड़ा टोल प्लाजा से निकलने के लिए टोल टैक्स की दरें काफी कम हैं। गरामोड़ा में जहां छोटे वाहनों के लिए एक तरफ का टोल 150 और वापसी का 230 रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं बलोह में यह 65



और 95 रुपए है। रविवार को फोरलेन की टनल खुलने के बाद यहां पहुंचे लोगों ने सुहाने सफर को लेकर खुशी जताई, लेकिन फोरलेन पर मात्र 60 की स्पीड रखने के निर्देश उन्हें रास नहीं आ रहे हैं।

लोगों का कहना था कि बेशक हिमाचल प्रदेश में फोरलेन में काफी मोड़ हैं और लोगों की सुरक्षा को लेकर यह निर्णय लिया गया है। लेकिन फोरलेन पर चलने के लिए 60 के बजाए यह स्पीड 80 कर देनी चाहिए, ताकि लोग समय पर अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। बलोह टोल प्लाजा प्रबंधक मनोज राणा ने बताया कि टोल प्लाजा में सुरक्षा की दृष्टि से 30 कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से हर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखी जा सकती है। किसी दुर्घटना या घटना के समय में इससे मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त पीटीजी जूम कैमरे भी लगाए गए हैं। इन्हें दूर से भी जूम करके गाड़ी के अंदर तक की गतिविधियों को चौक किया जा सकता है।

टोल प्लाजा में 20 स्थानीय युवाओं को भी रोजगार मिलेगा। युवा अपने प्रमाणपत्र एनएचएआई के कार्यालय में जमा करवा रहे हैं। पूरी प्रक्रिया के बाद उन्हें नियुक्ति दी जाएंगी। इनमें लड़कियां भी टोल के टिकट काटने के लिए रखी जाएंगी। लड़कियों की ड्यूटी सुबह 8 से शाम चार बजे तक होगी।

## त्रिपुरा में दो करोड़ रुपये के गबन के आरोप में गिरफ्तार लिपिक पुलिस हिरासत में

**अगरतला।** दक्षिण त्रिपुरा की एक स्थानीय अदालत ने दो करोड़ रुपये से अधिक के गबन के आरोप में गिरफ्तार एक सरकारी विद्यालय के लिपिक को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि संतिरबाजार में ताइकुरमा एच.एस. विद्यालय के आरोपी लिपिक लिटन दास को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि 2013 में एक निश्चित वेतन वाले कर्मचारी के रूप में सेवा में शामिल होने वाले दास ने स्कूल के शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के बिल तैयार करने के लिए बने सॉफ्टवेयर में अपने वेतन राशि की गलत प्रविष्टियां करके फंड



का गबन किया। पुलिस ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला कि लिटन ने सितंबर 2021 के महीने के रिकॉर्ड में छेड़छाड़ करके अपने वेतन की झूठी बिलिंग का सहारा लिया। पिछले महीने के वेतन बिल बनाते समय लिटन ने अपने वास्तविक वेतन 22,610 के बदले में अपने वेतन के रूप में 9.72 लाख रुपये दर्ज किए। पुलिस ने कहा कि हाल ही में लेखा परीक्षक और महालेखाकार ने लिटन को धोखाधड़ी वाले भुगतान का पता लगाया और मामले को अपने आहरण और संवितरण अधिकारी के ध्यान में लाया। रिपोर्ट के मुताबिक पहले तीन महीनों में आरोपी ने वेतन के रूप में 3.72 लाख रुपये प्रति माह और उसके बाद तीन महीनों तक 6.70 लाख रुपये प्रति माह निकाले। इसके बाद, उन्होंने 10 महीनों के लिए 7.72 लाख रुपये मासिक, अगले तीन महीनों के लिए 8.72 लाख रुपये मासिक और अंतिम तीन महीनों के लिए वेतन बिलों में हेराफेरी करके सरकारी खजाने से 9.72 लाख रुपये मासिक निकाले।

## वसुधैव कुटुम्बकम् की थीम पर फैशन शो का आयोजन

**जयपुर।** राजस्थान के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित पांच दिवसीय नेशनल हैण्डलूम वीक-2023 के तहत आज राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में वसुधैव कुटुम्बकम् थीम पर फैशन शो का आयोजन हुआ। फैशन शो में राजसिको एवं आरईपीसी चैयरमेन राजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे। बुनकर, हथकरघा एवं खादी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित हुए फैशन शो में 30 मॉडल्स ने विभिन्न संग्रह जैसे दाबू ब्लॉक प्रिंटिंग, गोटा पत्ती वर्क, मिरर वर्क, कलमकारी, लहरिया, स्वदेशी देहाती फाइबर और प्राकृतिक रूप से हाथ की कढ़ाई से रंगे कपड़े एवं अन्य महत्वपूर्ण शिल्प कलाओं से तैयार परिधानों को प्रदर्शित किया।

## ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा, भाई ने ही की थी भाई की हत्या

रूद्रपुर/नैनीताल। उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने पुलभट्टा में हुए ब्लाइंड मर्डर मामले का खुलासा कर दिया है। संपत्ति हड़पने के लिये भाई ने ही भाई की गला रेत कर हत्या कर दी थी।

ऊधमसिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) टीएस मंजूनाथ ने रविवार को रूद्रपुर में इस मामले पर से पर्दा उठाया गया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि विगत एक अगस्त को पुलभट्टा फ्लाई ओवर पर देर रात को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था।

पुलभट्टा थाना प्रभारी कमलेश भट्ट मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। शव नग्न अवस्था में था। ऐसे में मृतक की पहचान पुलिस के लिये एक चुनौती बनी हुई थी। मामले के खुलासे के लिये विशेष अभियान समूह (एसओजी) की छह टीमों का गठन किया गया।

टीम ने 95 से अधिक सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया। पुलिस को जांच में पता चला कि घटना वाले दिन फ्लाई ओवर पर रात को एक ट्रक कुछ देर के लिये रूका था और तीन मिनट रूकने के बाद सितारगंज की ओर चला गया। ट्रक पर बीटीसी लिखा था और उसका रंग लाल और सफेद था।

पुलिस ने इस कड़ी पर काम शुरू कर दिया और उसको सफलता हाथ लगी।

# शार्ट न्यूज

## डा. महेश शर्मा ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसाईटियों में किया जनसंपर्क



**नोएडा।** रविवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डा. महेश शर्मा ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सोसाईटियों (चेरी काउंटी, फ्यूजन होम्स, हवेलिया वैलेनोवा पार्क टेक, देविका गोल्ड, निराला एस्पायर, स्का ग्रीन) में ''जनसंपर्क के कार्यक्रम'' संपन्न किए। जिसमें केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताया गया। सोसायटी के निवासियों ने माननीय सांसद जी का भव्य स्वागत किया तथा अपने-अपने सोसाईटियों की (फ्लैट, रजिस्ट्र, लिफ्ट, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, पार्क, स्कूल आदि) संबंधित समस्याओं के बारे में माननीय सांसद जी को अवगत कराया। सांसद जी ने कहा हम हमेषा आपके साथ है, और आष्वासन दिया कि जल्द से जल्द सारी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों से संवाद स्थापित करते हुए समाधान कराने की कोषिष किया जायेगा। इस कार्यक्रम में संजय बाली सांसद प्रतिनिधि, संदीप शर्मा सांसद प्रतिनिधि, दीपक यादव विधायक प्रतिनिधि, जैनेन्द्र चौरसिया, गौरव पटेल, सुनील खारी, मौजीराम नागर, अनुभव दूबे आदि काफी संख्या में सोसाईटी के लोग उपस्थित रहे।

## नेपाली मजदूर की पीट-पीटकर हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में रविवार सवेरे एक नेपाली मजदूर की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक का अपने साथी से शराब पीने को लेकर कोई विवाद हुआ था। आरोपी की तलाश जारी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साहिबाबाद एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया, शहीदनगर पुलिस चौकी के पास ईदगाह है। ठीक इसी के पास रविवार सुबह ये वारदात हुई है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय बहादुर के रूप में हुई है जो नेपाल में महेंद्रनगर का रहने वाला है। वो यहां पर शहीदनगर इलाके में किराए के कमरे में रहता था और मजदूरी करता था। आज सुबह पुलिस को दो लोगों में मारपीट की सूचना मिली। पुलिस जब मौके पर गई तो बहादुर बेहोश पड़ा था। पुलिस तुरंत उसे लेकर नजदीकि अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने बताया, बहादुर शराब पीने का आदी था। आसपास के लोगों से जानकारी करने पर पता चला कि आज सुबह वो संतोष नामक व्यक्ति के साथ शराब पीने के लिए बैठा था। इसी दौरान दोनों में किसी बात पर कहासुनी हुई। इसी में संतोष ने डंडे से बहादुर की पिटाई कर दी। सिर में गहरी चोट लगने से बहादुर की मौत हो गई है।

## एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर ठगी करने वाले गैंगस्टर का प्लॉट कुर्क

**ग्रेटर नोएडा।** एमबीबीएस में दाखिले के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गैंगस्टर की अवैध कमाई से अर्जित 1.10 करोड़ की संपत्ति पुलिस ने कुर्क किया है। पुलिस कमिश्नर न्यायालय के आदेश पर शनिवार को आरोपी आजमगढ़ निवासी यशवंत चौबे उर्फ यश चतुर्वेदी उर्फ जय मेहता उर्फ राजेश कुमार के बुलंदशहर स्थित 510 वर्गमीटर के प्लाट को कुर्क किया गया है। पुलिस गिरोह की अन्य संपत्ति भी चिह्नित कर कुर्क करने का प्रयास कर रही है। तीन जनवरी 2023 को लखनऊ के लोहिया नगर निवासी दर्शिका सिंह ने सेक्टर-126 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नीट के बाद एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए वह कॉलेज खोज रही थीं। ट्रूथ एडवाइजर कॅरिअर कंसल्टेंसी के नाम से उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉलर ने अपना नाम जय मेहता बताते हुए मेडिकल कॉलेज में दाखिले का झांसा दिया। इसके बाद दर्शिका सिंह के पिता ने आरोपियों के बताये गए नोएडा के सेक्टर-125 स्थित दफ्तर में मुलाकात की। आरोपियों ने दाखिले के एवज में 13.98 लाख रुपये की मांग की।

## घूस लेकर फर्जी रिपोर्ट बनाने के मामले में दोबारा जांच के आदेश

नोएडा। बादलपुर सीएचसी के डॉक्टर के खिलाफ 70 हजार रुपये घूस लेकर फर्जी रिपोर्ट बनाने के मामले में जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ दोबारा मेडिकल कराने के आदेश दिए हैं। अधिवक्ता का आरोप है कि 31 जुलाई को जांच का दिन निर्धारित होने के बाद भी जांच नहीं हुई। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनावली गांव निवासी सुनील चपराना के बेटे और बेटी का सुनील फागना के बच्चों से स्कूल जाने के दौरान झगड़ा हुआ था। सुनील का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने उनसे मारपीट की। उन्होंने न्यायालय के माध्यम से दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरे पक्ष ने भी न्यायालय के माध्यम से मामला दर्ज कराया। सुनील का आरोप है कि मामला दर्ज कराने के लिए दूसरे पक्ष ने बादलपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर को 70 हजार रुपये देकर अपनी बेटी की पसली की दो हड्डियां टूटने की फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनवा ली। शिकायत पर जिलाधिकारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश सीएमओ डॉ. सुनील शर्मा को दिए। सीएमओ ने 24 जुलाई को एक जांच कमेटी गठित की। इसमें रेडियोलॉजिस्ट डॉ. निरुपमा आत्रेय, डॉ. टीकम सिंह, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजेश सिंह को शामिल किया गया।

## वीआईपी ड्यूटी पर तैनात सिपाही को महिला ने गाड़ी से मारी टक्कर, गंभीर

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेस-3 थाना क्षेत्र में एम्बियंस मॉल के पास वीवीआईपी ड्यूटी पर तैनात सिपाही को एक महिला चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सिपाही को मेदांता अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। एएसआई राजीव ने अज्ञात महिला ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एएसआई राजीव ने डीएलएफ फेस-3 थाना में दी शिकायत में बताया कि गत शनिवार को डीसीपी ट्रैफिक के आदेश पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के आगमन को लेकर उसका स्टाफ ड्यूटी पर था। रात करीब 10.30 बजे एंबियंस मॉल के पास सन्नी व जगमेन्द्र तैनात थे। हाइवे पर बार लाइट व रिफलेक्टर आदि से लैश थे। तभी एक गाड़ी दिल्ली की ओर से तेज रफ्तार, गफलत लापरवाही व खतरनाक तरीके से आ रही थी। इस गाड़ी को एक महिला चला रही थी, जिसने सिपाही सन्नी को जोरदार टक्कर मार दी, जिस कारण मेरा सिपाही सन्नी सड़क पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल सिपाही सन्नी को मेदांता अस्पताल में एडमिट कराया। पुलिस ने आरोपी अज्ञात महिला चालक के लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

## आधुनिक सुविधाओं संग वास्तुकला से लैस होगा पटौदी रेलवे स्टेशन

**पटौदी।** पटौदी रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें करीब 25 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। रेलवे स्टेशन बिल्डिंग के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला दिखेगा। स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। रविवार को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण के शिलान्यास के लिए पहुंचे। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को देश के लिए खास बताया। पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पटौदी रोड रेलवे स्टेशन सहित 507 रेलवे स्टेशनों के सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसमें आधारभूत ढांचे, तकनीक और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास है। इस योजना में प्रदेश के 15 स्टेशनों का चयन किया गया है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच दूरगामी है।

# दिल्ली दंगों के छह आरोपियों के खिलाफ चलेगा मुकदमा

### एलजी ने दी मंजूरी, 2020 में हुई थी राजधानी में हिंसा

दिल्ली। साल 2020 में हुए उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोपी छह लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत गोली लगने से हो गई थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि नागरिकता संशोधन विधेयक का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने की आड़ में गहरी साजिश रची गई। इसी दौरान दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिले में दंगे हुए। जिसमें 24 फरवरी 2020 को गोली लगने से गली नंबर 17, न्यू मुस्तफाबाद निवासी 25 वर्षीय शाहिद उर्फ अल्लाह मेहर की मौत हो गई।



इस मामले में पुलिस स्टेशन दयालपुर में एक मार्च को एफआईआर संख्या 84/2020 दर्ज की। इसी मामले में उपराज्यपाल ने अभियोजन की मंजूरी दी। भारतीय दंड संहिता की धारा 153 ए और 505 के तहत दंडनीय अपराध के तहत मोहम्मद फिरोज, चांद मोहम्मद, रईस खान, मोहम्मद जुनैद, इरशाद और अकील अहमद के खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

जांच के दौरान छह गिरफ्तार आरोपियों ने खुलासा किया कि वे दंगों में शामिल थे। ये सप्तर्षि इस्पात एंड अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड की इमारत में जबरदस्ती घुसे और फर्म के कार्यालय को लूटा। इस दौरान पीड़ित को 24 फरवरी को चांद बाग मजार के पास 25 फुटा चांद बाग, मुख्य वजीराबाद रोड दिल्ली के सर्विस रोड पर स्थित कंपनी की छत पर गोली थी।

मामले की जांच अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दी गई जिसने गवाहों से पूछताछ की और एक टीवी चैनल के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो सहित एकत्र किए गए सबूतों का विश्लेषण किया। नागरिकता संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर हुए दंगों के मामलों की जांच से पता चला है कि इसके कुछ समय पहले, साजिशकर्ता मुस्लिम बहुल इलाकों में पर्चे बांटकर और प्रचार करके प्रचार कर रहे थे कि केंद्र नागरिकता छीनने का इरादा रखता है।

## वेदवन पार्क के बाहर नहीं लगेगा जाम

**नोएडा।** सेक्टर-78 स्थित वेदवन पार्क में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। इस कारण यहां शाम को भीषण जाम लग रहा है। स्थित ये है जाम से निकलने के लिए लोगों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसकी एक बड़ी वजह यहां पार्किंग स्पेस कम होना है। इस समस्या को हल करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक और एनटीसी के डीजीएम के निर्देश पर एक टीम गठित की गई है। ये टीम मौजूदा स्थिति का सर्वे करेगी और यहां लगने वाले जाम का विकल्प तलाशेगी। दरअसल टीम का गठन भी पुलिस की ओर से किए गए सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किया गया। बता दे वेदवन पार्क प्रदेश का पहला पार्क है जिसमें ऋषि मुनियों द्वारा वेदों की जानकारी दी जा रही है। इसमें म्यूजिकल फाउंटेन भी लगाया है। जिसे देखने के लिए रोजाना हजारों की भीड़ यहां आती है। जिससे यहां जाम लगता है। इस जाम से निजात के लिए टीम में छह सदस्य है।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश हुए घायल



**गौतम बुद्ध नगर।** जीटीबी नगर में सवारियों को कार में लिफ्ट देने के बहाने बैठाकर उनके साथ लूटपाट करने वाले बदमाशों से दादरी पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। जिनको पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए घायल बदमाशों से पुलिस ने लूट के 32000 रुपए की नगदी समेत दो तमंचे जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त आई 10 कार बरामद की है।

दरसअल दादरी थाना क्षेत्र में 7 दिन पहले एक युवक को कार में लिफ्ट देने के बहाने बिठाकर आई 10 कार सवार बदमाशों ने लुटपाट की थी। युवक से लूटपाट करने के बाद बदमाश उसको गाड़ी से फेंक कर फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने दादरी पुलिस से इसकी शिकायत की पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और इस गिरोह की तलाश में जुट गई। आज पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश क्षेत्र में अपराधी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर दादरी थाना पुलिस ने फोर्स के साथ अजायबपुर क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी।

### पुलिस और बदमाशों में फायरिंग, दो बदमाश घायल

इसी दौरान पुलिस को एक कार में दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस ने इन्हें रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने रुकने के बजाय कार को दौड़ा लिया और खुद को घिरता देख पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें दोनों के पैर में गोली लगी और घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को दौड़ाकर पकड़ लिया।

# वॉकी-टॉकी से लैस होगी ग्रेनो प्राधिकरण की स्वास्थ्य टीम

### सफाई इंस्पेक्टर से लेकर अफसरों तक को मिलेंगे वॉकी-टॉकी



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा को और स्वच्छ बनाने की दिशा में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक खास पहल की है। जन स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को वॉकी-टॉकी दिया जा रहा है। ये वॉकी-टॉकी सीईओ व एसीईओ के पास भी होंगे। ये वॉकी-टॉकी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आ चुके हैं। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इससे गंदगी को लेकर आने वाली शिकायतों को जल्द निस्तारित करने में मदद मिलेगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अभी कुल 60 वॉकी-टॉकी मंगवाए हैं। ये वॉकी-टॉकी सीईओ, एसीईओ, ओएसडी, वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक, व सुपरवाइजरों को दिए जा रहे हैं। इनका प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने के लिए एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वॉकी-टॉकी से गंदगी से जुड़ी शिकायत मिलने पर सफाईकर्मियों तक जल्द मैसेज पहुंचाना आसान हो जाएगा।

सुपरवाइजरों को सीधे तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा सकेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में होने के कारण इन शिकायतों का जल्द निस्तारण भी हो सकेगा। अब शहर को साफ़ सुथरा बनाया जा सकता है। शहर-गांव कहीं पर भी गंदगी दिखाई ने देगी। उन शिकायतों का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा, ताकि शहर और गांव गंदगी दिखाई न दे।

सफाई के अलावा जलभराव, इलेक्ट्रिसिटी की प्रॉब्लम व अन्य समस्याओं के लिए भी इस वॉकी टॉकी से जल्द से शिकायतों की जानकारी मिल सकेगी।

# संघर्ष समिति ने नरेला तक मेट्रो के लिए भरी हुंकार

### दिल्ली देहात को मिले समान अधिकार : पंचायत संघ





**नई दिल्ली।** रिठाला बवाना नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति ने कहा कि हमने नरेला बवाना क्षेत्र की सबसे ज्वलंत समस्या नरेला बवाना मेट्रो रेल नेटवर्क के विषय पर रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलो द्वारा देश के 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास जिसमें दिल्ली के रेलवे स्टेशनों जिसमें नरेला का भी पूर्ण विकास होना इसके कार्यक्रम स्थल नरेला रेलवे स्टेशन के बाहर हमने अपनी मांग रिठाला से नरेला तक मेट्रो को लेकर आक्रोश दर्ज कराना था। लेकिन उत्तरी पश्चिमी दिल्ली के सांसद हंसराज हंस के आग्रह पर हमने कार्यक्रम रद्द किया क्योंकि हम भी नरेला रेलवे स्टेशन को नया आयाम मिलने से नरेलावासी भी खुश है।

दुःख इस बात का है की मेट्रो नहीं आने व विकास को लेकर क्षेत्र में बड़ा आक्रोश है। सांसद महोदय ने संयोजक हेमराज बंसल रिठाला बवाना नरेला मेट्रो रूट संघर्ष समिति के यहाँ कार्यक्रम के बाद अपने सचिव है पूर्व अध्यक्ष भाजपा विजेंद्र गुप्ता विधायक पूर्व विधायक नील दमन खत्री विनोद सहरावत किसान मोर्चा अध्यक्ष वह उत्तरी पश्चिमी जिला अध्यक्ष को उनके निवास पर भेजा।

संयोजक हेमराज बंसल व दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव नरेला चेतना मंच के मनोज बंसल व अन्य वरिष्ठ और अन्य समितियों के प्रमुख उपस्थित थे। इस मौके पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम भी चाहते हैं नरेला का विकास और मेट्रो जल्द से जल्द आपके पास पहुंचे और हम इस विषय को पार्टी व मंत्रालय के सामने रखेंगे सांसद जी भी हमारे साथ रहेंगे और जल्द से जल्द धरातल पर यह कार्य आरंभ हो इसके लिए कार्य करेगें। इस मौके पर नील दमन खत्री ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता होने के बावजूद मैं पहले नरेला वासी हूं और नरेला की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं होगी अगर संघर्ष समिति निर्णय लेगी कि धरना प्रदर्शन करना है तो सबसे पहले शामिल रहूंगा इसलिए मैं जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष से आव्हान करूंगा कि इस कार्य को जल्द से जल्द कराने के लिए वरिष्ठ नेताओं तक यह बात रखें।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने विजेंद्र गुप्ता जी व प्रतिनिधिमंडल को कहा कि अब दिल्ली देहात के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार बर्दाश्त नहीं की जाएग। इसलिए हमारी 18 सूत्री मांगे व मेट्रो पर जल्द से जल्द कार्य पूरा करवाएं। ओर गांवों को हाउस टैक्स से मुक्ति, भवन उप नियम से बाहर और गांवों को मालिकाना हक भी दिलवाने का काम करें। संयोजक हेमराज बंसल ने कहा कि हम काफी समय से दिल्ली देहात की सदर बाजार कहे जाने वाले नरेला के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं इसीलिए अब इसे नजरअंदाज ना करें वरना हम वोट न देना व संघर्ष करने पर मजबूर होना पड़ेगा। नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने कहा कि शासन प्रशासन अब जाग जाए वरना यह आंदोलन बड़ा विकराल रूप लेगा। ओर हमें कर्तव्य पथ तक जाना पडेगा।

# ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों को अब ऑनलाइन जारी होंगे सर्टिफिकेट

### दिल्ली सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लोगों के लिए आय और संपत्ति प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्राप्त करने की सुविधा शुरू की है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए स्कूलों और विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए आय और संपत्ति प्रमाण पत्र निहायत जरूरी दस्तावेज माने जाते हैं।



पहली अगस्त को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, प्रमाण पत्र अब केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से जारी किए जाएंगे। इससे उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट कार्यालय का दौरा करने की जरूरत नहीं होगी। दिल्ली सरकार की ओर से 1 अगस्त को इस बारे में एक एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई थी। इसके अनुसार, प्रमाण पत्र अब केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से जारी किए जाएंगे। इससे उपमंडल मजिस्ट्रेट कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि सभी संबंधित उपविभागीय मजिस्ट्रेट (यानी जारी करने वाले प्राधिकारी) को सूचित किया जाता है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय और संपत्ति प्रमाण पत्र सेवा तत्काल प्रभाव से ई-जिला पोर्टल पर शुरू कर दी गई है। ये प्रमाण पत्र अब से केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से ही जारी किए जाएंगे।

अधिसूचना में यह भी रेखांकित किया गया है कि ऑनलाइन सेवा शुरू होने से पहले प्राप्त आवेदनों का निपटान मैन्युअल रूप से किया जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त ऑनलाइन सेवा के लॉन्च से पहले उपरोक्त प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त मैन्युअल आवेदन जो लंबित हैं, इनको निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रमाण पत्र जारी करने वाले प्राधिकारियों की ओर से मैन्युअल ही निपटाए जाएंगे। मालूम हो कि जिनकी मौजूदा सकल वार्षिक आय 8 लाख रुपये या उससे कम है, वे ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए पात्र हैं।

## बहुमंजिला इमारत के फ्लैट में लगी आग

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी के फ्लैट में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मेंटेनेंस डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि बिसरख थाना क्षेत्र की श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में करीब 9:30 बजे आग लग गई। टावर 9 के फ्लैट नंबर 1209 में यह आग लगी। 12वीं मंजिल पर लगी आग की वजह से चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि फ्लैट में 2 दोस्त रहते थे। जैसे ही आग लगी इसका धुआं आसपास दिखने लगा। लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद मेंटेनेंस डिपार्टमेंट की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मेंटेनेंस डिपार्टमेंट की टीम और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान दमकल विभाग की टीम को भी इसकी सूचना दी गई लेकिन जब तक उनकी गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक आग बुझ चुकी थी। आग लगने की वजह तो स्पष्ट नहीं हो पाई है लेकिन आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के चलते ही यह आग लगी थी।

# दिल्ली पुलिस नॉर्थईस्ट के लोगों का जुटा रही डेटा

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा पिछले कई दिनों से जारी है। इस हिंसा में अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है और बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। इस बीच अब दिल्ली पुलिस दिल्ली में रहने वाले नॉर्थईस्ट के लोगों का डेटा जुटाने में लग गई है। दिल्ली पुलिस ने नॉर्थईस्ट क्षेत्र, दार्जिलिंग के गोरखाओं और लद्दाख के रहने वाले वैसे लोग जो राष्ट्रीय राजधानी में रहते हैं उनसे अपील की है कि वो अपनी पूरी जानकारी मुहैया कराएं। पुलिस का कहना है कि यह कदम इसलिए जरूरी है कि ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, Special Police Unit for North East Region, नई दिल्ली, पीएम खिरमे ने कहा, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर वैसे कई लोग रहते हैं तो नॉर्थईस्ट, लद्दाख और दार्जिलिंग के गोरखा हैं। असम सरकार की तरफ से आधिकारिक रिलीज जारी कर बताया गया है कि ऐसे लोगों के दिल्ली में रहने को लेकर किसी तरह का कोई डेटा किसी एजेंसी या संगठन ने नहीं बनाया है। दिल्ली में रहने वाले नॉर्थईस्ट क्षेत्र, लद्दाख और दार्जिलिंग के गोरखाओं की बेहतर सुरक्षा के लिए नॉर्थईस्ट क्षेत्र की स्पेशल पुलिस यूनिट उनसे अपील करते है कि वो अपनी सूचना दें।

खिरमे ने कहा कि डेटा कलेक्शन का मुख्य उद्देश्य बेहतर पुलिसिंग और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना ही हैं। आईपीएस अफसर ने दिल्ली में रहने वाले लोगों से अपील की है कि वो अपनी जानकारी देने के लिए गूगल पर उपलब्ध एक फॉर्म को भरें। उन्होंने बताया कि यह फॉर्म एक लिंक https://forms.gle/1jNane55eWJBcd339 पर जाकर भरा जा सकता है। इसमें उनके नाम और अन्य विवरण शामिल रहेंगे। गूगल पर मौजूद इस लिंक को सोशल मीडिया, नॉर्थईस्ट के छात्र नेताओं, दार्जिलिंग के गोरखाओं और समुदाय के जरिए प्रचारित किया जा रहा है।

# दिल्ली में हर दिन 159 मेगावाट बिजली का वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से उत्पादन करेगा निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की तरफ से अगले चार वर्षों में नए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की स्थापना करते हुए हर दिन कूड़ें को संसाधित करने की क्षमता को बढ़ाए जाने की योजना है। अभी मौजूदा समय में निगम हर के पास हर दिन राजधानी में कुल 11 हजार मीट्रिक कूड़े की पैदावार होती है। जिनमें से 4400 टन गिला कूड़ा और 6600 टन सूखा कूड़ा उत्पन्न होता है। इसमें से लगभग 8 हजार मीट्रिक टन कूड़े को निगम की तरफ से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के जरिए संसाधित किया जाता है। साथ ही, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के जरिए निगम हर दिन अभी 84 मेगावाट बिजली को भी उत्पादित कर रहा है।

वहीं, अब निगम की तरफ से नरेला-बवाना में लगभग 15 एकड़ जमीन पर दिसंबर 2026 तक और गाजीपुर में लगभग 10 एकड़ जमीन पर दिसंबर 2027 तक नए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के स्थापित करने की योजना है। इसके साथ ही, तेहखंड के मौजूदा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का विस्तार दिसंबर 2024 तक करने की तैयार है। इन जगहों में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के निर्माण होने के बाद निगम हर दिन 84 मेगावाट से लगभग 159 मेगावाट तक बिजली उत्पादित कर सकेगा।



निगम के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नरेला-बवाना में नए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के स्थापित होने के बाद 3 हजार मीट्रिक टन कूड़े को हर दिन संसाधित किया जाएगा।

इसके अलावा, गाजीपुर में नए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के निर्माण के बाद 2 हजार मीट्रिक टन कूड़े को हर दिन संसाधित किया जा सकेगा। वहीं, तहखंड में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का विस्तार करते हुए और उसके स्थापित होने के बाद एक हजार मीट्रिक टन कूड़े को संसाधित किया जा सकेगा। इन सभी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निर्माण पूरा होने के बाद 75 मेगावाट और बिजली का निगम हर दिन उत्पादन कर सकेगा। जिससे निगम की प्रत्येक दिन बिजली उत्पादन करने की क्षमता 84 मेगावाट से बढ़कर 159 मेगावाट तक हो जाएगी। इस बिजली को निगम बिजली बोर्ड को प्लांट को संभाल रहे ठेकदार द्वारा दिया जाता है। इस बिजली में निगम की हिस्सेदारी ढाई से तीन फीसदी तक की होती है।

### लैंडफिल साइट में नहीं पहुंचेगा कूड़ा

निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के निर्माण के बाद निगम हर दिन 14 हजार मीट्रिक टन कूड़े को संसाधन कर सकेगा। निगम की क्षमता 8 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 14 हजार मीट्रिक टन कूड़े को संसाधित करने की हो जाएगी। इससे निगम की तीनों लैंडफिल साइट – भलस्वा, गाजीपुर और ओखला में प्रत्येक दिन दिल्ली से उत्पन्न होने वाला कूड़ा पहुंचना ही बंद हो जाएगा।

### वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से 150 मीट्रिक टन खाद बनती है हर दिन

वहीं, निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी निगम के सभी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से प्रत्येक दिन 150 मीट्रिक टन खाद बनती है। इसे एक निजी कंपनी को बेचा जाता है। इसके अलावा, वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से उत्पादित होने वाली बिजली में निगम की हिस्सेदारी लगभग ढाई से तीन फीसदी होती है। इन प्लांट से उत्पादित बिजली को बिजली बोर्ड को दिया जाता है। जिसके जरिए यह बिजली कंपनियों तक पहुंचती है।

# संपादकीय

## जातीय संघर्ष के नए चक्रव्यूह की तरफ बढ़ रहा देश

हाल में दो घटनाएं लगभग एक साथ हुई हैं, जो भारतीय राजनीति और सामाजिक न्याय के संघर्ष का नया मोर्चा खोल सकती हैं। पहला है-पटना हाईकोर्ट द्वारा बिहार की नीतीश सरकार को राज्य में जातिगत सर्वे कराने की अनुमति देना और दूसरा देश में ओबीसी आरक्षण को लेकर गठित रोहिणी आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपना। इस रिपोर्ट में आयोग ने ओबीसी जातियों को चार श्रेणियों में विभाजित करने की सिफारिश की है।

यानी अगर जातिगत सर्वे से जहां बिहार में पिछड़ा वर्ग जातियों की सही संख्या का पता लगेगा, वहीं रोहिणी आयोग रिपोर्ट यदि लागू होती है तो ओबीसी में श्रेणीवार आरक्षण का नए सिरे से बंटवारा होगा। यानी कोटे के भीतर कोटा वाली व्यवस्था लागू होगी।

वर्तमान में देश में ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण ( राज्यों में यह प्रतिशत अलग-अलग है) लागू है। इन दोनों घटनाओं का राजनीतिक दल अपने हित साधन की दृष्टि से अलग-अलग तरीके से फायदा उठाएंगे। लेकिन एक बात साफ है कि इन घटनाओं ने ठंडी पड़ चुकी मंडल राजनीति को नए सिरे हवा दे दी है, जिसका काउंटर अब कमंडल राजनीति से करना मुनासिब नहीं होगा।

इस 'मंडल पार्ट 2' में सबसे बड़ा खतरा ओबीसी के भीतर मचने वाला नया घमासान होगा, जिसका फायदा राजनीतिक दल कैसे और किस रूप में उठाएंगे, यह देखने की बात है। अगले एक दशक तक यही राजनीति देश पर हावी रह सकती है।

जाति जनगणना की बिहार से हुई शुरुआत पूरे देश में ऐसी मांग के रूप में तेज होगी। इसका असर इस साल होने वाले चार राज्यों के विधानसभा और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा, क्योंकि पिछड़ा वर्ग आरक्षण की लड़ाई का सबसे महत्वपूर्ण चरण तो राजनीतिक आरक्षण का है, जो अभी तक अनसुलझा है या यूं कहें कि उसे किसी तरह दूसरे मुद्दे उठाकर दबाकर रखा गया है।

ओबीसी जातियों को शिक्षा और नौकरी में 27 फीसदी आरक्षण तो मिल ही चुका है। नया आंकड़ा आने पर सरकार को इस आरक्षण को भी बढ़ाना पड़ सकता है। साथ ही तमाम ओबीसी जातियां जनप्रतिनिधित्व में भी उनकी संख्या के हिसाब से आरक्षण मांगेगीं, जो अधिकांश राजनीतिक दलों के लिए बड़ी चुनौती साबित होने वाला है।

वो पुराना नारा 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' फिर जोर पकड़ेगा। ध्यान रहे कि देश में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण का बिल इसी कारण से अटका हुआ है कि ओबीसी पहले अपना राजनीतिक आरक्षण सुनिश्चित करना चाहते हैं, उसके बाद ही महिला आरक्षण का समर्थन करना चाहते हैं। यही कारण है कि नौ सालों से केन्द्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद भी भाजपा महिला आरक्षण बिल संसद में पारित कराने का साहस नहीं जुटा पाई है।

देश में जाति आधारित जनगणना 1931 के बाद से नहीं हुई है। आजादी के बाद से देश में अनुसूचित जाति और जनजातियों की गणना तो होती है, लेकिन ओबीसी और सामान्य वर्ग की जातियों को अलग-अलग नहीं गिना गया है। फिर भी अनुमानत- ओबीसी जातियों की संख्या 50 फीसदी के आसपास है। जाति गणना को अनदेखा करने के पीछे असल भय राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में ऊंची और प्रभावशाली जातियों का वर्चस्व छिनना है और संख्याधारित आरक्षण के आगे योग्यता के मूल्य का हाशिए पर जाने का है।


इसका अर्थ यह नहीं कि ओबीसी में योग्य लोग नहीं हैं। वहां भी हैं, लेकिन अभी भी उच्चतम पदों और जिम्मेदारियों को संभालने वालों में ऊंची जातियां ही हावी हैं।

## अफीम से उपजी है मणिपुर की हिंसा

भारत का पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर पिछले कुछ महीनों से बड़े पैमाने पर हिंसा के कारण सुर्खियों में है। वहां अब तक लगभग डेढ़ सौ जानें गईं और सैकड़ों मकान फूंक डाले गए। लाखों लोगों ने जान बचाकर राहत शिविरों में शरण ली या दूसरे राज्यों में पलायन कर गए। वहां रहने वाले मैतेई और कुकी जनजाति के बीच परस्पर भरोसे की दीवार ढह गई। हालांकि दोनों समुदाय पहले से ही एक-दूसरे को संदेह की दृष्टि से देख रहे थे, लेकिन इन जातीय दंगों ने उनके बीच अब बड़ी खाई खोद दी है। दोनों प्रमुख समुदायों में नफरत की भावना इस कदर घर कर गई है कि दोनों एक-दूसरे को देखना भी नहीं चाहते। विभिन्न टिप्पणीकार इस भयावह हिंसा और मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं, लेकिन राज्य प्रशासन अब तक इस हिंसा पर काबू पाने के लिए कुछ ठोस नहीं कर पाई है। नतीजतन सर्वोच्च न्यायालय को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा है और उसने वहां के पुलिस महानिदेशक को तलब किया है। मणिपुर की इस अभूतपूर्व हिंसा का एक कारण है अफीम की अवैध खेती और ड्रग्स तस्करी, जिसमें न केवल कुकी जनजाति के लोग, बल्कि सत्तारूढ़ दल के कुछ सदस्यों के रिश्तेदार भी शामिल हैं। मणिपुर अफीम तस्करी के लिए आजादी के समय से ही जाना जाता रहा है। यह चीन, बांग्लादेश और म्यांमार का पड़ोसी है। म्यांमार से न केवल बड़े पैमाने पर अफीम की, बल्कि हशीश और मेथा नाम की नशीली दवा की तस्करी भारत में होती है। म्यांमार-मणिपुर सीमा 1,640 किलोमीटर लंबी है, जहां सतत निगरानी मुश्किल है। चूंकि यह पहाड़ी और दुर्गम जंगलों का इलाका है, इसलिए इन्हीं रास्तों से यहां अफीम आती रही है। हालांकि बाद में मणिपुर में धड़ल्ले से अफीम की अवैध खेती होने लगी। सरकारी अनुमानों के अनुसार, वहां लगभग 15,400 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती हो रही है। हालांकि वहां कई बार अफीम की फसल नष्ट करने का व्यापक अभियान चलाया गया, लेकिन उसे रोका नहीं जा सका है।

राज्य सरकार को दो-दो मोर्चों पर जूझना पड़ रहा है। एक ओर अवैध अफीम की खेती को नष्ट करना, दूसरी तरफ म्यांमार से आने वाले ड्रग्स पर अंकुश लगाना, जिसमें अफीम भी शामिल है। इस खेल में बहुत से भागीदारों के होने के कारण यह मसला और जटिल हो गया है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या है म्यांमार से अफीम व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी, जिसमें वहां के सैन्य शासक का भी दखल है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े अफीम उत्पादक देश म्यांमार की सीमाएं भारत और चीन, दोनों से मिलती हैं। थाईलैंड और लाओस भी इसके पड़ोसी देश हैं। ये उस कुख्यात ड्रग तस्करी क्षेत्र का हिस्सा हैं, जिसे स्वर्ण त्रिभुज कहते हैं और इसमें तीनों देश-लाओस, थाईलैंड और म्यांमार शामिल हैं। इसका इतिहास बहुत पुराना है। यहां से तस्करी के जरिये अफीम पहले चीन में भी पहुंचाई जाती थी, लेकिन कम्युनिस्ट शासन में वहां उसकी तस्करी कम हो गई। लेकिन भारत, बांग्लादेश और थाईलैंड में बाकायदा इसकी आपूर्ति होती रही। साठ के दशक में तो वियतनाम युद्ध के दौरान वहां की अफीम अमेरिकी सैनिकों में बेहद लोकप्रिय हो गई थी। लेकिन वियतनाम युद्ध खत्म होते ही यह धंधा चौपट हो गया। उसके बाद से तस्करों ने बड़े पैमाने पर अफीम भारत भेजना शुरू किया। फिर मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में अफीम की खेती होने लगी। पहले की सरकारें इसे अनदेखा करती रहीं, लेकिन बीरेन सिंह की भाजपा सरकार ने इस पर निशाना साधा। सरकारी एजेंसियों ने हजारों एकड़ में लगी अफीम की फसल जलानी शुरू की, जिससे स्थानीय लोगों में सरकार के खिलाफ काफी रोष पैदा हो गया। माना जाता है कि जातीय हिंसा का एक कारण यह भी बना और मैतेई तथा कुकी समुदायों के बीच दंगों की एक बड़ी वजह यही है।

# 'गांधी' की राह पर राहुल



तनवीर जाफ़री







देश ने वह इतिहास भी देखा है जबकि जून 1975 में आपातकाल की घोषणा करने व स्वतंत्र मीडिया को केंद्रीय सत्ता द्वारा नियंत्रित करने जैसे प्रयासों के बाद %तानाशाह% के रूप में प्रचारित की गयी इंदिरा गाँधी को देश की जनता ने सत्ता से हटा दिया था। उस समय इंदिरा गांधी का व्यक्तित्व विश्व के बड़े व लोकप्रिय नेताओं में हुआ करता था। 5 वर्ष पूर्व ही इंदिरा गाँधी के फ़ैसलों की बदौलत पाकिस्तान विभाजित हुआ था और बांग्लादेश नमक नया राष्ट अस्तित्व में आया था। इंदिरा गाँधी के सबल व कुशल नेतृत्व में ही भारतीय सेना ने 13 दिवसीय युद्ध के बाद 16 दिसंबर 1971 को ढाका में पाकिस्तानी सेना के 93,000 से अधिक सैनिकों का आत्मसमर्पण कराया था ।यह अब तक का विश्व का सबसे बड़ा सैन्य आत्म समर्पण है। इस निर्णायक जीत के बाद ही भारत एशिया में एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति के रूप में स्थापित हो गया था। परन्तु इंदिरा गांधी की इतनी महान राजनैतिक शख़्सियत होने के बावजूद देश की जनता ने उनके किसी भी तानाशाही प्रयासों को स्वीकार नहीं किया और आपातकाल हटने के बाद होने वाले चुनाव में 1977 में उन्हें सत्ता से बेदख़ल कर दिया। जनता पार्टी की सरकार बनते ही इंदिरा गाँधी को सताने व उन पर मुक़द्दमे चलाने व जाँच कमीशन बिठाने का सिलसिला शुरू हुआ। जनता यह भी ग़ौर से देखती रही। इंदिरा गाँधी व उनके पुत्र संजय गाँधी दोनों पर अनेक मुक़द्दमे चलने लगे। यहाँ तक कि 3 अक्टूबर 1977 को सीबीआई के अधिकारीयों ने शाम सवा 5 बजे इंदिरा गांधी को उनके घर से गिरफ़्तार कर लिया। दरअसल लाल कृष्ण आडवाणी सहित और भी कई नेता आपातकाल के दौरान विपक्षी नेताओं के साथ हुई कथित ज़्यादती का बदला लेने की ग़रज़ से इंदिरा गाँधी को गिरफ़्तार कर उन्हें जेल भेज कर अपमानित करना चाहते थे। यही वजह थी कि सत्ता के इशारे पर सीबीआई के अधिकारीयों ने इंदिरा गाँधी को शाम सवा 5 बजे केवल इसलिये गिरफ़्तार किया ताकि उन्हें तत्काल ज़मानत का अवसर न मिल सके और उन्हें कम से कम एक रात जेल में ज़रूर गुज़ारनी पड़े। बिना सुबूत के और केवल बदला लेने की ग़रज़ से की गयी इस गिरफ़्तारी में भी जब क़ानूनी कार्यवाही शुरू हुई और जज ने इंदिरा गाँधी पर लगाये जा रहे भ्रष्टाचारों के सबूत तलब किये तो उस समय भी अभियोग पक्ष (सरकार )के पास इंदिरा गाँधी को अपराधी साबित करने का के लिये कोई सबूत नहीं था। परिणाम स्वरूप इंदिरा गाँधी को अदालत ने बरी कर दिया। और जब जनता पार्टी में सर फुटव्वल मची तो इंदिरा गांधी की राजनैतिक सूझबूझ के चलते 1979 में देश में लोकसभा के उपचुनाव हुए। और मात्र ढाई वर्ष पूर्व सत्ता से तानाशाही जैसे आरोपों में सत्ता से हटने वाली इंदिरा गाँधी की सत्ता में पुन: वापसी हुई। इसी लिये इंदिरा गांधी से बदला लेने हेतु की गयी इस गिरफ़्तारी को ऑपरेशन ब्लंडर का नाम दिया गया था। कुछ वैसे ही या उससे भी बदतर हालात देश में एक बार फिर नज़र आ रहे हैं। राष्ट्र निर्माता प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को वर्तमान सत्ताधारियों व उनकी विचारधारा के लोगों द्वारा खूब अपमानित किया जा रहा है। उनकी उपलब्धियों को छुपाकर उनके चरित्र व तमाम राजनैतिक फ़ैसलों को दोषपूर्ण बताया जाता है। सोनिया गाँधी व उनके पुत्र कांग्रेस अध्यक्ष रहे राहुल गाँधी को अनेक मामलों में फंसाने की कोशिशें की जा रही हैं। नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस के नाम पर 75 वर्षीय सोनिया गांधी व राहुल गांधी से उन्हें कई बार ईडी के कार्यालय बुलाकर लंबी पूछताछ की गयी। यह भी राजनीतिक द्वेष की भावना से की गई कार्रवाई थी। दरअसल दक्षिण पंथियों को स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नेहरू-गाँधी परिवार व कांग्रेस पार्टी से इसलिये भी नफ़रत है क्योंकि यह परिवार व कांग्रेस पार्टी भारत की आत्मा में बसने वाली धर्मनिरपेक्ष विचारधारा के ध्वजावाहक है। जबकि वर्तमान केंद्रीय सत्ता खांटी हिंदूवादी सोच की अलम्बरदार है। इसीलिये समय समय पर सत्ता के शीर्ष से कांग्रेस मुक्त भारत की आवाज़ भी सुनाई देती रहती है।

गाँधी नेहरू परिवार से नफ़रत का यह सिलसिला राहुल गाँधी को घेरने उन्हें अपमानित करने व सताने के रूप में भी लगातार सामने आ रहा है। इसकी भी वजह यह है कि सत्ता की जिस दुखती नब्ज़ पर राहुल हाथ रखते हैं वह साहस विपक्ष का कोई भी नेता नहीं दिखा पाता। राहुल के परिवार की पृष्ठभूमि ही ऐसी है कि उन्हें डराना धमकाना आसान काम नहीं। पिता राजीव गाँधी और दादी इंदिरा गाँधी जैसे शहीदों की गोद में पले व खेले राहुल को कम से कम वह लोग डराने धमकाने में तो सफल हरगिज़ नहीं हो सकते जिनकी अपनी पृष्ठभूमि, संस्कार व परवरिश केवल अंग्रेज़ों की ख़ुशामद करने , नफ़रत के बीज बोने व साम्प्रदायिकता फैलाने की हो ? इसी कोशिश के तहत बड़े ही सुनियोजित तरीक़े से राहुल गाँधी पर अनेक भाजपा शासित राज्यों में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न मामलों में कई मुक़द्दमे दर्ज करा दिये गये हैं। ऐसे ही ।मोदी सरनेम वाले एक आपराधिक मानहानि के मामले में गुजरात में सूरत की एक निचली अदालत ने राहुल गाँधी को दो वर्ष के कारावास की अधिकतम सज़ा सुना डाली। सूरत के इस अदालती आदेश के ख़िलाफ़ जब राहुल गांधी गुजरात हाईकोर्ट तो आश्चर्यजनक तरीक़े से उन्हें वहां से भी राहत नहीं मिली। लोकसभाध्यक्ष ने आनन फ़ानन में राहुल की लोकसभा सदस्यता निलंबित की। यहाँ तक कि कुछ ही दिनों के भीतर उनसे उनका सरकारी बंगला भी ख़ाली करवा लिया। अंतत: उन्हें सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा जहाँ से पिछले दिनों उनकी सज़ा पर रोक लगाई गयी। सुप्रीम कोर्ट को अपने फ़ैसले में यह भी कहना पड़ा कि - ट्रायल जज ने बिना पर्याप्त कारणों और आधार के दो साल की अधिकतम सज़ा सुनाई है। यदि सज़ा दो साल से एक दिन भी कम होती तो राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त नहीं होती। इससे देश की जनता में साफ़ सन्देश गया कि सब कुछ पूर्णत: नियोजित तरीक़े से किया गया ताकि राहुल गाँधी को संसद से बाहर रखा जा सके और सत्ता को आईना दिखने वाले उनके चुभते सवालों से बचा जा सके।

परन्तु सत्ता द्वारा राहुल गाँधी को बदनाम, परेशान व अपमानित करने के तमाम प्रयासों के बीच इन सब की परवाह किये बिना वे कभी लगभग चार हज़ार किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा में पैदल चलकर देश की जनता से रूबरू होते हैं व शांति, प्रेम, सद्भाव व भाईचारे का पैग़ाम देते हैं। देश को इसी यात्रा में वे एक सूत्र देते हैं - मैं नफ़रत के बाज़ार में मुहब्बत की दुकान खोल रहा हूँ। लोकसभा की सदस्यता जाने के बाद तो राहुल जनता के दिलों के और भी क़रीब पहुँचते नज़र आये। कभी ट्रक में सवारी करते दिखाई दिये तो कभी मोटर साईकिल मिस्त्री की दुकान पर मिस्त्रियों के बीच बैठते, कभी सब्ज़ी मंडी में सब्ज़ी व्यवसाइयों से मिलते तो कभी किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई करते नज़र आये और कभी कुलियों से मुलाक़ात करते दिखाई दिये। यानी सत्ता द्वारा दबाने व षड़यंत्र करने की तमाम कोशिशों के बावजूद गांधी की राह पर आगे बढ़ते नज़र आ रहे हैं राहुल।

## श्रम का कोई विकल्प नहीं

बड़ी सफलता के पीछे निरंतर कठोर श्रम और दृढ़ संकल्प का समावेश होता हैद्य यह कल्पना करना छोड़ दीजिए की सफलता और धन रातो रात प्राप्त होते हैं। इसके लिए दूरदर्शी योजनाओं और कठिन परिश्रम की परम आवश्यकता होती है और सफलता के नेपथ्य में सदैव श्रम संकल्प और निरंतरता के साथ किया गया श्रम ही होता है। अनवरत श्रम हमेशा सफलता की ओर मार्ग प्रशस्त करता है इसमें यदि दृढ़ संकल्प ,संयम की युती भी हो तो सोने पर सुहागा होगी। हर कदम पर सफलता आपके कदमों पर होगीद्य हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा, उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा।

## आध्यात्मिकता की कसौटी

कोई भी मनुष्य इसलिए बड़ा नहीं कि वह अधिक से अधिक सांसारिक पदार्थों का उपभोग कर सकता है। अधिक से अधिक ऐश्वर्य जुटाने वाले तो बहुधा लुटेरे होते हैं। वे संसार को जितना देते हैं, उससे कहीं अधिक उससे छीन लेते हैं ।हम मनुष्य की सेवा-शक्ति को दृष्टि में रख कर ही उसे महान नहीं कह सकते। उसकी महानता की कसौटी यह नहीं हो सकती, क्योंकि इसके द्वारा परखे जाने पर तो अनेक पशु-पक्षी भी उसकी श्रेणी में आ विराजेंगे ।सभी जानते हैं कि चूहे, शृगाल, सुअर, कुत्ते, कौए, गिद्ध आदि पशु-पक्षी भी सड़े-गले और मल-मूत्रादि पदार्थों को खाकर वातावरण को शुद्ध कर देते हैं। यह भी प्रकट है कि सड़े-गले पदार्थों को शीघ्र ही हटा देने का जो उत्साह इन पशु-पक्षियों में पाया जाता है, वह प्राय- हम मनुष्य कहलाने वालों में भी नहीं पाया जाता ।अतएव न तो कर्म का परिणाम और न कर्मोत्साह ही महानता की कसौटी हो सकता है ।अत- मनुष्य की परख उसके कार्य के परिणाम से नहीं, किन्तु उस कार्य को प्रेरणा देने वाली भावनाओं से की जानी चाहिए ।जैसा मनुष्य का भाव हो, उसे वैसा ही समझना चाहिए। भगवान कृष्ण ने भी तो कहा है कि क्सभी मनुष्यों की भावना (श्रद्धा) उनके अंत-करण के अनुरूप होती है ।इसलिए जो पुरुष जैसी श्रद्धा वाला है, वह स्वयं भी वही है।'

**आत्म ज्ञानी,**
**राम इकबाल सिंह, नेकोफ, नई दिल्ली।**

## अधिवक्ता ( संशोधन ) विधेयक 2023 राज्यसभा में पारित - दलालों पर नकेल कसना तय



**सुनिए जी ! न्यायालयों, विभिन्न सरकारी प्राधिकरणों में दलाली करना अब छोड़ दीजिएगा, नए कानून में दलालों की लिस्ट प्रकाशन व तीन माह की सजा है**

**न्यायालयों, राजस्व सहित विभिन्न प्राधिकरणों में दलालों के रूप में कार्य करने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करना व 3 माह की सजा का प्रावधान सराहनीय - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर तेजी से डिजिटलाइजेशन हो रहा है। पारदर्शिता तेजी से बढ़ रही है महीनों का काम मिनटों से लेकर सेकंडो में हो रहा है। एक क्लिक से हजारों करोड़ रुपए गरीबों, किसानों, वंचितों के खातों में सीधे जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इसे जीरो टॉलरेंस तक पहुंचाया जा सके परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावतें सच है कि नियम बनते ही तोड़ने के लिए हैं और कानून में भी अनेक लीकेजेज होते हैं जिसका फायदा जानकार लोग उठा ही लेते हैं, परंतु सरकार भी इन लिकेजेस पर संज्ञान लेकर कानूनों में संशोधन कर उसे बंद करने का प्रयास करती है, इस प्रकार का संज्ञान कानून व्यवसाई अधिनियम के तहत आने वाले सभी पहलू पहले से ही अधिवक्ता अधिनियम 1961 में शामिल है ।परंतु न्यायालय क्षेत्र में भी दलालों की बढ़ती दस्तक, कार्यरेखा, हस्तक्षेप को ध्यान में रखते हुए, उच्च न्यायालय जिला न्यायालय, सत्र न्यायालय, राजस्व अधिकारी जैसे एसडीओ तहसीलदार पटवारी सहित सभी निचले स्तर तक कार्यालयों ने अपने परिसर में कार्य करने वाले ज्ञात दलालों की सूची बनाकर उनका वहां प्रसारण कर प्रवेश प्रतिबंधित कर सके और इस परिसर में दिखने पर 3 माह की सजा या 500 रुपए जुर्माना या दोनों के रूप में सजा के पात्र होंगे। आज हम करीब करीब हर शासकीय कार्यालय में देखते हैं कि नीचे से लेकर ऊपर तक दलालों का ही बोलबाला है और करीब करीब हरएक छोटे से लेकर बड़ा काम भी हर शासकीय कार्यालय में दलालों के हस्ते ही शीघ्रता से होता है बस!! मोटी रकम लगती है जो कि पूरी चैनल को बटती है यह मेरी नजरों के सामने होते ही रहता है। या यूं कहें कि अधिकतम नागरिक इस चैनल से पीड़ित हैं जिसकी मुख्य कड़ी दलाल ही होता है। परंतु मेरा मानना है कि चूंकि इस संशोधित कानून ने दलालों की सूची जो कि उसे उन अधिकारियों के द्वारा ही बनाई जाएगी जो चैनल में शामिल हैं, तो फिर इस संशोधन का कोई मूल्य नहीं रहेगा? क्योंकि जैसा कि मैं देखता हूं अधिकारियों की लिंक दलालों से अंदर खाने होती ही है, उसके इशारे फोन या कोडवर्ड से ही वह अधिकारी काम कर देता है फिर उसका पार्सल उसे साप्ताहिक मासिक मिल जाता है ।यह तस्वीर हर उस व्यक्ति को मालूम होगी जो इन शासकीय कार्यालयों में अपना काम कराने जाता है याने पटवारी से लेकर उच्चस्तर तक होता हैं इसका अंदाजा उनकी लाइफस्टाइल से ही लगाया जा सकता है कि अंदर खाने कैसी मलाई के वारे न्यारे होते हैं। बस! अब जरूरत है हर अधिकारी द्वारा अपनी अंतरात्मा की आवाज़ सुनकर पूर्ण ईमानदारी के साथ दलालों की सूची बनाकर परिसर में प्रकाशित करें और दलालों को 3 माह की सजा दिलाने का लक्ष्य रखें! तभी इस संशोधित कानून की सार्थकता सिद्ध होगी। चूंकि यह बिल राज्यसभा में दिनांक 3 अगस्त 2023 को पारित हो चुका है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 राज्यसभा में पारित- दलालों पर नकेल कसना तय।

साथियों बात अगर हम अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 की करें तो यह एक नया खंड, धारा 45 ए पेश करता है, जिसका शीर्षक है दलालों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने की शक्ति'। यह धारा दलाल होने के कृत्य को तीन महीने तक की कैद, पांच सौ रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडनीय बनाती है। विधेयक दलाल को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित करता है, जो पारिश्रमिक के विचार से, एक कानूनी व्यवसायी का रोजगार प्राप्त करता है या किसी कानूनी व्यवसायी या किसी कानूनी व्यवसाय में इच्छुक पार्टी को ऐसे रोजगार का प्रस्ताव देता है। यह उन व्यक्तियों को भी संदर्भित करता है जो ऐसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए अदालत परिसरों, राजस्व कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आते-जाते हैं।

विधेयक का उद्देश्य महत्वपूर्ण बदलाव करना है, विशेष रूप से दलाल के कृत्य को दंडनीय बनाने और पुराने कानूनी व्यवसायी अधिनियम, 1879 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने पर ध्यान केंद्रित करना है। विधेयक में कहा गया है कि दलालों से संबंधित मामलों को छोड़कर, कानूनी व्यवसायी अधिनियम, 1879 के तहत आने वाले सभी पहलू पहले से ही अधिवक्ता अधिनियम, 1961 में शामिल हैं। इसमें आगे उल्लेख किया गया है कि लीगल प्रैक्टिशनर्स एक्ट, 1879 की धारा 1, 3 और 36 को छोड़कर सभी धाराएं, अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अनुसार पहले ही निरस्त कर दी गई हैं। नया अनुभाग उच्च न्यायालय, जिला न्यायाधीश, सत्र न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और राजस्व अधिकारियों सहित विभिन्न प्राधिकरणों को दलालों के रूप में कार्य करने के लिए सामान्य प्रतिष्ठा या आदतन गतिविधियों के साक्ष्य के माध्यम से सिद्ध व्यक्तियों की सूची तैयार करने और प्रकाशित करने का अधिकार देता है। आवश्यकतानुसार सूचियों में संशोधन किया जा सकता है ।इसके अलावा, विधेयक स्पष्ट करता है कि यदि कानूनी व्यवसायियों के संघ के अधिकांश सदस्यों द्वारा इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से बुलाई गई बैठक में किसी व्यक्ति को दलाल होने या न होने की घोषणा करने वाला प्रस्ताव पारित किया जाता है, तो यह सामान्य साक्ष्य के रूप में काम करेगा।

साथियों बात अगर हम इस विधेयक की ज़रूरत की करें तो, कानून के उद्देश्यों और कारणों के अनुसार, संशोधन एक एकल अधिनियम, अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के माध्यम से कानूनी पेशे को विनियमित करने में मदद करेगा राज्यसभा में विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री ने कहा कि कानूनी पेशा एक महान पेशा है और गैरकानूनी प्रथाओं से सख्ती से निपटा जाना चाहिए। इसका उद्देश्य कानूनी पेशे को एक ही अधिनियम द्वारा विनियमित करना है और दलालों को लक्षित करना है। विधेयक में प्रावधान है कि प्रत्येक उच्च न्यायालय और जिला न्यायाधीश दलालों (वे जो किसी भी भुगतान के बदले में कानूनी व्यवसायी के लिए ग्राहक खरीदते हैं) की सूची तैयार और प्रकाशित कर सकते हैं। विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

साथियों बात अगर हम दलाल की परिभाषा समझने की करें तो, इस विधेयक के अनुसार दलाल या %टाउट% वो व्यक्ति है जोपारिश्रमिक के लिए, एक कानूनी व्यवसायी को या लीगल बिजनेस में दिलचस्पी रखने वाली किसी पार्टी को एक दूसरे कानूनी व्यवसाय के रोजगार की सलाह देता है। यह वो लोग हैं जो इस तरह की गतिविधियों के लिए अक्सर कोर्ट परिसर, रेविन्यू ऑफिसेज, रेलवे स्टेशन्स और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नजर आते हैं। अब कानून में संशोधन आने से दलालों पर शामत आना तय है, उनकी नकेल कसना तय है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 राज्यसभा में पारित - दलालों पर नकेल कसना तय। सुनिए जी ! न्यायालयों, विभिन्न सरकारी प्राधिकरणों में दलाली करना अब छोड़ दीजिएगा, नए कानून में दलालों की लिस्ट प्रकाशन व तीन माह की सजा है ।न्यायालओं, राजस्व सहित विभिन्न प्राधिकरणों में दलालों के रूप में कार्य करने वाले व्यक्तियों की सूची तैयार करना व 3 माह की सजा का प्रावधान सराहनीय है।

## शार्ट न्यूज

### रायबरेली: 18 लाख के मोबाइल पहुंचे वास्तविक मालिकों के पास

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली की पुलिस और सर्विलांस टीम ने करीब 18 लाख रुपये के 102 चोरी हुए व गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करके उनके मालिको को वापस किया, जिसके कारण पुलिस अधीक्षक ने टीम को 05 हज़ार रुपए के पुरुस्कार से सम्मानित किया है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने रविवार को बताया कि जिले की पुलिस और सर्विलांस टीम ने करीब 18 लाख रुपये के 102 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद सभी फोन उनके मालिको को वापस किये गए जिसके कारण पुलिस अधीक्षक ने सर्विलांस व एसओजी टीम को 5 हज़ार रुपए नगद के पुरुस्कार से सम्मानित किया है।बरामद फोनों में करीब 12 कम्पनियों के फोन शामिल है जिसमे 01 आई फोन का भी मोबाइल है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार विभाग ने पहले गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल व टेबलेट आदि की बरामदगी के लिए एक लिंक जारी किया था, जिसके कारण पीड़ित लोगों को काफी सुविधा हो गयी और इसी लिंक के जरिये व अन्य तरीकों से पुलिस को जिन लोगो ने अपने चोरी या गुमशुदा फोन का विवरण उपलब्ध कराया उनके फोन सर्विलांस टीम ने थोड़ी सी मशक्कत के बाद बरामद कर लिए।

### फतेहपुर में 3 चोर गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले 3 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी की पांच बाइक को बरामद किया। पुलिस को तलाशी के दौरान तमंचा कारतूस और नकद रुपये भी मिला है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए शातिर बाइक चोरों के खिलाफ पहले से कई मुकदमा दर्ज है। जिसका खुलासा पुलिस ने किया है। जिले के मलवां थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे तभी एक बाइक पर तीन युवक आते दिखे तो बाइक को रोककर कागज मांगने पर नही दिखा सके और भागने का प्रयास करने लगे जिस पर पुलिस बल ने तीन युवकों को पकड़कर तलाशी ली तो दो तमंचा और कारतूस बरामद होने पर कड़ाई से पूछताछ किया तो बाइक चोरी की होना बटायी। पकड़े गए शातिर अपराधी के निशानदेही पर पुलिस ने झाड़ियों में छिपाकर रखे 4 और बाइक को बरामद करा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि मलवां थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ वाहन चेकिंग कर रहे तभी एक बाइक पर 3 बाइक चोर जो चोरी की बाइक के साथ जा रहे थे उनको रोककर तलाशी ली तो दो तमंचा कारतूस और 1550 रुपये नकद बरामद किया गया।

### 4 सिपाही और अर्दली चपरासी बर्खास्त

**वाराणसी।** पुलिस सेवा में लगातार लापरवाही और अनुशासनहीनता के चलते चार सिपाहियों समेत पांच पुलिसकर्मियों को अपनी नौकरी गवांनी पड़ी। पुलिस कर्मियों के खिलाफ सीओ की जांच रिपोर्ट के बाद शासन ने बर्खास्तगी की कार्रवाई की है। शनिवार को सभी को सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी कर दिया गया। कार्रवाई की सूचना के बाद महकमे में हडकंप मचा है। वहीं, पुलिस लाइन से लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे कई पुलिसकर्मियों को भी रिमांडर नोटिस भेजा गया है। वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात चार सिपाही सहित पांच पुलिस कर्मियों को शनिवार को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इसमें 1994 बैच का सिपाही हरिबंश भारती, 2018 बैच का सिपाही अमित कुमार, 2015 बैच का सिपाही संजय कुमार शुक्ला व 2014 बैच का मनोज कुमार तिवारी और अर्दली चपरासी अमृत लाल शामिल है। पुलिस कमिश्नर की ओर से बर्खास्त पुलिस कर्मियों के पते पर नोटिस भेजा गया है, संबंधित थानों में भी चस्पा करने की कार्रवाई की गई है। वरुणा जोन/मुख्यालय एवं अपराध पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि पांचों पुलिस कर्मियों के खिलाफ अनुशासनहीनता के अलग-अलग मामलों में शिकायतें थीं। विभागीय जांच में पांचों पुलिसकर्मी दोषी पाए गए।

### बलिया में तीन ठग समेत 9 लोग गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया की रसड़ा पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए तीन शातिर ठगों ने चोरों को अवैध तमंचा तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। नगरा पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित छः वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी को सुसंगत धाराओं के तहत पेश न्यायालय कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रसड़ा प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में दिनांक रविवार को रसड़ा पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अमरजीत यादव मय फोर्स द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर चोरी से संबंधित सन्तोष कुमार सोनी पुत्र स्व. गोविन्द प्रसाद सोनी निवासी जीरा बस्ती थाना सुखपुरा जनपद बलिया को एक तमंचा, एक जिन्दा कारतूस तथा चोरी के दो हजार रुपए ,बबलू प्रसाद पुत्र गोपाल गोड़ निवासी जगदीशपुर थाना कोतवाली जनपद बलिया को एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर व चोरी के पन्द्रह सौ रुपये, बब्बन पासवान पुत्र प्रेमचन्द पासवान निवासी विजयीपुर थाना कोतवाली जनपद बलिया को एक तमंचा .315 बोर, एक जिन्दा कारतूस .315 बोर व चोरी के पन्द्रह सौ के साथ सिधागर घाट तिराहा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, अभियुक्तगण घरों में चोरी के अलावा ठगी का काम भी करते है, सोने व चाँदी के नकली आभूषण दिखाकर लोगों को ठगने का काम करते है, इनके खिलाफ जनपद मऊ व जनपद बलिया में दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं।

### आजमगढ़ में रेप का आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले की पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर रेप की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने नौ जुलाई को मुबारकपुर थाने की पुलिस से शिकायत किया था। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि आरोपी विवेक सिंह उर्फ सोनू जो कि मुबारकपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। इस विवेचना के दौरान पीड़िता को बरामद कर लिया गया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया। मेडिकल में रेप की पुष्टि होते ही आरोपी के विरूद्ध रेप और पाक्सो एक्ट की वृद्धि की गई और इसी के तहत आरोपी की गिरफ्तारी की गई। इस मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर मुन्नीलाल ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस विवेचना के तहत आरोपी विवेक सिंह उर्फ सोनू को गोछा बार्डर से हिरासत में लेकर पूछताॅछ की गई। आरोपी को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### बलरामपुर में बाइक चोर गिरोह पकड़ा

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले की एसओजी एवम नगर कोतवाली की पुलिस ने बाइक चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि नगर में मोटरसाइकिल की बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसओजी और नगर कोतवाली की पुलिस टीम अपराधियों की तलाश में लगी हुई थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी की मोटरसाइकिल लेकर तुलसीपुर की तरफ जा रहे हैं। सूचना मिलते ही एसओजी और नगर कोतवाली की पुलिस सक्रिय हो गई और मुखबिर द्वारा बताए गए तुलसीपुर रोड पर रानी तालाब के पास पहुंच गए। तभी दो मोटरसाइकिल पर आते हुए चार लोग दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोके जाने पर चारो मोटरसाइकिल से भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए चारों लोगों से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए। जिस पर वे आनाकानी करने लगे। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ किए जाने पर चारो ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पकड़े गए सोनू कनोजिया पुत्र बुधाई राम निवासी ग्राम गेंजहवा, कोतवाली देहात बलरामपुर सगुन सिंह उर्फ प्रियांशु प्रताप सिंह पुत्र कमलेश प्रताप सिंह निवासी भगवतीगंज कोतवाली नगर ,शिवम जयसवाल उर्फ गोलू पुत्र राम सहाय निवासी नील कोठी थाना देहात एवं अशोक यादव पुत्र राकेश यादव निवासी विश्नीपुर भगवतीगंज कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर न्यायलय के लिए रवाना कर दिया गया है।

# योगी ने विधान भवन में डिजिटल कॉरिडोर का किया उद्घाटन

- विधान भवन में नवीनीकृत गैलरी और बीजेपी विधान मंडल दल कार्यालय कक्ष का भी सीएम ने किया उद्घाटन
- मुख्यमंत्री ने विधान भवन में नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का किया उद्घाटन
- विधानसभा के गाइडेड टुअर की वेबसाइट का सीएम योगी ने किया उद्घाटन
- मानसून सत्र से पहले मुख्यमंत्री ने की सर्वदलीय बैठक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विधान भवन में विभिन्न कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम यहां बनी डिजिटल वीथिका भ्रमण कर अवलोकन किया। इसके विधान भवन के प्रथम तल पर नव निर्मित डिजिटल कॉरिडोर का उन्होंने उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने द्वितीय तल पर नवीनीकृत गैलरी और भारतीय जनता पार्टी विधान मंडल दल कार्यालय कक्ष का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने नव निर्मित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन किया। साथ ही उत्तर प्रदेश विधान सभा में माननीय अध्यक्ष श्री सतीश महाना का एक वर्ष नामक पुस्तक का विमोचन किया। इसके अलावा उन्होंने विधानसभा के गाइडेट टुअर की वेबसाइट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, संजय निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

#### मानसून सत्र से पहले मुख्यमंत्री ने की सर्वदलीय बैठक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विधानसभा में सर्वदलीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनसमस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने सभी दलों को सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि सात अगस्त से शुरू हो रहे मानसून सत्र का आयोजन संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप होना चाहिए। सदन एक सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सदस्य सदन में केवल हाजिरी न लगाएं बल्कि सदन में उपस्थित भी रहें, जिससे प्रदेश का विकास हो सके। सदन में जनहित में सामूहिक चर्चा करनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सदन चलने पर ही सभी समस्याओं का निदान होता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से रिटायर्ड दरोगा की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया शहर में एसपी आवास के निकट नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर रविवार सुबह टहलने निकले रिटायर्ड दरोगा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शहर में एसपी आवास के निकट रहने वाले रामप्रकाश उर्फ भारत (69 वर्ष) उत्तर प्रदेश पुलिस के दरोगा के पद से रिटायर्ड थे। वह औरैया में बेटे के साथ घर में ही परचूनी की दुकान किए थे। वह रोज की तरह आज सुबह भी टहलने के लिए नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर निकले थे। टहलते समय ही की किसी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। उधर से निकले लोगों ने जब भारत को खून से लथपथ सड़क पर पड़ा देखा तो परिजनों और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# गाजीपुर में हत्याकांड के 3 और आरोपी गिरफ्तार



**गाजीपुर।** गाजीपुर में स्वाट, सर्विलांस और थाना भुड़कुड़ा की संयुक्त टीम ने एक हत्याकांड के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों पर घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है।

इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई बाइक और असलहा भी बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने थाना भुड़कुड़ा अन्तर्गत ग्राम रामबन में 23 जुलाई की रात गोविन्द चौहान की गोली मारकर हुयी हत्या का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया कि मामले में मृतक के पुत्र अरविन्द चौहान द्वारा 02 लोगो को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें वादी मुकदमा के बयान के आधार पर नामजद हवलदार चौहान को 24 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है।

वारदात की अत्यधिक गहनता से जांच/विवेचना ज्ञात हुआ कि मृतक गोविन्द चौहान का छोटेलाल चौहान के साथ मकान/जमीन का विवाद चल रहा था, जिसको लेकर छोटे लाल ने अपने दो अन्य साथियों मनोज यादव और बबलू उर्फ राजेश राम, जो आपराधिक प्रवृत्ति के है और जिन पर पूर्व में भी आपराधिक मुकदमें पंजीकृत है, के साथ मिलकर गोविंद की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन तथ्यों की प्रकाश में छोटे लाल चौहान व घटना में शामिल उसके दोनो साथियों को मुखबिर की सूचना पर चौजा पुल से गिरफ्तार किया गया।

# अगवा छात्र को पुलिस ने 12 घंटे में किया सकुशल बरामद

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में चालीस लाख रुपए की फिरौती के लिए अगवा छात्र को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने 12 घंटे में सकुशल बरामद किया।

मुठभेड़ में गोली लगने से दारोगा व दो बदमाश घायल हो गए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हेमराज मीणा ने रविवार को बताया कि शनिवार की शाम मझौला थाना क्षेत्र के बुद्धिविहार कालोनी से शनिवार शाम फिरौती के लिए अगवा किए गए।

निजी टेलीकॉम कंपनी में कार्यरत टेक्नीशियन नवनीत गुप्ता के सात वर्षीय बेटे वैदिक गुप्ता को अपहरण के 12 घंटे में सकुशल बरामद कर दोनों अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बुद्धिविहार कालोनी के सेक्टर 09-बी निवासी नवनीत गुप्ता के बेटे वैदिक गुप्ता (07)का घर के बाहर साइकिल चलाने के दौरान लगभग छह बजकर तीस मिनट पर कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। अपहरण के लगभग एक घंटे बाद वैदिक गुप्ता के पिता नवनीत गुप्ता के फोन पर अनजान नंबर से काल आई थी जिसमें चालीस लाख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। वैदिक गुप्ता मुरादाबाद स्थित आर्यसं इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दो का छात्र है।

# चंदौली में ट्रक की टक्कर से 3 की मौत

### ट्रक सहित चालक को किया गिया गिरफ्तार, मरने वालों में 1 पुरुष और 2 महिला शामिल

**चंदौली।** चंदौली के अलीनगर थानाक्षेत्र के पचफेड़वा गांव के पास रविवार को बाइक सवार तीन लोगों को अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते दो महिला और एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं सक्रियता दिखाते हुए ट्रक को कब्जे में लेने के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की जानकारी के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। लोग रोत बिलखते जिला अस्पताल पहुंच गए। जानकारी के अनुसार मुगलसराय



कोतवाली क्षेत्र के काली महाल निवासी शंकर राम का पुत्र अनिल कुमार (20) रविवार को बाइक पर दो महिलाओं को बैठाकर पुराने जीटी रोड से अलीनगर की ओर जा रहा था।

बाइक लेकर अनिल जैसे ही आलमपुर पुलिस पिकेट के पास पहुंचा, चंदौली की ओर से जा रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही अनिल कुमार व एक महिला की मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

#### शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही

रास्ते में ही गम्भीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं परिजनों को भी सूचना दी गई। आनन-फानन में परिजन भी रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पुलिस के अनुसार मृतक महिलाओं की शिनाख्त काली महल के अनिता और सुनिता के रूप में हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से यह हादसा हुआ है। मौके पर दो लोगों की मौत हो गई। वहीं जिला अस्पताल जाते-जाते महिला की मौत हो गई। आधार कार्ड से मृतकों की पहचान की गई है। वहीं परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। जिसमें तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

# सब्जियों के दामों में बढोत्तरी से रसोई का बिगाड़ा बजट

**शामली।** सब्जियों के दामों में आ रहे उछाल का असर अब उत्तर प्रदेश के शामली में लोगों की जेब पर लगातार बोझ बढता जा रहा है। सब्जी मे दामों में बढोत्तरी से सबसे ज्यादा गृहणियों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

टमाटर ने तो अब तक के सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं। बाजार में टमाटर के दाम 180 से 200 रुपये तक पहुंच गए हैं, इसके अलावा अन्य सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं जिससे मध्यमवर्गीय परिवार के साथ-साथ मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों की थाली से सब्जियां गायब हो रही हैं।

इन दिनों सब्जियों के दामों में हो रही बढोत्तरी से लोगों के होश उडे हुए हैं। प्रत्येक घर की रसोई में बनने वाली हर सब्जी में जहां टमाटर का इस्तेमाल



बढ-चढकर किया जाता है, वहीं आज उसी टमाटर ने लोगों के पसीने निकाल रखे हैं। बाजार में इस समय टमाटर के दाम 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं जिसे खरीदना अब मध्यमवर्गीय परिवार व मेहनत मजदूरी करने वाले लोगों के बस के बाहर की बात हो गयी है जिससे अब सब्जी से टमाटर पूरी तरह गायब हो गया है। इसके अलावा कई अन्य सब्जियों के दामों में भी तेजी आयी है। आलू 120 रुपये प्रति पांच किलो के हिसाब से बिक रहा है, इसके अलावा लौकी, तौरई, बैंगन, पेठा, पपीता, बंदगोभी, शिमला मिर्च के दाम भी बढे हैं। गृहणी वर्षा ने बताया कि पहले परिवार में दो सब्जियां आराम से बन जाती थी लेकिन सब्जियों के दामों में हो रही बढोत्तरी के कारण अब थाली में केवल एक ही सब्जी नजर आ रही है। वहीं सुषमा मित्तल ने बताया कि सब्जियों के दामों ने रसोई का बजट बिगाड कर रख दिया है। टमाटर तो अब रसोई में देखने को भी नहीं मिल रहा है। पहले हर सब्जी में टमाटर का प्रयोग होता था लेकिन अब दस बार सोचना पड रहा है।

हाउस वाइफ सीमा ने बताया कि टमाटर के दाम 200 रुपये तक पहुंच गए है जिसे खरीदना अब बूते से बाहर हो गया है। अन्य सब्जियों के दाम भी बढे हैं। अनुराधा ने बताया कि महंगाई से पहले ही लोग त्रस्त है, अब सब्जियों के दामों खासतौर पर टमाटर के दामों में बढोत्तरी से रसोई का बजट बिगड गया है। सरकार को बढती महंगाई पर ध्यान देना चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# आजमगढ़ में 23 साल पुराने मामले में 22 दोषमुक्त

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले की एक अदालत ने मुबारकपुर कस्बे में करीब 23 साल पुराने शिया सुन्नी समुदाय के बीच हुए दंगे के मामले में पर्याप्त सबूतों के अभाव में 22 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट नंबर दो रमेश चंद्र ने शनिवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार पांच नवंबर 2000 को मुबारकपुर कस्बे में वादी मुकदमा अजादर हुसैन शाम सात बजे अपनी दुकान पर मौजूद थे कि तभी सुन्नी संप्रदाय के लोगों ने हुसैन की दुकान पर धावा बोल दिया। दुकान में जमकर लूटपाट की और बम के हमले में



दुकान में मौजूद मोहम्मद हुसैन तथा मुख्तार को गंभीर चोट आई।

इस मामले में पुलिस ने कुल 26 आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित किया। दौरान मुकदमा आरोपी खलीलुर्रहमान , कुर्तुलएन ,एहतशामुरहमान तथा नौशाद की मृत्यु हो गई। अभियोजन पक्ष की तरफ से कुल सात गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया।

# झांसी: प्राइवेट एंबुलेंस में लगी आग, मचा हडकंप

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के पास खड़ी एक प्राइवेट एंबुलेंस में रविवार सुबह आग लगने से हडकंप मच गया। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर दो के सामने मेवा चौधरी वाली गली में खड़ी निजी एंबुलेंस में उस समय आग लग गयी जब कार मालिक कमलेश राजपूत कार में लगे गैस सिलेंडर को एलपीजी सिलेंडर से भरने का काम कर रहा था। ठीक इसी दौरान किसी स्पार्किंग के कारण एंबुलेंस में आग लग गयी। आसपास के लोगों ने आनन फानन में फायर ब्रिगेड को फोन किया। फायर ब्रिगेड की एक बड़ी और एक छोटी गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का काम किया। कार जिस जगह पर खड़ी थी वहीं पर एक कबाड़ की भी दुकान थी। फायर ब्रिगेड की गाडियों ने आस पास भी फैली आग पर काबू पाया।

पुलिस ने बताया कि एंबुलेंस लगभग पूरी तरह से जल चुकी है। प्रथमदृष्टया यह लग रहा है कि एलपीजी सिलेंडर से कार के सिलेंडर की रिफिलिंग की जा रही थी। अभी आरटीओ से इस एंबुलेंस का नंबर निकलवाकर बाकी दस्तावेजों की जानकारी ली जायेगी। इस बीच एंबुलेंस मालिक को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### महोबा : युवक की डूबने से हुई मौत

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र में रविवार को एक युवक की बांध में डूबकर मौत हो गई। पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि मंगरोल कलां गांव का युवक वीरेंद्र कुशवाहा(32) सुबह अपने चचेरे भाई अलखराम के साथ बड़खेरा बांध में मछली पकड़ने गया था। जहां गहरे पानी मे उतर जाने से वह डूब कर मौत का शिकार बन गया। घटना की जानकारी अलखराम ने वापस घर लौट कर परिजनों को दी। जिसके बाद सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच गोताखोरों की मदद से मृतक के शव को बांध से बाहर निकलवाया। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# भदोही : गंगा का जलस्तर बढ़ने से किनारे बसे गांवों के लोगों की बढ़ी परेशानी

**भदोही।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से गंगा का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। गंगाजल स्तर में लगातार हो रहे बढ़ाव से उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में नदी किनारे बसे दर्जनों गांव के लोग सहमे हुए हैं।

अधिशासी अभियंता सिंचाई पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से गंगा जल स्तर में लगातार वृद्धि हो रही हो रही है। इधर लगभग 02 सप्ताह से गंगा घटाव पर थी लेकिन शुक्रवार से नदी का पानी अचानक बढ़ने लगा। उन्होंने बताया कि रविवार को सुबह 8 बजे सीतामढ़ी में गंगा 74. 310 मीटर व केहुनी में 76. 900 मीटर पर बह रही थी। सीतामढ़ी में 3.9



सेंटीमीटर/घंटा तथा केहुनी में 6.4 सेंटीमीटर/प्रति घंटे की दर से पानी बढ़ रहा है।

इससे पूर्व शनिवार को सुबह 8 बजे सीतामढ़ी में गंगा 73.410 मीटर व केहुनी में 75.450 मीटर पर बह रही थी जबकि खतरे का निशान 81.200 मीटर पर है। सीतामढ़ी में 4.0 सेमी/प्रति घंटा तथा केहुनी में गंगा का पानी 2.1सेमी/घंटे की दर से बढ़ रहा था।

गंगा नदी के बढ़ाव के कारण रामपुर घाट व सीतामढ़ी में सीढ़ियां डूबने लगी हैं। जिला प्रशासन स्तर से स्थानीय लोगों को एहतियात बरतने के साथ पानी में कतई न उतरने की सलाह दी गई है। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखकर नाविक भी सतर्क हो गए हैं। बड़ी ही सावधानी के साथ गिने-चुने लोगों को बैठाकर मल्लाह पानी में नौका उतार रहे है। गंगाजल में हो रहे लगातार बढ़ाव से तटवर्ती के ग्रामीण पूरी तरह सहमे हुए हैं। ग्रामीणों को डर है कि पानी इसी तरह बढ़ता रहा तो ज्वार, बाजरा, मक्का, अरहर, बाजरा तथा धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है।

# लखीमपुर में पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

### परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया

**गोला गोकर्ण नाथ।** लखीमपुर में थाना नीमगांव के कोरैया तालुकेदार में एक किशोर का शव शनिवार की शाम को गन्ने के खेत में पेड़ से लटका मिला। पुलिस को सूचना देने के बाद थानाध्यक्ष नीमगांव अजीत कुमार मय दल-बल के पहुंचे और शव का पंचनामाभर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

वहीं परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि गेहूं चुराने के आरोप में किशोर को मारा-पीटा और लटका दिया है।

बता दें कि गांव कोरैया तालुकेदार के राधेश्याम का 14 वर्षीय पुत्र सागर का शव शाम के समय गांव के बाहर गन्ने के खेत में एक नीम के पेड़ से लटका मिला था।

जिसकी सूचना पर रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और रोकर गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। किशोर के पिता राधेश्याम ने बताया कि शनिवार को गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके बेटे पर गेहूं चुराने का आरोप लगाया था और उसे दौड़ाकर पीटा भी था। उसी व्यक्ति की यह साजिश है कि रंजिशन उसने बेटे के साथ किया है। उसके साथ 3 और लोगों ने उसके बेटे को मारा-पीटा और हत्या कर शव पेड़ से लटका दिया है।

वही थानाध्यक्ष नीमगांव अजीत कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। हालांकि, परिजनों ने गांव के ही चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। लेकिन अभी सिर्फ पोस्टमार्टम के लिए ही लिखित दस्तावेज तैयार किया गया है। यदि कोई तहरीर मिलती है तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ज्ञानवापी के बाद अब शाही ईदगाह के सर्वे की मांग

**मथुरा।** वाराणसी में न्यायालय द्वारा ज्ञानवापी का एएसआई द्वारा सर्वे की अनुमति देने के बाद अब मथुरा में शाही ईदगाह के सर्वे कराए जाने की मांग उठने लगी है। हिंदू पक्ष का दावा है कि शाही ईदगाह मंदिर को तोड़कर बनाई गई जिसके प्रमाण आज भी वहां मौजूद हैं।

शाही ईदगाह में मौजूद प्रमाण के फोटो और पुस्तकों की वृंदावन में प्रदर्शनी लगाई गई। जिसके जरिए आम लोगों को यह बताने की कोशिश की जा रही है कि शाही ईदगाह में मंदिर होने के प्रमाण मौजूद हैं। श्री कृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने की मांग को लेकर न्यायालय में वाद दाखिल करने वाले श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप ने प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में कुछ तस्वीर और किताब रखी गई हैं।

## शार्ट न्यूज

### मुकेश अंबानी ने लगातार तीसरे साल नहीं ली सैलरी

**नयी दिल्ली।** भारत के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने लगातार तीसरे साल कोई सैलरी नहीं ली। यानी वह पिछले तीन साल से बिना किसी वेतन के अपनी कंपनी में काम कर रहे हैं। कोविड महामारी के चलते जब अर्थव्यवस्था और बिजनेस प्रभावित हो रहे थे, तब कंपनी हित में श्री मुकेश अंबानी ने स्वेच्छा से अपना वेतन छोड़ दिया था। रिलायंस की वार्षिक रिपोर्ट में बताया गाय है कि वित्त वर्ष 2022-23 में अंबानी का पारिश्रमिक शून्य था। विगत तीन वर्षों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर की भूमिका के लिए मुकेश अंबानी ने वेतन के अलावा किसी भी प्रकार के भत्ते, अनुलाभ, सेवानिवृत्ति लाभ, कमीशन या स्टॉक ऑप्शनंस का लाभ भी नहीं लिया। इससे पहले व्यक्तिगत उदाहरण पेश करते हुए श्री अंबानी ने अपनी सैलरी 15 करोड़ रु तक सीमित कर दी थी। वे 2008-09 से 15 करोड़ की सैलरी ले रहे थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज में निखिल मेसवानी की सैलरी वित्त वर्ष 2022-23 में पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले एक करोड़ रु बढ़कर 25 करोड़ रु सालाना पहुंच गई।25 करोड़ रु वार्षिक वेतन पर हितल मेसवानी भी कंपनी में काम कर रहे हैं। ऑयल और गैस बिजनेस से जुड़े पी एम प्रसाद का वेतन 2021-22 में 11.89 करोड़ था जो 2022-23 में बढ़कर 13.5 करोड़ हो गया।

### हवाई अड्डों को बेहद आलीशान बनाने और फिजूलखर्ची से बचे सरकार

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने सिफारिश की है सरकार को देश के हवाई अड्डों को बेहद आलीशान बनाने और उन पर फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सरकार को कोशिश करनी चाहिए कि यात्री लागत आम आदमी की पहुंच में रहे। राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार की अध्यक्षता वाली समिति ने कहा कि हवाई सेवाओं के सबसे महत्वपूर्ण हितधारक आम नागरिक हैं, जिनकी हवाई यात्रा करने की आकांक्षा समय बीतने और अर्थव्यवस्था के विकास के साथ बढ़ेगी। संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के अन्य हवाई अड्डों की तुलना में भारत के हवाई अड्डों में उपयोगकर्ता शुल्क किफायती और प्रतिस्पर्धी रहना चाहिए। बता दें कि समिति की यह रिपोर्ट राज्यसभा में पेश की गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत एक विकासशील देश है और यहां के यात्री कीमतों को लेकर काफी सचेत रहते हैं। हमारी राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति में किफायती और स्थिरता पर जोर दिया गया है। समिति ने रिपोर्ट में बताया कि ज्यादातर लोग हवाई अड्डों का इस्तेमाल सिर्फ यात्रा करने, सामान की जांच कराने, सामान वापस लेने के लिए ही करते हैं। इसलिए अन्य चीजों पर बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत नहीं है और इसकी जगह यात्री सेवा को बेहतर करने की जरूरत है।

### दुबई से मुंबई आ रही इंडिगो फ्लाइट की टॉयलेट में यात्री ने किया धूम्रपान, गिरफ्तार

मुंबई। सऊदी अरब से मुंबई आए एक यात्री को विमान के अंदर धूम्रपान करने के आरोप में हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें एयरलाइन के शौचालय में धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था। फिलहाल आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। बता दें, मुंबई के सहारा पुलिस स्टेशन में एक यात्री कवराज तगत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जो इंडिगो की दुबई-मुंबई उड़ान के दौरान शौचालय में धूम्रपान करते हुए पाया गया था। एफआईआर में आईपीसी की धारा 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और विमान नियम की धारा 25 (विमान के किसी भी हिस्से में या उसके आसपास, जिसमें एक नोटिस प्रदर्शित किया गया है कि धूम्रपान निषिद्ध है) लगाई गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान का रहने वाला 26 वर्षीय कावराज तगत सिंह तीन अगस्त को दुबई से मुंबई के लिए इंडिगो एयरलाइंस के विमान में था। यात्रा के दौरान, वह शौचालय गया और धूम्रपान करने लगा। चालक दल ने गंध आने पर जांच की तो शौचालय में जली हुई सिगरेट का एक टुकड़ा पाया गया। चालक दल ने यात्री से धूम्रपान के बारे में पूछा तो उसने चालक दल के सदस्यों को सिगरेट की जेब और लाइटर दे दिया। मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने पर फ्लाइट क्रू ने तुरंत यात्री को सहारा पुलिस को सौंप दिया।

### भारतीय रुपये में कारोबारी लेनदेन से भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच भारतीय Rupee में कोराबारी लेनदेन को बढ़ावा देने से लागत कम होगी और इससे द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। निर्यात-आयात बैंक पर भारतीय उद्योग परिसंघकी राष्ट्रीय समिति के सदस्य संजय बुधिया ने रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के तहत सभी निर्यात व आयात और कारोबारी लेनदेन को भारतीय Rupee किया जा सकता है। इससे अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम होगी और क्षेत्रीय मुद्रा तथा व्यापार को मजबूत करने के अलावा विदेशी मुद्रा भंडार की कमी जैसी स्थितियों का समाधान होगा। बांग्लादेश और भारत ने जुलाई में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने तथा क्षेत्रीय मुद्रा व व्यापार को मजबूत करने के मकसद से रुपये में व्यापार संबंधी लेनदेन शुरू किया था। यह पहला मौका है जब बांग्लादेश अमेरिकी डॉलर के अलावा किसी विदेशी मुद्रा में द्विपक्षीय व्यापार कर रहा है। बुधिया ने कहा, 'यह निश्चित रूप से राष्ट्रों के बीच व्यापार की वृद्धि को बढ़ावा देगा। यह वैश्विक व्यापारिक समुदाय के बीच भारतीय मुद्रा की बढ़ती रुचि का समर्थन करेगा।'

### एफटीए वार्ता को गति देने के लिए इस महीने होगी हाई लेवल की बैठक

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते की प्रगति की समीक्षा करने के लिए इसी महीने एक उच्च स्तरीय बैठक होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, ईयू के अधिकारी इस महीने जयपुर में जी-20 व्यापार मंत्रियों की बैठक के लिए आ रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में भारत और ईयू के बीच 26 अगस्त को मंत्री स्तर पर उच्चस्तरीय बैठक होगी। उन्होंने कहा, वाणिज्य सचिव सुनील बरथवाल के भी जयपुर में व्यापार के लिए ईयू की महानिदेशक सैबीन वेयांड से मुलाकात करने की संभावना है। इन बैठकों से एफटीए पर दोनों पक्षों के बीच चल रही बातचीत को गति मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत जी-20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक 24-25 अगस्त को जयपुर में होने वाली है। समझौते पर अब तक पांच चरणों की वार्ता हो चुकी है। भारत और 27 देशों के समूह ने व्यापार, निवेश और भौगोलिक संकेत (जीआई) पर प्रस्तावित समझौतों पर आठ साल से अधिक के अंतराल के बाद पिछले साल 17 जून को बातचीत बहाल की थी। भारत ने 2007 में यूरोपीय संघ के साथ एक व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की थी, लेकिन 2013 में वार्ता रुक गई, क्योंकि दोनों पक्ष ऑटोमोबाइल और स्पिरिट पर सीमा शुल्क और पेशेवरों की आवाजाही सहित प्रमुख मुद्दों पर एक समझौते तक पहुंचने में विफल रहे थे।

### स्टेलेंटिस के लिए भारत एक प्रमुख केंद्र

वैश्विक ऑटोमोटिव कंपनी स्टेलेंटिस के लिए भारत एक प्रमुख केंद्र बन गया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश में स्थित डिजिटल और सॉफ्टवेयर केंद्र उसकी भविष्य की तकनीकी जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। फिएट क्रिसलर ऑटोमोबाइल्स और फ्रेंच पीएसए ग्रुप के 2021 में विलय के बाद स्टेलेंटिस वजूद में आई थी। कंपनी भारत में इस समय जीप और सिट्रोएन ब्रांड के तहत वाहन बेचती है। भारत में इसके तीन विनिर्माण संयंत्र, दो अनुसंधान एवं विकास केंद्र और दो आईसीटी केंद्र हैं। भारत और एशिया प्रशांत (आईएपी) क्षेत्र के बिक्री, विपणन और क्षेत्रीय संचालन के प्रमुख बिली हेस ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमारे पास इस क्षेत्र (भारत और एशिया प्रशांत) में 4,000 कर्मचारी हैं, और उनमें से ज्यादातर कर्मचारी यहीं भारत में हैं। हम यहां नौकरियां पैदा कर रहे हैं, दो आरएंडडी केंद्र और दो आईटी केंद्र। इनसे न सिर्फ भारत के लिए रोजगार पैदा हो रहे हैं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए रोजगार के अवसर तैयार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर बेचे जाने वाले वाहनों की जांच यहां की जाती है, क्योंकि यहां प्रतिभावान कार्यबल मौजूद है।

# एसएमई स्ट्रीट - डीलप्लेक्सस 'एक नई उड़ान' एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023 का शुभारंभ

▸ एसएमईस्ट्रीट और डीलप्लेक्स के सहयोग के तहत एक नई उड़ान - एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023 का उद्देश्य विभिन्न उद्योगों और भौगोलिक क्षेत्रों में एमएसएमई प्रभावशाली लोगों को पहचानना है, जो 5-ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के योगदान को बढ़ावा देने में योगदान करते हैं। इस कार्यक्रम से पूरे भारत में 3 मिलियन से अधिक एमएसएमई के जुड़ने की उम्मीद है।




नई दिल्ली। 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करने के लिए संभावित रूप से समृद्ध एमएसएमई को प्रेरित करने के लिए, माननीय केंद्रीय एमएसएमई मंत्री, श्री नारायण राणे ने एसएमईस्ट्रीट और डीलप्लेक्सस के सहयोगात्मक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। - एक नई उड़ान - एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023, 4 अगस्त 2023 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में।

इस कार्यक्रम में एक नई उड़ान थीम के तहत एसएमई स्ट्रीट और डीलप्लेक्सस स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा हुई। इस अवसर पर, उन एमएसएमई प्रभावशाली लोगों को सम्मानित किया गया जिन्होंने विशेषज्ञता के अपने संबंधित क्षेत्रों में भारत के एमएसएमई के विकास में योगदान दिया है।

केंद्रीय एमएसएमई मंत्री श्री नारायण टी राणे ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से पहल शुरू की और एमएसएमई के विकास में योगदान देने की इस पहल के लिए एसएमई स्ट्रीट और डीलप्लेक्सस को बधाई दी और उन्होंने कहा, मैं एसएमई स्ट्रीट और डीलप्लेक्सस को उनकी संयुक्त पहल एक नई उड़ान के लिए बधाई देता हूं। एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023 इस तरह की पहल एमएसएमई को प्रेरित करने और उन्हें एक बड़े और उज्जवल कल की ओर ले जाने में काफी मदद करेगी। आज के समय में भारतीय एमएसएमई एक सुनहरे अवसर के युग का अनुभव कर रहे हैं। उन्हें बस अपनी मुख्य विशेषज्ञता पर ध्यान केंद्रित करने और अपने उत्पादों और सेवाओं को सर्वोत्तम संभव गुणवत्ता के साथ वितरित करने की आवश्यकता है।

एमएसएमई मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री मर्सी एपाओ ने इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया और अपने विशेष मुख्य भाषण में एमएसएमई क्षेत्र के विकास के लिए एमएसएमई मंत्रालय की कार्रवाइयों पर एक अपने विचार साझा किया। इसके अलावा, श्री अजय ठाकुर (हेड बीएसई एसएमई एंड स्टार्टअप्स), बीएसई इंडिया ने इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में भाग लिया था। श्री अमिताभ कांत, शेरपा जी20 इंडिया को भी शाम के सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। लेकिन कुछ अपरिहार्य प्रतिबद्धताओं के कारण उन्होंने एमएसएमई विकास और एक नई उड़ान - एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023 की पहल के लिए अपनी शुभकामनाएं साझा कीं।

लॉन्च इवेंट में उद्योग जगत के नेताओं, थिंक टैंक और एमएसएमई सहित करीब 150 प्रतिनिधि एक ही छत के नीचे उपस्थित हुए और एमएसएमई के लिए अवसरों और संभावनाओं पर चर्चा की।

डील प्लेक्सस के सह-संस्थापक चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक माहेश्वरी ने टिप्पणी की और कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि एमएसएमई अर्थव्यवस्था की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और ऐसे महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। एसएमईस्ट्रीट के साथ इस साझेदारी के साथ, हम एक बहुत जरूरी मंच बनाने का इरादा रखते हैं जो एमएसएमई क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए शिक्षित और सक्षम करेगा। डॉ. फैज़ अस्करी, एसएमई स्ट्रीट के संस्थापक और मुख्य संपादक और वर्टिकल बिजनेस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सह-संस्थापक। लिमिटेड ने टिप्पणी की, मैं इस पूरी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं, जिसका उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र को सक्षम बनाना है। एक नई उड़ान और एमएसएमई इन्फ्लुएंसर्स फोरम 2023 एमएसएमई के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाने और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ाने का मंच बन जाएगा। व्यापार वृद्धि प्रदान करने के लिए डीलप्लेक्सस की बहुआयामी विशेषज्ञता भारतीय एमएसएमई के लिए एक महान प्रवर्तक होगी।

इस कार्यक्रम में कई सत्रों के माध्यम से बड़ी मात्रा में ज्ञान साझा किया गया, जिसमें श्री अजय ठाकुर और डॉ. फैज़ अस्करी के बीच भारतीय एमएसएमई के लिए बीएसई इंडिया की पेशकशों को प्रदर्शित करने वाला एक पावर टॉक सत्र भी शामिल था।

भारत के लिए 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए एमएसएमई का डिजिटल परिवर्तन और भारत के लिए 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए एमएसएमई के लिए नए युग की क्रेडिट सक्षमता विषयों पर दो पैनल चर्चाएं हुईं। एमएसएमई पारिस्थिति की तंत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों और संस्थापकों ने पैनल चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया, जहां बहुत उपयोगी पहल साझा की गईं।

इस आयोजन को वेड्डो- बिजनेस एक्सेलेरेशन स्टूडियो, टैली सॉल्यूशंस - भारत की अग्रणी बिजनेस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन कंपनी द्वारा समर्थित और प्रायोजित किया गया था, जो दुनिया भर में 2 मिलियन से अधिक व्यवसायों को सक्षम बनाता है। एसजीएन सॉफ्टवेयर - एक अग्रणी प्रौद्योगिकी परामर्श और सॉफ्टवेयर समाधान कंपनी, द ऑफिस पास - सहकर्मी और प्रबंधित कार्यालय कंपनी और नटकी पर्सनलाइज्ड लक्जरी गिफ्टिंग कंपनी ने सहयोग किया।

# यूएनआई की पुनरुद्धार प्रक्रिया पहुंची महत्वपूर्ण चरण में, निवेशकों से रुचि-पत्र आमंत्रित

नयी दिल्ली। देश की प्रमुख संवाद समिति यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के पुनरुद्धार के लिए इस समय इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) के तहत चल रही प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की ओर से नियुक्त रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल (आरपी) ने संभावित निवेशकों से रुचि-पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए हैं।

एनसीएलटी ने इस वर्ष मई में देश की सबसे पुरानी और विश्वसनीय समाचार एजेंसियों में से एक-यूएनआई के पुनरुद्धार के लिए कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने का निर्णय किया। पिछले 62 साल से चल रही इस कंपनी की वर्तमान स्थिति के समाधान के लिए एनसीएलटी ने दिवाला मामलों की अनुभवी पूजा बाहरी को अंतरिम समाधानकर्ता पेशेवर के रूप में नियुक्त किया था। यूएनआई एक दशक से अधिक समय से वित्तीय संकट से गुजर रही है। समाधान प्रक्रिया का उद्देश्य कंपनी की किस्मत को बेहतर बनाना है।

वर्ष 1961 में स्थापित, यूएनआई एक बहुभाषी संवाद समिति है। यह आज भी देश भर में 460 से अधिक ग्राहकों को फोटो के साथ तीन भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू - में समाचार सेवाएं प्रदान करती है। इसके ग्राहकों में मीडिया संगठन, सरकारी विभाग और राजनीतिक दल शामिल हैं।

समाधान पेशेवर सुश्री बाहरी ने दिवाला समाधान प्रक्रिया (आईबीसी) के नियमों के तहत शनिवार (कल) एक सार्वजनिक सूचना जारी की। इसमें संभावित समाधान आवेदकों से उनकी रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई हैं। कंपनी के कारोबार की विशेषताओं और आकार-प्रकार को ध्यान में रख कर संभावित आवेदकों के लिए समाधान पेशेवर सुश्री बाहरी ने लेनदारों की समिति (सी-ओ-सी) की मंजूरी लेकर कुछ मानदंड और शर्तें निर्धारित की हैं। यूएनआई अंग्रेजी और यूनीवार्ता की वेबसाइटों पर उपलब्ध और देश भर में प्रसारित होने वाले विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित इस सार्वजनिक सूचना के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की समयावधि 31 अगस्त, 2023 तक खुली रखी गयी है। सूचना में कहा गया है कि यूएनआई की समाधान प्रक्रिया में भाग लेने की रुचि रखने वाले आवेदकों के पास (अकेले, संयुक्त रूप से अथवा संघ के रूप में) 'उद्योग/व्यवसाय चलाने/वित्तीय दबाव से ग्रस्त परिसंपत्तियों के टर्नअराउंड (उबारने) आदि के कार्य में आवश्यक विशेषज्ञता है तो वे अपनी-अपनी समाधान योजनाओं के साथ कंपनी के समाधान पेशेवर से संपर्क कर सकते हैं। सार्वजनिक सूचना में कहा गया है कि इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाली कोई भी निजी / सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी, एलएलपी, कॉरपोरेट निकाय, पीएसयू, व्यक्तिगत निवेशक आवेदन कर सकते हैं। इस सूचना के अनुसार आवेदक भारत या भारत के बाहर के भी हो सकते हैं, बशर्ते उनकी नेट वर्थ न्यूनतम 350 करोड़ रुपये या वार्षिक कारोबार न्यूनतम 700 करोड़ रुपये तक का होना चाहिए। इसके लिए ऐसा कोई वित्तीय संस्थान (एफआई)/फंड/निजी इक्विटी (पीई) निवेशक/ इसी तरह की कोई अन्य इकाई भी आवेदन दे सकती है, जिसके पास 31 मार्च, 2023 तक न्यूनतम प्रबंधनाधीन संपत्ति (एयूएम) या निवेशित अथवा निवेश के लिए प्रतिबद्ध कम से कम 500 करोड़ रुपये का धन रहा हो। विस्तृत सूचना में संबंधित निवेशकों के लिए मानदंड और शर्तें भी सूचीबद्ध की गयी हैं।

# ट्रेन के किराए में नहीं की जाएगी बढ़ोतरी : रेल मंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को अमृत भारत स्टेशन योजना को लॉन्च किया है, जिसके तहत देशभर के 508 स्टेशनों का कायाकल्प होना है। इसको लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्टेशनों के पुनर्विकास परियोजना के नाम पर किराए में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक 25 हजार करोड़ रुपये मौजूदा बजट के जरिए आवंटित किए जाएंगे।

वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना का मकसद समाज के सभी वर्गों के यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पीएम मोदी आम लोगों के जीवन को ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे हैं। स्टेशनों के पुनर्विकास का उद्देश्य एक ही है..हम चाहते हैं कि उनके पास बिना किसी बोझ के विश्व स्तरीय स्टेशन हों। हमने स्टेशनों के पुनर्विकास के नाम किराया नहीं बढ़ाया है और न ही कोई शुल्क तय किया है।

रेलवे ने देश के लगभग 1,300 प्रमुख स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशनों के रूप में पुनर्विकसित करने की योजना की परिकल्पना की है। रविवार को प्रधानमंत्री ने 508 अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला रखी। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में लगभग चार हजार करोड़ रुपये की लागत से 55-55 स्टेशन, मध्य प्रदेश में लगभग 1,000 करोड़ रुपये की लागत से 434 स्टेशन और महाराष्ट्र में 1,500 करोड़ रुपये की लागत से 44 स्टेशन विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल सहित कई राज्यों में रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा।

वैष्णव ने कहा कि रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा बनने के लिए लगभग 9,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित कर रहा है ताकि उन्हें परियोजना की बारीकियों से अवगत कराया जा सके, जिसमें अनुबंध दस्तावेजों, वास्तुकला, डिजाइन और सुरक्षा का विश्लेषण शामिल है।

# रिलायंस ने तीन साल में सरकारी खजाने में जमा कराए 5 लाख करोड़

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड पिछले तीन सालों में सरकारी खजाने में 5 लाख 653 करोड़ रुपये जमा कराए हैं। यह रकम प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष टैक्स, स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क व अन्य मदों में जमा कराए गए हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में रिलायंस ने 1.77 लाख करोड़ चुकाए हैं। कंपनी की 46वीं सालाना आम बैठक (एजीएम) से पहले कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में यह बात सामने आई। कंपनी की सालाना आम बैठक 28 अगस्त को होगी।

पिछले तीन वर्षों में रिलायंस द्वारा चुकाया गया पैसा कितना अधिक है, इसका अंदाजा इस बात से लगता है कि भारत सरकार के कुल बजटीय व्यय का यह 5 फीसदी से भी अधिक है। इससे पिछले वित्त वर्ष में भी रिलायंस ने 1.88 लाख रुपये का योगदान सरकारी खजाने में किया था। रिलायंस देश में सबसे ज्यादा टैक्स चुकाने वाली कंपनी बनी हुई है।

नौकरियां देने में भी रिलायंस नंबर वन पर रही। वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में रिलायंस ने 95,167 नई नौकरियां सृजित की, इन्हें मिलाकर रिलायंस में कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 3.89 लाख हो गई है। इनमें से 2.45 लाख से अधिक कर्मचारियों के साथ रिलायंस रिटेल का नाम देश के सबसे बड़े नियोक्ताओं में शामिल हो गया है। रिलायंस जियों में 95 हजार से अधिक लोग काम कर रहे हैं। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब रिलायंस ने हजारों नई नौकरियां सृजित की हैं। यहां तक की कोविड के दौर में भी कंपनी ने 75 हजार नई नौकरियां निकाली थी।

# वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल




मुंबई। अमेरिका की साख रेटिंग घटने से वैश्विक बाजार के नकारात्मक रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 438.95 अंक अर्थात् 0.67 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 65721.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्स चेंज (एनएसई) का निफ्टी 119.2 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19517 अंक पर आ गया।

वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत छोटी कंपनियों में लिवाली हुई वहीं मझौली कंपनियों के शेयरों के भाव सपाट रहे। स्मॉलकैप 521.79 अंक की तेज़ी लेकर सप्ताहांत पर 35070.65 अंक पर पहुंच गया जबकि मिडकैप 30162.66 अंक पर सपाट रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच के स्थिर आउटलुक के साथ अमेरिकी साख रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिये जाने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी चिंता से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में आई गिरावट से घरेलू बाजार पर दबाव बना। इसके बाद अमेरिकी फ़ेड रिज़र्व के ब्याज दर में एक बार फिर चौथाई प्रतिशत की बढ़ोतरी करने से बिहार रिटर्न पाने उम्मीदें में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने स्थानीय स्तर पर जमकर बिकवाली से शेयर बाजार पूरे सप्ताह दबाव में रहा। इन वैश्विक कारकों का प्रभाव अगले सप्ताह भी बाजार पर रह सकता है। बीते सप्ताह एफआईआई ने बाजार से कुल 2,844.47 करोड़ रुपये निकाल लिए। अगले सप्ताह कोल इंडिया, हिंडाल्को, इरकॉन, ओ आई एल और बायोकॉन समेत कई दिग्गज कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के परिणाम जारी होने वाले हैं। अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में इन कारकों की अहम भूमिका रहेगी।

बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन गिरावट जबकि दो दिन तेजी रही। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर इंडस्ट्रियल्स, यूटिलिटीज, पावर और आईटी समेत सत्रह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 367.47 अंक की छलांग लगाकर 66,527.67 अंक और निफ्टी 107.75 अंक की तेजी लेकर 19,753.80 अंक पर पहुंच गया। विश्व बाज़ार के नकारात्मक रुझान और स्थानीय स्तर पर पावर ग्रिड के कमजोर तिमाही परिणाम से उसके शेयरों में पांच प्रतिशत की आई गिरावट के दबाव में मंगलवार को सेंसेक्स 68.36 अंक गिरकर 66,459.31 अंक और निफ्टी 20.25 अंक फिसलकर 19,733.55 अंक रह गया

फिच के अमेरिका की साख रेटिंग घटाने से वैश्विक बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से बुधवार को सेंसेक्स 676.53 अंक का गोता लगाकर करीब तीन सप्ताह बाद 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65,782.78 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207 अंक लुढ़ककर 19,526.55 अंक पर रहा।

वैश्विक बाजार के कमजोर रुझान के दबाव में स्थानीय स्तर पर एफआईआई की भारी बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 542.10 अंक का गोता लगाकर 65,240.68 अंक और निफ्टी 144.90 अंक की गिरावट लेकर 19,381.65 अंक पर आ गया।

# अधिकांश खाद्य तेलों में गिरावट, दाल-दलहन और मीठे में तेजी



नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गाए जबकि दाल-दलहन और मीठे में तेजी का रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 54 रिंगिट गिरकर 3800 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.99 सेंट की गिरावट लेकर 61.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर सूरजमुखी तेल 146 रुपये, सोया रिफाइंड 146 और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12088 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20732 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13407 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11868 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8933 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। सप्ताहांत पर चना 200 रुपये, दाल चना 200 रुपये, मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 100 रुपये और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी रही जबकि अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर चना 5150-5250, दाल चना 6150-6250, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10300-10400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। साप्ताहांत पर चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : बीते सप्ताह मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 50 रुपये और गुड़ के भाव 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3850-3950, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3750-3850 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3.17 अरब डॉलर घटकर 603.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि कम होने से 28 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.17 अरब डॉलर घटकर 603.9 अरब डॉलर रह गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.98 अरब डॉलर गिरकर 607.04 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 28 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.42 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 535.34 अरब डॉलर पर आ गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 71 करोड़ डॉलर कम होकर 44.9 अरब डॉलर रह गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.4 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 1.1 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 5.19 अरब डॉलर रह गई।

## शार्ट न्यूज

### नीदरलैंड ने खत्म किया दक्षिण अफ्रीका का स्वप्निल अभियान

सिडनी। नीदरलैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के प्री-क्वार्टरफाइनल में रविवार को दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हराकर उसका स्वप्निल अभियान खत्म किया। एलायंज़ स्टेडियम पर दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ रोकने के लिये जिल रूर्ड (नौंवा मिनट) और लिनेथ बीरेन्स्टेन (68वां मिनट) ने एक-एक गोल किया। विश्व कप 2019 की उपविजेता टीम अब क्वार्टरफाइनल में स्पेन का सामना करेगी। पहली बार ग्रुप चरण से आगे बढ़ी दक्षिण अफ्रीकी टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरी थी, लेकिन रूर्ड ने नौंवे ही मिनट में गोल दागकर उसे दबाव में डाल दिया। मैच के 68वें मिनट में दक्षिण अफ्रीकी गोलकीपर केलिन स्वार्ट की गलती से बीरेन्स्टेन डच टीम का दूसरा गोल करने में सफल रहीं। दक्षिण अफ्रीका के लिये पहले हाफ में कप्तान थेंबी गेटलाना ने कई मौके बनाये, हालांकि इन्हें न भुना पाने के कारण अफ्रीकी चैंपियन को हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका की कोच देसरी एलिस ने अपनी टीम के ऐतिहासिक विश्व कप अभियान के बाद सरकार और प्रायोजकों से समर्थन देने की अपील की। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में इटली को 3-2 से हराकर न सिर्फ अपनी पहली विश्व कप जीत दर्ज की, बल्कि शीर्ष-16 चरण में जगह भी बनायी।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रणय को मिला रजत

सिडनी। भारत के अनुभवी शटलर एचएस प्रणय को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 के रोमांचक फाइनल में रविवार को चीन के वेंग होंग यांग से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व नंबर नौ प्रणय ने विश्व नंबर 24 यांग के विरुद्ध पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में वापसी की, लेकिन चीनी शटलर एक घंटे 30 मिनट चले मुकाबलो को 21-9, 21-23, 22-20 से जीतने में सफल रहे। प्रणय ने मलेशिया मास्टर्स 2023 के फाइनल में यांग को हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था, हालांकि इस बार शानदार फॉर्म में चल रहे यांग सेमीफाइनल में पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली ज़ी जिया को हराकर खिताबी मुकाबले में आ रहे थे। प्रणय ने अपने अनुभव से चीनी शटलर को कड़ी टक्कर दी, लेकिन यांग ने पहला गेम 21-9 से जीतकर स्वर्ण पदक की ओर पहला कदम बढ़ा दिया। यांग ने दूसरे गेम में भी लय हासिल की लेकिन ब्रेक तक प्रणय 11-8 से आगे हो गये। यांग ने वापसी करते हुए 15-15 पर स्कोर बराबर किया और दोनों खिलाड़ियों के बीच बढ़त का आदान-प्रदान चलता रहा। अंततः, प्रणय ने 22-21 पर गेम पॉइंट अर्जित किया और अगला अंक स्कोर कर मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने मज़बूत शुरुआत की मगर प्रणय अपने चीनी प्रतिद्वंदी की गलतियों का फायदा उठाकर 19-14 से आगे हो गये।

### इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान मुकाबले की तारीख बदलवाना चाहता है सीएबी

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएबी) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से 12 नवंबर को ईडन गार्डन में खेले जाने वाले इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान एकदिवसीय विश्व कप मैच को किसी अन्य तारीख में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से शनिवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, सीएबी ने सुरक्षा कारणों से यह मुकाबला 11 नवंबर को आयोजित करने का सुझाव दिया है। कोलकाता शहर की पुलिस ने सीएबी को सूचित किया है कि पाकिस्तान-इंग्लैंड मैच के लिये अतिरिक्त सुरक्षा की ज़रूरत होगी, जबकि 12 नवंबर काली पुजा का दिन होने के कारण कोलकाता पुलिस इसे लेकर चिंतित है। रिपोर्ट में कहा गया, सीएबी अधिकारियों ने गुरुवार को शहर के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें त्योहार के दिन कानून-व्यवस्था की चिंताओं के बारे में बताया गया। इसके बाद, एसोसिएशन ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को पत्र लिखकर तारीख बदलने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि अहमदाबाद पुलिस ने 15 अक्टूबर नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर होने वाले भारत और पाकिस्तान मैच के लिये सुरक्षा प्रदान करने की अक्षमता ज़ाहिर की थी।

### चेन्नई में स्पोर्ट्स इवेंट में बड़ा हादसा, रेस के दौरान 13 वर्षीय श्रेयस की बाइक क्रैश, हुई मौत

चेन्नई। बेंगलुरु के 13 वर्षीय प्रतिभाशाली कोप्पाराम श्रेयस हरीश की शनिवार को चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससीआई इंडियन नेशनल मोटरसाइकिल रेसिंग चैंपियनशिप के तीसरे दौर में दुर्घटना के बाद लगी चोटों के कारण मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद इवेंट के प्रमोटर मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब ने शनिवार और रविवार के लिए निर्धारित बाकी बची रेस रद्द कर दी। 26 जुलाई 2010 को जन्मे, बेंगलुरु के केन्सरी स्कूल के छात्र श्रेयस को एक उभरते सितारे के रूप में देखा जा रहा था। उन्होंने इस सीजन में पेट्रोनास टीवीएस वन-मेक चैम्पियनशिप की रूकी कैटेगरी में हिस्सा लेते हुए राष्ट्रीय स्तर पर लगातार चार रेस समेत कई रेस जीती थीं। हालांकि, चेन्नई में रेसिंग इवेंट के दौरान उन्हें जान गंवानी पड़ी। यह घटना रेस की शुरुआत के तुरंत बाद हुई। श्रेयस ने आज सुबह पोल पोजीशन के लिए क्वालिफाई किया था। टर्न-1 से बाहर निकलते समय श्रेयस ट्रैकपर बाइक क्रैश के बाद ट्रैक पर गिर गए और उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं।

### पेनल्टी कॉर्नर भुनाने पर होगी भारत की नजर

चेन्नई। खिताब का प्रबल दावेदार और तीन बार का विजेता भारत रविवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के मैच में मलयेशिया की कड़ी चुनौतियों का सामना करने उतरेगा। इस दौरान भारतीय टीम की कोशिश पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने पर भी रहेगी। भारत को जापान के खिलाफ 15 पेनल्टी कॉर्नर मिले थे, लेकिन मेजबान टीम एक बार ही इसे गोल में बदल पाई। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास और जुगराज सिंह के रहते टीम का पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा पाना चिंता का विषय है। भारत ने चीन के खिलाफ 7-2 से जीत दर्ज की थी जिसमें छह गोल टीम ने पेनाल्टी कॉर्नर पर किए थे। हालांकि, जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ मुकाबले में यह उलटा पड़ा गया। हरमनप्रीत पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल पाए थे जिसके कारण भारतीय टीम जापान से ड्रॉ खेल पाई थी। भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि यह हर कोच के लिए चिंता की बात है जब उसकी टीम गोल करने के मौकों का फायदा नहीं उठा पाती है, चाहे वह पेनल्टी कॉर्नर हो या मैदानी गोल। पेनल्टी कॉर्नर पर अत्यधिक निर्भरता भी भारत की चिंता का कारण है। खिलाड़ी सर्कल के अंदर जाने या मैदानी गोल करने से बच रहे हैं।

### लीबिया का नाइजर के नए सैन्य शासन को मान्यता नहीं देने का संकल्प

त्रिपोली। लीबियाई राष्ट्रपति परिषद के अध्यक्ष मोहम्मद मेनफी ने नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को अपदस्थ कर देश पर शासन करने वाली सेना को मान्यता नहीं देने का संकल्प लिया है। यह जानकारी लीबिया समाचार एजेंसी ने रविवार को परिषद के बयान के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, नाइजर के राष्ट्रपति से देश की स्थिति पर एक संदेश प्राप्त होने के बाद, श्री मेनफी ने स्थिरता और शांति कायम रखने के लिए क्षेत्र तथा अफ्रीकी मित्र देशों के बीच समन्वय को मजबूत करने की योजना का स्वागत किया एवं नाइजर में निर्वाचित सरकार के खिलाफ संविधान विरोधी तख्तापलट को मान्यता नहीं देने का संकल्प लिया। मेनफी ने नाइजर को वैध रूप से निर्वाचित प्राधिकरण के नियंत्रण में वापस लाने के लिए चाड, लीबिया और अल्जीरिया सहित नाइजर के पड़ोसी देशों के साथ-साथ पश्चिम अफ्रीका राज्य आर्थिक समुदाय की कोशिशों का समर्थन देने के महत्व पर बल दिया। गत 26 जुलाई को, नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने श्री बाज़ोम को अपदस्थ कर उन्हें हिरासत में ले लिया।

# फीफा महिला विश्व कप : स्वीडन ने गत चैंपियन अमेरिका को बाहर किया

मेलबर्न। स्वीडन ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के सांस रोक देने वाले प्री-क्वार्टरफाइनल में रविवार को गत चैंपयिन अमेरिका को शूटआउट में 5-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

मेलबर्न रेक्टेंगुलर स्टेडियम पर अमेरिका शुरुआती 90 मिनटों में पूरी तरह हावी रही लेकिन स्वीडन की ज़कीरा मुसोविच की शानदार गोलकीपिंग ने गत चैंपियन को स्कोर करने का मौका नहीं दिया।

अतिरिक्त समय में भी कोई गोल न हो पाने के बाद मुकाबले को पेनल्टी शूटआउट में भेजा गया। स्वीडन की ओर से सबसे पहले नैथली ब्योर्न का निशाना चूका, लेकिन अमेरिकी की मेगन रैपिनो की गलती से स्कोर बराबर हो गया। अमेरिकी गोलकीपर एलीसा नेहर ने रेबेका ब्लोमक्विस्ट का प्रयास रोका, लेकिन सोफिया स्मिथ की खराब किक ने एक बार फिर स्कोर बराबर कर दिया।



स्कोर जब 4-4 पर बराबर था तब केली ओच हारा की किक गोलपोस्ट से जा लगी और स्वीडन को गोल मारकर मुकाबला जीतने का मौका मिल गया। लीना हर्टिग के सफल गोल को अमेरिका ने चुनौती भी दी, हालांकि रिव्यू के बाद उस गोल को वैध करार दिया गया और स्वीडन ने जीत हासिल की।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका महिला विश्व कप से पहली बार इतनी जल्दी बाहर हुआ है। विश्व नंबर एक अमेरिका की हार के साथ विश्व कप से फीफा रैंकिंग की शीर्ष दो टीमें नदारद हैं, जबकि जर्मनी भी ग्रुप चरण में टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है।

महिला विश्व कप 2019 में तीसरे स्थान पर रहने वाला स्वीडन अब विश्व कप की ओर बढ़ते हुए क्वार्टरफाइनल में जापान से भिड़ेगा।

यह फीफा महिला विश्व कप 2019 में गोल्डन बूट जीतने वाली रैपिनो के करियर का आखिरी विश्व कप मैच भी रहा। वह इस सीज़न के अंत में संन्यास ले लेंगी। अब तक हर विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंची अमेरिकी टीम को इस टूर्नामेंट में एक बार भी लय में नज़र नहीं आयी।

ग्रुप चरण में भी अमेरिका सिर्फ वियतनाम को हरा सकी, जबकि नीदरलैंड (1-1) और पुर्तगाल (0-0) के साथ उसने ड्रॉ खेला। पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन करने वाली अमेरिकी टीम की इस हार को स्वदेश में एक बड़ी निराशा के रूप में देखा जायेगा।

## चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 : चीन ने कोरिया को ड्रॉ पर रोका

**चेन्नई।** अपने शुरुआती दो मुकाबलों में 12 गोल खाने वाले चीन ने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में रविवार को सराहनीय अनुशासन दिखाते हुए दक्षिण कोरिया को 1-1 के ड्रॉ पर रोक लिया।

कोरिया ने जोंगह्यूंग जांग (18वां मिनट) के गोल से मुकाबले में बढ़त बनायी, लेकिन चीन ने चोंगकोंग चेन (43वां मिनट) के गोल से ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट में पहला अंक अर्जित किया। कोरिया ने पहले क्वार्टर में अपने प्रतिद्वंदी पर दबाव बनाया, लेकिन चीन ने पिछली दो हार भुलाते हुए डिफेंस में बेहतरीन सुधार किया और पहले गोल के लिये प्रतिद्वंदी टीम से कड़ी मेहनत करवाई। कोरिया के लिये पहला प्रयास जांग ने ही किया। जांग ने एक हवाई शॉट खेलकर गेंद को चीन के सर्किल में पहुंचाया। वहां खड़े ह्येसुंग ली ने गेंद को दाहिनी ओर से नेट में पहुंचाना चाहा लेकिन चीन के गोलकीपर कैयू वांग ने समय रहते उसे रोक लिया। कोरिया का पहला गोल अंततः 18वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर से आया जब जांग ने अपनी ड्रैग फ्लिक को वांग की टांगों के बीच में से नेट में पहुंचा दिया।

चीन के लिये किजुन चेन ने कोरियाई सर्किल में कई पास किये लेकिन सभी प्रयासों के व्यर्थ जाने के कारण कोरिया हाफ टाइम तक 1-0 से आगे रहा। कोरिया ने दूसरे हाफ में भी गेंद को अपने कब्ज़े में रखा। किम ने इस हाफ के शुरुआती मिनटों में एक ज़ोरदार शॉट की मदद से कोरिया की बढ़त दोगुनी भी कर दी होती लेकिन वह वांग को पार नहीं कर सके। इसके बाद हालांकि चीन ने मुकाबले में वापसी करना शुरू की और तीसरा क्वार्टर समाप्त होने से पहले कोरिया के गोलपोस्ट पर कई निशाने लगाये। चीन ने दाहिने फ्लैंक से कोरिया के अर्द्ध में जगह बनाने की कई कामयाब कोशिशें करते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। इस दबाव का फल चीन को 43वें मिनट में मिला जब डॉन्गक्वान पैन ने गेंद को कोरियाई सर्किल में पहुंचाया और चेन ने गोल जमाकर स्कोर बराबर कर दिया।

## 'मानसा की तीरंदाज़ परनीत कौर को विश्व चैंपियन बनने पर बधाईयां'

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने रविवार को मानसा की तीरंदाज़ परनीत कौर को विश्व चैंपियन बनने पर बधाईयाँ दी।

बर्लिन में विश्व तीरंदाज़ी चैंपियनशिप के फ़ाईनल में भारतीय महिला कम्पाउंड टीम ने मैक्सिको को 235-229 से हरा कर स्वर्ण पदक जीता। स्वर्ण पदक विजेता टीम में पंजाब के मानसा जिले के गाँव मंढाली की परनीत कौर भी शामिल थी।

खेल मंत्री ने समूची टीम को इस ऐतिहासिक प्राप्ति के लिए बधाईयां देते हुए कहा कि गौरवान्वित लड़कियों ने तीरंदाज़ी खेल में देश का नाम रोशन किया है।

हेयर ने इस प्राप्ति का श्रेय खिलाड़ियों, उनके कोच और अभिभावकों को दिया।

उन्होंने कहा कि इस प्राप्ति में पंजाब के मानसा जिले के गाँव मंढाली की परनीत कौर का भी योगदान था जो स्वर्णिम प्राप्ति वाली टीम की अहम सदस्य थी।

## सितसिपास ने 14 महीने बाद जीता एटीपी टूर खिताब

**लॉस काबोस।** यूनान के शीर्ष वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 6-4 से हराकर 14 महीने बाद अपना पहला खिताब जीत लिया है।

इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उपविजेता रहे सितसिपास ने शनिवार को डी मिनौर को हराकर अपने करियर का पहला आउटडोर हार्डकोर्ट खिताब भी जीता। सितसिपास ने अपना आखिरी एटीपी टूर खिताब पिछले साल मलोर्का में जीता था और यह जीत उन्हें पांच फाइनलों में उपविजेता रहने के बाद मिली है।



सितसिपास ने नौ ब्रेक प्वाइंट में से चार को भुनाकर डी मिनौर के खिलाफ 86 मिनट की जीत हासिल की। सितसिपास जब दूसरे सेट में 6-3, 3-2, 0/40 से आगे चल रहे थे तब डी मिनौर ने मुकाबले में वापसी करनी चाही। सितसिपास ने हालांकि 5-4 पर महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट हासिल किया और इस सीज़न की 39वीं जीत हासिल कर ली।

यह डी मिनौर के विरुद्ध सितसिपास की लगातार 10वीं जीत भी है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने यूनानी प्रतिद्वंदी के विरुद्ध पहली जीत का इंतजार है।

सितसिपास ने जीत के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम दोनों आज कोर्ट पर जाकर एक शानदार फाइनल दिखाना चाहते थे। मुझे ऐसा लगता है कि यह एक शानदार मैच था। एलेक्स ने शानदार टेनिस दिखाया, मैंने जितना हो सके स्तर को बनाए रखने की कोशिश की।

उन्होंने कहा, मैं वास्तव में खुश हूं कि हम आज एक शानदार फाइनल देने में सफल रहे। मुझे लगता है कि यही वह चीज़ है जो सबसे ज़्यादा उभरकर सामने आती है। यह एक शानदार मैच था और हमेशा की तरह दर्शक पूरी तरह से यहां मौजूद थे और व्यस्त थे।

डी मिनौर के पास साल के तीसरे फाइनल में अपने करियर का आठवां खिताब जीतने का मौका था। इससे पहले वह जून में क्वीन्स के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ से भी हारे थे।

# पाकिस्तान में रेल हादसा, 30 लोगों की मौत

## कराची जा रही हजारा एक्सप्रेस पटरी से उतरी, 80 घायल

कराची। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के नबावशाह जिले में रविवार (7 अगस्त) दोपहर एक रेल हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई। 80 लोग घायल हैं। इनमें से 31 की हालत गंभीर बताई गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- रावलपिंडी से चलने वाली हजारा एक्सप्रेस सहारा स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। कुछ बोगियां पलट भी गई हैं और ये पास के एक तालाब में गिर गईं। अब तक 22 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। 31 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अफसरों के मुताबिक- भारी बारिश की वजह से ट्रैक खराब हो गया था और इसी वजह से यह हादसा हुआ।

### जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे

पाकिस्तान के टीवी चैनल 'जियो न्यूज' के मुताबिक- हादसा रविवार दोपहर करीब दो बजे हुआ, लेकिन काफी देर तक कोई जिम्मेदार अफसर मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने कुछ लोगों के साथ मिलकर घायलों को निकाला और उन्हें करीब के अस्पताल



पहुंचाया। जिस जगह हादसा हुआ, वहां से कराची 275 किलोमीटर दूर है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक- पाकिस्तान में रेल हादसे नई बात नहीं हैं, लेकिन बारिश में ये ज्यादा होते हैं। इसकी वजह ये है कि ज्यादातर रेलवे ट्रैक्स अंग्रेजों की हुकूमत के दौर के हैं और इन्हें न तो कभी अपग्रेड किया गया और न ही नई लाइन बिछाई गईं। सिंध और पंजाब के कुछ हिस्सों में तो हालात बेहद खराब हैं।

पिछले साल भी इसी सेक्शन में एक हादसा हुआ था और उसमें 21 लोग मारे गए थे। रविवार को हुए एक्सीडेंट के बाद कराची की तरफ जाने वाली तमाम ट्रेन रोक दी गई। अफसरों ने बताया कि इस हादसे से दोनों तरफ की लाइनें टूट गई हैं और इन्हें रीस्टोर करने में काफी वक्त लग सकता है।

### रेस्क्यू के लिए आर्मी तलब

'द न्यूज' वेबसाइट के मुताबिक- लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के पास रेस्क्यू के कोई साधन मौजूद नहीं हैं। लिहाजा, लोकल एडमिनिस्ट्रेशन ने पास के कैंटोनमेंट से आर्मी की एक यूनिट को बुलाया है।

फिलहाल, आर्मी भी इस हालत में नहीं है कि ब्रिज और तालाब से घायलों या मारे गए लोगों के शव निकाल सके। इसकी वजह यह है कि इस इलाके में काफी कीचड़ है और वहां किसी तरह के इक्युपमेंट्स भी नहीं पहुंचाए जा सकते। पुलिस ने एक क्रेन जरूर बुलाई, लेकिन वो हादसे वाले जगह तक नहीं पहुंच सकी।

### रेलवे मिनिस्टर को हादसे की गंभीरता ही नहीं पता

एक हफ्ते में टेन्योर पूरा करने जा रही पाकिस्तान सरकार के रेलवे मिनिस्टर ख्वाजा साद रफीद को दो घंटे बाद तक इस हादसे की जानकारी ही नहीं थी। मीडिया ने जब उनसे इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा- मुझे अभी एक्सीडेंट के बारे में पता लगा है। मैं जानकारी जुटा रहा हूं। फिलहाल, ये नहीं बता सकता कि कितनी बोगियां पटरी से उतरी हैं। वहां की लोकल एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क किया है। 'द न्यूज' के मुताबिक- हादसे के बाद बदइंतजामी का आलम ये था कि कोई आला अफसर मौके पर नहीं पहुंच सका। इसकी वजह भारी बारिश बताई गई है।

## चीन का फिलीपींस के जहाज पर वॉटर कैनन से वार

### मिलिट्री बोट में रखा था सैनिकों का खाना; यूएस बोला- खतरनाक हरकतें कर रहा ड्रैगन

मनिला। साउथा चाइना सी में चीन के कोस्टगार्ड ने फिलीपींस की मिलिट्री सप्लाई बोट पर वॉटर कैनन से वार कर दिया। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक घटना शनिवार को हुई जब फिलीपींस की बोट अपनै सैनिकों के लिए खाना लेकर जा रही थी। अमेरिका ने चीन की इस हरकत को खतरनाक बताया है।

चीन ने अभी तक इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दरअसल, चीन साउथ चाइना सी के लगभद पूरे हिस्से पर अपना दावा करता आ रहा है। फिलीपींस ने कहा है कि वो चीन की ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। ये अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। चीन ने अपनी हरकतों से बोट में मौजूद लोगों की सुरक्षा को खतरे में डाला है। अमेरिका ने चीन की हरकत पर फिलीपींस का साथ देनी की बात कही है। अमेरिका ने कहा है कि चीन की




तरफ से लगातार की जा रही ऐसी हरकतों से इलाके की सिक्योरिटी को खतरा है।

अगर फिलीपींस के जहाजों, एयरक्राफ्ट या आर्मड फोर्सेस पर कोई हमला हुआ तो अमेरिका 1951 में हुई यूएस-फिलीपींस डिफेंस ट्रीटी को लागू कर देगा।

हालांकि, अमेरिका का साउथ चाइना सी में कोई दावा नहीं है इसके बावजूद वो लगातार इलाके में चीन की हरकतों की आलोचना करता रहता है। हाल ही में अमेरिका ने फिलीपींस के साथ एक समझौता किया था। इसके तहत अमेरिका फिलीपींस के मिलिट्री कैंप्स का इस्तेमाल कर सकता है। चीन ने इस समझौते की कड़ी आलोचना की थी।

### यूक्रेन के ब्लड ट्रैंस्फ्यूश़न केंद्र पर रूस का हमला, दो लोगों की मौत

कीव। यूक्रेन के रक्त दान केन्द्र (ब्लड ट्रैंस्फ्यूश़न केन्द्र) पर रुस की ओर से किये गये बम हमले में दो लोगों की मौत हो गयी है और चार अन्य लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। बीबीसी की रविवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने खार्किव क्षेत्र में कुपियांस्क के आसपास शनिवार रात के हमले के कारण इमारत में लगी आग की एक तस्वीर पोस्ट की। जेलेस्की ने कहा कि यह युद्ध अपराध अकेले रूसी आक्रामकता के बारे में सब कुछ ब्यान कर रहा है। रूस की ओर से हालांकि इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गयी है।रूस नागरिकों को निशाना बनाने या युद्ध अपराधों के सभी आरोपों से इनकार करता रहा है।

### बाइडेन की अक्षमता के कारण ताइवान के आसपास की स्थिति खराब हुई- ट्रंप

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ताइवान के आसपास की स्थिति इसलिए खराब हुई है क्योंकि चीन को लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अक्षम हैं। ट्रंप ने शनिवार को दक्षिण कैरोलिना की एक रैली में कहा, चीन अंदर नहीं जाएगा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ताइवान नहीं जाएंगे और वह वहां जाने के बहुत करीब हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि हमारे राष्ट्रपति बाइडेन अक्षम हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया, चीनी नेता के मन में अब अमेरिका के लिए कोई सम्मान नहीं है जबकि मेरे कार्यकाल के दौरान वह हमारे देश का बहुत सम्मान करते थे। अगस्त 2022 में ताइवान को लेकर तनाव बहुत बढ़ गया था जब तत्कालीन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने बीजिंग की चेतावनी के बावजूद ताइपे की यात्रा की थी। चीन ने पेलोसी की यात्रा की निंदा की थी, जिसे उसने अलगाववाद के समर्थन के रूप में देखा था और द्वीप के आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू किया था। ताइवान 1949 से चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से शासित हो रहा है। चीन, ताइवान को अपने प्रांत के रूप में देखता है जबकि ताइवान की अपनी निर्वाचित सरकार है और वह अपने को एक स्वायत्त देश मानता है लेकिन अपने स्वतंत्रता की घोषणा अबतक नहीं की है।

### फिलीपींस ने दक्षिण चीन सागर में सैन्य आपूर्ति नाव को रोकने की निंदा की

मनीला। फिलीपींस ने चीन के तट रक्षक द्वारा दक्षिण चीन सागर में उसकी सैन्य आपूर्ति नौका को रोकने और पानी की बौछार करने की रविवार को निंदा की। फिलीपींस के सशस्त्र बल ने चीन के तटरक्षकों की आक्रामक कार्रवाई की निंदा करते हुए कहा कि शनिवार को एक चीनी तट रक्षक जहाज ने नाव पर सवार पर लोगों की सुरक्षा की उपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए नियमित सैन्य आपूर्ति करने वाली चार्टर्ड फिलीपीन नाव को रोका और उसपर पानी की बौछार की। एक बयान में कहा गया कि यह घटना सेकेंड थॉमस शोल के पास हुई, जिसे मनीला अयुंगिन शोल कहता है, जो एक जलमग्न चट्टान है, जहां उसके मुट्ठी भर सैनिक द्वितीय विश्व युद्ध के जंग लगे अमेरिकी जहाज पर रहते हैं जिसे 1999 में जानबूझकर खड़ा कर दिया गया था। चीन के तटरक्षको का कहना है कि उसने फिलीपीन के जहाजों को रोकने के लिए कानून के अनुसार आवश्यक कदम उठाया है। उसने फिलीपींस पर अतिक्रमण करने और अवैध निर्माण सामग्री ले जाने का आरोप लगाया है। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का दावा करता रहा है जबकि उसके इस दावे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खारिज कर दिया गया है।

### 'अनुचित व्यवहार' झेलने वाले लोगों के कानूनी बिलों का वित्तपोषण करेंगे : मस्क

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने शनिवार को वादा किया कि उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) उन लोगों के कानूनी बिलों का भुगतान करेगा, जिनके साथ उनके नियोक्ताओं ने कार्यस्थलों पर पोस्ट और लाइक्स के लिए 'अनुचित व्यवहार' किया था। मस्क ने कहा,अगर इस प्लेटफॉर्म पर कुछ पोस्ट करने या लाइक्स करने के कारण आपके नियोक्ता द्वारा आपके साथ गलत व्यवहार किया गया है, तो हम आपके कानूनी बिल का वित्तपोषण करेंगे। उन्होंने कहा कि बिलों के वित्तपोषण की 'कोई सीमा नहीं' होगी और लोगों से ऐसे मामलों के बारे में मंच को सूचित करने का आह्वान किया। गौरतलब है कि श्री एलन मस्क ने अक्टूबर 2022 के अंत में 2006 में स्थापित और सैन फ्रांसिस्को, कैलिफ़ोर्निया में मुख्यालय वाली अमेरिकी कंपनी ट्विटर के 44 अरब अमेरिकी डॉलर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया। वर्ष 2006 में श्री मस्क द्वारा स्थापित एक्स कॉर्प के साथ विलय के परिणामस्वरूप ट्विटर कॉर्पोरेशन का एक अलग कंपनी के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया। जुलाई के अंत में ट्विटर का लोगो नीले पक्षी से बदलकर काले और सफेद एक्स लोगो में बदल दिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
सोमवार 07 अगस्त 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### निजी स्कूल के छात्रावास में निवासरत शिक्षक से 21 पेटी शराब जब्त

खरगोन। मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के महेश्वर क्षेत्र के एक निजी स्कूल के छात्रावास में निवासरत शिक्षक के पास से आज 21 पेटी शराब जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी विभाग के महेश्वर वृत्त के उप निरीक्षक मोहनलाल भायल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चोली रोड स्थित निजी स्कूल के छात्रावास में निवासरत शिक्षक सागर सस्ते के कक्ष में दबिश देकर 21 पेटी देशी शराब जब्त की गयी ।पूछताछ में उसने बताया कि वह शराब पीने का आदी है और शराब तस्करों से परिचय हो जाने के चलते खाली छात्रावास का उपयोग शराब के भंडारण में किया जाने लगा। छात्रावास में कार से शराब रखने वाले ड्राइवर प्रदीप केवट को गिरफ्तार कर पूछताछ में पता चला कि वह वाहन मालिक जितेंद्र मकवाने के कहने पर कई बार शराब रखने आया है। उन्होंने बताया कि उक्त शराब जिला बदर आरोपी डेडग़ांव निवासी अखिलेश जायसवाल की है जो गाड़ी मालिक और ड्राइवर के माध्यम से वहां रखवाता था। उन्होंने बताया कि उक्त शिक्षक महाराष्ट्र के सतारा जिले का निवासी है और कुछ वर्षों से निजी स्कूल में काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि शिक्षक और ड्राइवर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कांग्रेस की गारंटी है तो वह झूठ बोलने और भ्रष्टाचार करने की गारंटी: तोमर

गुना। केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आज कहा कि कांग्रेस के नेता गारंटी दे रहे है, लेकिन कांग्रेस की अगर कोई गारंटी है तो वह झूठ बोलने की गारंटी है, कांग्रेस की गारंटी है तो वह भ्रष्टाचार करने की गारंटी है, कांग्रेस की गारंटी मर्यादाओं को तोड़ने की गारंटी है। इसलिए जनता कांग्रेस पर विश्वास नहीं करती है। तोमर जिले के चांचौडा में विधानसभा सम्मलेन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता को भ्रमित करती है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को गांव-गांव और घर-घर जाकर कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश करना है। जनता को याद दिलाना होगा कि वर्ष 2003 से पहले के मध्यप्रदेश में सडक, पानी और बिजली की स्थिति क्या थी और वर्ष 2003 के बाद का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है। भाजपा के शासनकाल में हर वर्ग की चिंता की गई है और उनका जीवन बदलने का काम किया गया है। राष्ट्र और प्रदेश को परम वैभव की ओर ले जाने का काम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता ही कर सकते हैं।

### बेंगलुरु के एएससी सेंटर एंड कॉलेज में होंगे पोलो के रोमांचक मुकाबले

बेंगलुरु। पोलो के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि उन्हें इस खेल के कुछ रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में सोमवार को शुरू हो रहे पोले खेल के मुकाबले में भाग लेने के लिए देश की कुछ बेहतरीन टीमें तैयार हैं। ब्रिगेडियर टीएस मान ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस सीज़न में चार प्रमुख टूर्नामेंट होंगे, जिनमें नौ टीमें भाग लेंगी। इनका आयोजन एग्राम राइडिंग एंड पोलो अकादमी (एआरपीए) द्वारा किया जाएगा। लेफ्टिनेंट कर्नल जसपाल सिंह नेगी ने बताया कि बेंगलुरु पोलो सीज़न का उद्घाटन एग्राम पोलो ग्राउंड में किया गया है और मिल बैंड प्रदर्शन और विभिन्न टीमों के परिचय के साथ दिल को छू लेने वाला घुड़सवारी प्रदर्शन आयोजित किया गया है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों में आर्मी सर्विस कोर, 61 कैवेलरी, भारतीय नौसेना, रिमाउंट वेटरनरी कोर, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी, हैदराबाद पोलो और राइडिंग क्लब, आर्मी राइडिंग और पोलो अकादमी टीम और चेन्नई पोलो टीम शामिल है। टीमें ज्ञान ज्योति पोलो कप (7-9 अगस्त), द ओनली वन चैलेंजर्स पोलो कप (10-13 अगस्त), वाडियार पोलो कप (14-20 अगस्त) और बेंगलुरु चैंपियंस पोलो कप (21- 27 अगस्त) पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। कार्यक्रम स्थल पर आर्मी सर्विस कोर सेंटर एवं कॉलेज का प्रदर्शनी मैच एवं बैंड डिस्प्ले होगा। मैच प्रतिदिन अपराह्न दो बजे निर्धारित हैं।

### मणिपुर: कोकोमी ने लोगों की हत्या की निंदा की

**इंफाल।** मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति (कोकोमी) ने शनिवार को राज्य के बिष्णुपुर जिले के पंगल लमखाई क्वाक्टा में एक व्यक्ति और उसके पुत्र सहित तीन लोगों की हत्या की निंदा की है। यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कोकोमी के समन्वयक जीतेंद्र निंगोम्बा ने रविवार को कहा कि कोकोमी पांच बुलडोजरों का उपयोग करके तोरबुंग बांग्ला में घरों, कार्यालयों को ध्वस्त करने की भी निंदा करता है। कोकोमी ने मणिपुर विधानसभा का विशेष सत्र न बुलाने पर मणिपुर सरकार के सामाजिक बहिष्कार की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैतेई के एक ऐतिहासिक, धार्मिक स्थान तोरबुंग को कुकी संगठनों द्वारा अब तक संकट के दौरान मरने वाले व्यक्तियों के दफन स्थल के रूप में घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने में सुरक्षाकर्मियों की विफलता के कारण दो जातीय समूहों के बीच झड़पें बढ़ गईं। ऐसा कहा गया कि बड़ी संख्या में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सामने भी अधिकांश घर जला दिए गए। कोकोमी ने कुछ सुरक्षा एजेंसियों पर पड़ोसी देश से आए नार्को-आतंकवादियों की मदद करने का भी आरोप लगाया। साथ ही कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले बलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि मणिपुर सरकार ने 21 अगस्त को मणिपुर विधानसभा का सत्र बुलाने का फैसला किया, हालांकि 29 जुलाई को एक सामूहिक रैली में सरकार से पांच अगस्त तक विधानसभा सत्र बुलाने के लिए कहने का संकल्प लिया गया था।

## ओवैसी के बयान पर स्वाती सिंह का पलटवार

# असदुद्दीन भारतीय सेना के प्रति संवेदनहीन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड पर केन्द्र सरकार पर हमले को लेकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मुठभेड़ में शहीद हुए देश के जवानों को श्रद्धांजलि देने के बजाए ओवैसी राजनीति कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि ओवैसी भारतीय सेना के प्रति संवेदनहीन है। ऐसी तुच्छ राजनीति से उन्हें बाज आना चाहिए। दरअसल, ओवैसी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के चार साल पूरे होने पर एक बयान में कहा था



कि हमारे तीन सैनिकों को पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने मार डाला और आप पाकिस्तान के साथ विश्व कप मैच खेलेंगे। इस बात पर क्यों हंगामा नहीं हो रहा, क्योंकि नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं, भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन ऐसा कोई बयान नहीं दिया जाना चाहिए, जिससे सैनिकों का मनोबल गिरे। वे दिन-रात देश की रक्षा में लगे हुए हैं। भारत का हर नागरिक चैन से सोता है, वह इस कारण की हमारी सेना देश के बार्डर पर रातभर जगकर उसकी रक्षा करती है। स्वाती सिंह ने ओवैसी को जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कई साहसिक कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री की आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की मुहिम जारी है। आतंकवादियों को शरण देने वालों को भी मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। इसके बावजूद औवेसी ऐसे बयान दे रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक बात है।

स्वाती सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर जम्मू-कश्मीर की जनता के लिए विकास की राह खोली है। आज जम्मू और कश्मीर शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान दे रहा है। औवेसी को नरेन्द्र मोदी सरकार के इस साहसिक निर्णय की सराहना करनी चाहिए। शायद उन्हें जम्मू—कश्मीर का विकास रास नहीं आ रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि सोये हुए को जगाया जा सकता है, सोने का अभिनय करने वालो को नहीं।

# हिमाचल में किशोर की पिटाई के मामले में सात लोग गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल में एक किशोर को कथित तौर पर कपड़े उतारने के लिए मजबूर करने और फिर सार्वजनिक रूप से पीटने के एक वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया है।
शिमला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील नेगी ने कहा कि 31 जुलाई को टिक्कर पुलिस चौकी से लगभग 100 मीटर की दूरी पर 14 वर्षीय लड़के को कपड़े उतारने के लिए मजबूर करने और फिर उसे सार्वजनिक रूप से पीटने में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कथित वीडियो प्रसारित होने के बाद यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोस्को) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने कहा कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया कि लड़के को कुछ सामान चुराते हुए एक दुकानदार ने पकड़ लिया, जिसने उसे सार्वजनिक रूप से निर्वस्त्र कर पीटा। स्थानीय मीडिया ने बताया है कि लड़के की मां कुछ समय से बीमार थी और उसने बीमारी के कारण दम तोड़ दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने इस घटना को दर्दनाक बताया और दावा किया कि उनकी आंखों में लाल मिर्च भी डाली गई।

# मद्रास विश्वविद्यालय अत्याधुनिक शोध में और अधिक निवेश करे : मुर्मू

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को मद्रास विश्वविद्यालय से अत्याधुनिक अनुसंधान में अधिक निवेश करने, अंतर-विषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया।
मुर्मू ने यहां मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने अनुसंधान और अकादमिक कठोरता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विश्वविद्यालय से अत्याधुनिक अनुसंधान में अधिक निवेश करने, अंतर-विषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया। विश्वविद्यालय को देश और दुनिया के सामने आने वाली समस्याओं का सीखने-आधारित समाधान खोजने में सबसे आगे रहना चाहिए।
राष्ट्रपति ने कहा कि आज के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी माहौल में शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने का दबाव, अच्छे संस्थानों में प्रवेश न पाने का डर, प्रतिष्ठित नौकरी न पाने की चिंता और माता-पिता तथा समाज की अपेक्षाओं का बोझ हमारे युवाओं में तीव्र मानसिक तनाव पैदा कर रहा है।
मुर्मू ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि हम इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक समाज के रूप में एक साथ आएं और एक ऐसा वातावरण बनाएं जो हमारे छात्रों के समग्र विकास और कल्याण को बढ़ावा दे।
छात्रों से आग्रह करते हुए कि वे कभी भी किसी चिंता को अपने ऊपर हावी न होने दें राष्ट्रपति ने उन्हें अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने और आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को ऐसा माहौल बनाना चाहिए जो दोतरफा संचार को बढ़ावा दे, जहां छात्र फैसले से डरे बिना अपने डर, चिंताओं और संघर्षों पर चर्चा करने में सहज महसूस करें।

# आगनबाड़ी केन्द्र में अन्न प्रशान और गोद भाराई कि निभाई गईं रस्में

## बाल गृह बालिका, बाल गृह शिशु का अध्यक्ष ने किया निरीक्षण , संस्था के पत्रावलियों के जॉच करने के दिये निर्देश

सोनभद्र । जिला संयुक्त चिकित्सालय में कन्या जन्मयोत्सव का निष्पादित हुआ कार्यक्रम तथा बेटी बचाओं - बेटी बढ़ाओं जागरूकता अभियान में तेजी लाने के निर्देश के साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारियों सँग अध्यक्ष ने की बैठक और शासन की योजनओं से पात्र व्यक्तियों को लाभन्वित करने को निर्देशित किये । इसके साथ ही केन्द्र एंव प्रदेश सरकार की योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने पर बेहद संजीदगी से बल दिए अध्यक्ष ने।

डॉ0 देवेन्द्र शर्मा अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी का भी निरीक्षण किया एवं साफ-सफाई व्यवस्था, आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय के सौन्दरीकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए उन्होनें जिला पंचायत राज



अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किये । निरीक्षण के दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जांय ।

इसके पश्चात अध्यक्ष ने आगनबाड़ी केन्द्र लोढ़ी प्रथम में पहुंचकर अन्न प्रशान व गोद भराई के रस्म अदायगी की। इस दौरान उन्होनें उपस्थित बच्चों से आगनबाड़ी केन्द्र पर सीधा संवाद किया और बच्चों द्वारा दिये गये जवाब पर प्रसन्नता व्यक्त की । अध्यक्ष ने जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी राबर्टसगंज में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सम्मलित हुए एंव शिशुओं को बेबी कीट, बेबी टावल व पौधों का वितरण किया और कहा कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाय । अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया और अस्पताल में दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा भी लिया।

अध्यक्ष ने कस्तूरबा गॉन्धी बालिका विद्यालय उरमौरा राबर्टसगंज का औचक निरीक्षण किया , इस दौरान उन्होनें ने विद्यालय में बालिकाओं को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया । अध्यक्ष जी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत हवा में गुम्बारे भी छोड़े तथा स्कूल की छात्राओं के साथ भोजन भी किया और छात्राओं को मिलने वाले भोजन के गुणवत्ता को भी परखा।

अध्यक्ष का निरीक्षण दायरा बढ़ता रहा और बाल गृह बालिका, बाल गृह शिशु तक भी पहुंचे निरीक्षण को ।निरीक्षण के दौरान संस्था की अधीक्षका द्वारा प्रस्तुत की गयी पत्रावलियों से अध्यक्ष असन्तुष्ट रहे और उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया सभी पत्रावलियों को तलब कर मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में संस्था के पत्रावलियों की जॉच कराये जाने को। उसकी आख्या मुख्यालय को प्रेषित करने के आदेश भी दिए।

# विधायक एंव डीएम ने वाटरफिल्टर वितरित किये

**सोनभद्र ।** डॉ0 अनिल कुमार मौर्य विधायक घोरावल तथा जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा आज ग्राम पंचायत पेढ़ के विद्यालय में टेराफील वाटर फिल्टर का वितरण किया गया ।

इस दौरान जिलाधिकारी ने टेराफील वाटर फिल्टर के उपयोग के बारे में ग्रामीणजनों को जानकारी दी उन्होंने बताया कि इस फिल्टर के जरिए आयरन युक्त पानी को शुद्ध व साफ किया जा सकेगा, जिससे स्वास्थ्य के लिए काफी कारगर और लाभदायक है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस गांव के हैंडपंप के पानी मैं आ रही आयरन की मात्रा अधिक है, इसलिए इस गांव का चुनाव किया गया है ।यहां के पानी में आयरन की मात्रा काफी है,जिसकी वजह से विभिन्न प्रकार की बीमारी होती रहती है, जैसे हड्डियों का टेढ़ा होना, खून में खराबी आना आदि लक्षण होते हैं। कहा कि इसके समाधान के लिए इस फिल्टर के माध्यम से इन बीमारियों पर काबू पाया जा सकेगा। टेरेफील फिल्टर वितरण कार्यक्रम के



अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया की इस फिल्टर का प्रयोग लगतार किये जाने से आयरनयुक्त पानी से होने वाली बीमारियों पर लगाम लगाया जा सकेगा और स्वास्थ्य ठीक रहेगा । उन्होंने बताया कि इस तरह की समस्या से बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ता है, जिससे उनकी दिमाग की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देता है। इसका सीधा असर पढ़ाई लिखाई पर पड़ता है । कहा कि इसलिए टेराफील वाटर फिल्टर आप लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस अवसर पर विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी द्वारा इस गांव का चयन किया गया है, यहां के लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध हो सके और स्वास्थ्य संबंधी समस्या से निजात मिल सके ।

विधायक ने कहा कि इस गांव के लोगों को शुद्ध पानी मिल सके इसके लिए जिलाधिकारी का यह कार्य काफी सराहनीय है। अपने उद्बोधन में विधायक ने लौह अयस्क , आर्सेनिक तथा अन्य प्रतिकूल एवं दुष्प्रभावी तत्व में यहाँ इलाके के भूतल में हैं जिसपर गौर करते हुए दूसरे ग्रामों व यहाँ के पश्चिमांचल में भी अन्य समस्या भी जल के सन्दर्भ में कभी सुनने में आई हैं।

इस मौके पर गांव के समूह की महिलाओं द्वारा फिल्टर के उपयोग करने की विधि की जानकारी विस्तार पूर्वक ग्रामीणों को दी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि समूह की महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर फिल्टर के उपयोग और इससे होने वाले लाभ की जानकारी दी जाएगी और लोगों में शुद्ध पानी पीने के लिए जागरूकता का प्रसार होगा।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, उप जिला अधिकारी घोरावल राजेश सिंह, डी सी मारेगा रमेश यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार, जिलाधिकारी स्टेनो रामाधार मानिक , जनप्रतिनिधि गण, ग्राम प्रधान सुभाष पटेल सहित अन्य संबंधित गण उपस्थित रहे।

# लावारिस पड़े मिले आधार कार्डों के मामले में पुलिस फिलहाल खाली हाथ

एजेंसी

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के सेंधवा में स्थित एक कॉलोनी के मैदान में लावारिस पड़े सैकड़ों आधार कार्डों के मामले में फिलहाल पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

सेंधवा के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कमल सिंह चौहान ने बताया कि गत 24 जुलाई को कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा कस्बे की सोनी कॉलोनी के मैदान में पाए गए आधार कार्डों के मामले में फिलहाल सफलता नहीं मिली है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से 2020 के बीच के उक्त आधार कार्ड सेंधवा के विभिन्न मोहल्ले में निवासरत लोगों के हैं। इस संबंध में सेंधवा के उप डाकघर को पत्र लिखा गया था, लेकिन जवाब नहीं आने पर रिमाइंडर भी प्रेषित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि मैदान में कटे-फटे, अध जले और सील्ड लिफाफे में पाए गए आधार कार्ड डाकघर से संबंधित है, इसलिए उन्हें पत्र और रिमाइंडर भेजा गया।

विवेचना अधिकारी सी एस चौहान ने बताया कि उप डाकघर ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा है।

उप डाकघर सेंधवा के तत्कालीन उप डाकपाल सचिन पाटीदार ने बताया कि आधार कार्ड पंजीकृत डाक से नहीं आते हैं और अगडनीय होते हैं, जिन्हें वितरित नहीं किए जाने पर पोस्ट ऑफिस में जमा कर दिया जाता हैं। उन्होंने बताया कि यह लोक सेवा केंद्र से भी संबंधित हो सकते हैं।

डाक विभाग बड़वानी के उप संभागीय निरीक्षक रवि पटेल ने बताया कि वह इस मामले में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई दोषी पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## दोस्ती

दो दिनों में नहीं होती दोस्ती
यह तो जज्बा है, जुनून है,
कई जन्मों का है यह बंधन
पसीना नहीं, मांगता खून है।

दोस्त का हलक सूखे, तो
होता प्यास का अहसास,
दोस्त को हो भूख की दरकार जब
तो उठती भूख की हूक पास- पास।

एक सोचता है जिस सोच को
वही बोल उठता है दूसरा,
दृष्टिकोण की दूरियां नहीं होती
राग नहीं होता कभी बेसुरा ।

तन भले दिख रहे अलग -अलग
एक होती धड़ की धड़कनें ,
विचार में होती है साम्यता
न होता तनिक अंतर, न अड़चनें।

जीवन पथ पर मिल जाए मित्र एक भी
समझ लेना जिंदगी का सारथी मिल गया,
दुर्भाग्य से कूदना पड़े कुरुक्षेत्र में भी कभी
श्रीकृष्ण बन, पराजित न होने देगा कभी ।

दोस्ती में दान व अनुदान देकर
कभी नहीं हरता दोस्त का स्वाभिमान,
दोस्त अभिमान नहीं करता कभी
वह तो देता है जान व जहान ।

दोस्ती का मान रखा श्रीकृष्ण ने
मित्र सुदामा को दे दिया दो लोक,
गौरव, गरिमा दे हुए आभारी
आज पूज रहा है तीनों लोक ।

मित्रता में कुछ मांगी नहीं जाती
आभास होते ही होता है समर्पण,
यह अहसास का अनंत रस्म है यारों
यहां तन -मन- धन ही नहीं,
दोस्त करते हैं आत्मा का अर्पण
आत्मा का अर्पण ।



राजीव गौतम
बिहार/दिल्ली एनसीआर
(मौलिक,स्वरचित ).

### एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष का शानदार समापन

भोपाल। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर साहित्य को जन जन तक पहुंचाने, साहित्य सृजन और संरक्षण करने की प्रतिज्ञा के साथ एशिया के सबसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय साहित्य उत्सव उन्मेष का आज यहां शानदार समापन हुआ। अंतिम दिन आदिवासी कवि सम्मेलन के साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत, नारीवाद साहित्य और साहित्य के मूल्य ,भारत के महाकाव्य ,भारत की सौम्य शक्ति , स्वतंत्रता आंदोलन में पुस्तकों की भूमिका और भारतीय भाषाओं में प्रकाशन पर विचार विमर्श हुआ। एस एल भैरप्पा, सुरजीत पातर, विश्वास पाटिल,प्रयाग शुक्ल, के. शिवा रेड्डी, आलोक भल्ला, वसंत निरगुने,रमेश आर्य, मदन मोहन सोरेन और महादेव टोप्पो आदि ने अपने विचार रखें। नारीवाद और साहित्य विषय पर महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात लेखिका और प्रकाशक नमिता गोखले ने कहा कि सही मायने में नारीवाद का मतलब सभी के लिए समान दृष्टि होना है। उन्होंने प्राचीन काल से महिलाओं द्वारा लिखे साहित्य की चर्चा करते हुए कहा कि लेखन की परंपरा आज भी जारी है।

# आरजेएस-पीबीएच के वार्षिक सम्मेलन में दिखा राष्ट्रीय एकता का नजारा

## अमृतकाल का सकारात्मक भारत पुस्तक का हुआ विमोचन

दिल्ली। वंदे मातरम् और राष्ट्रगान की गौरवमयी गूंज के बीच आज रविवार को राजेन्द्र भवन आडिटोरियम , नई दिल्ली में देश भर से आए सकारात्मक बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच आरजेएस-पीबीएच का वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ ।

उदघाटन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता नीति एक्सपर्ट व कंज्यूमर आनलाइन फांउडेशन के संस्थापक प्रो. विजॉन मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और प्रकृति सकारात्मक है।

सकारात्मकता से ही भारत जगतगुरु बन सकता है। इसलिए हमें सकारात्मक बनना होगा । सरकार सकारात्मकता को बढ़ावा दे रही है,लेकिन बगैर समाज के सकारात्मक समर्पण से यह संभव नहीं है।
आरजेएस-पीबीएच सकारात्मकता के अभियान को बगैर थमे आठ वर्षों से चला रहा है।
आज इसके 150वें कार्यक्रम में हम सभी शामिल हैं। इसके लिए आरजेएस के संस्थापक उदय कुमार मन्ना धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भारत उदय से अमृत काल का भारत बनाने में देश भर के सकारात्मक योद्धा जुटे हैं,जो 2047 तक के लिए संकल्पित हैं। मौके पर प्रो. विजॉन को लाइफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।



सम्मानित किए गए सकारात्मक कार्यों से समाज निर्माण करने वाले व्यक्तित्व



मुखपत्र का शुभारंभ करते अतिथि

बाद में प्रो. वीजॉन, आरजेएस ...पीबीएच के राष्ट्रीय संयोजक उदय कुमार मन्ना ने पीएसएआईआईएफ के वाइस चेयरमैन प्रफुल्ल डी सेठ,रंजन बेन एमसीडी के पूर्व निदेशक दीपचंद्र माथुर,सचिव सोमैन कोले, योग कवि प्रेम भाटिया,दीदेवार प्रमुख सुरजीत सिंह कोहली ,कवि अशोक कुमार मलिक को भी सकारात्मक योद्धा कहते हुए मोमेंटो से सम्मानित किया।

अतिथियों ने अमृत काल का सकारात्मक भारत नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए पुस्तक और राष्ट्रीय तिरंगा प्रतीक से बिहार,दिल्ली गुजरात,तेलांगना,हरियाणा, यू.पी, पश्चिम बंगाल ,पंजाब आदि राज्यों के नामचीन साहित्यकारों, पत्रकारों,सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया ।इनमें अंतर्राष्ट्रीय साहित्य-संस्कृति-प्रकृति फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार राजीव गौतम , डॉ मुन्नी कुमारी ,प्रेम प्रभा झा,ए.के.मर्चेन्ट आदि शामिल हैं । दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता पद्मश्री से सम्मानित डॉ जितेन्द्र सिंह शंटी ने कहा कि आजादी की रक्षा के लिए देशवासियों में तिरंगे के प्रति सकारात्मक सोच जरुरी है।आरजेएस का सकारात्मक भारत आंदोलन - राष्ट्र प्रथम ,भारत एक परिवार और विश्व एक घर को चरितार्थ कर रहा है।

अध्यक्षता करते हुए आरजेएस के राष्ट्रीय संयोजक उदय कुमार मन्ना ने कहा कि राम जानकी संस्थान आठ सालों से लोगों में राष्ट्रीयता, मानवता, मुस्कान, आत्मीयता,मित्रता,शांति-सदभाव की भावना भरने के लिए व्यापक अभियान चला रहा है। युवाओं को जोड़ा जा रहा है,जो इसे 2047 और आगे तक ले जाएँगे । सम्मेलन में वरिष्ठ पत्रकार व लेखक अरविन्द कुमार सिंह ने कहा कि मीडिया को बेजुबानों की आवाज बननी चाहिए। वो किसानों-मजदूरों की बात करे,चूंकि वह राष्ट्र निर्माता है।

यही सकारात्मक पत्रकारिता है। सकारात्मक पत्रकारिता अच्छे कार्यों और अच्छे व्यक्तित्वों को उभारता है। पूर्व कुलपति प्रो. योगेश ने भी सकारात्मकता के विस्तार और प्रसार पर जोर दिया । धन्यवाद ज्ञापन कृषि विकास शिल्प केन्द्र,कोलकाता के सचिव सोमैन कोले ने किया।

CMYK CMYK CMYK CMYK